फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -193, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 2

**लापरवाही का गड्ढा**



राजधानी लखनऊ में रविवार को विकास नगर के सेक्टर-4 में अचानक सड़क धंसने से 20 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। अचानक जमीन धंसने से उधर से गुजर रही एक कार गड्ढे में आधी लटक गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, स्थानीय लोगों ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कार सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यहां जल निगम ने पिछले वर्ष सीवर लाइन बिछाने को खुदाई कराई थी, सड़क बनने के कुछ माह बाद ही गहरा गड्ढा हो गया था, अब फिर मामूली बारिश ने लापरवाही की पोल खोल दी।

**परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी**

# जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे।



● गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

### प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

### आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

**प्रयागराज।** आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।

**एक नजर**

### रिश्वतखोरी में एनएचएआई के महाप्रबंधक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक (जीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपये की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं। काले और 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा तिथियों में बदलाव संभव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

### कश्मीर में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि खराब मौसम के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया। फरीद की पत्नी फल्ला और बेटियों नसीमा, सफीन और समरीन की मौत हो गई। एक और घर ढहने में 60 वर्षीय कालू और उसकी पत्नी बानो बेगम घायल हो गए।

# बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

## कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की



रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।


बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला रविवार को दिन भर जारी रहा और प्रदेश में कई जगह जमकर ओले गिरे। रविवार को दिन में तीन बार राहत विभाग ने अलर्ट जारी किया।

### मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसों, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

# शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



● कश्मीर का राग अलापा

# किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

**बदली रणनीति**

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

### 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

# आसनसोल से नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी। पवन ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार



● भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के कई गाने असभ्य हैं

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास



**नई दिल्ली।** मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की। हर्षवर्धन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह 30 साल से अधिक के शानदार चुनावी करियर के बाद अपनी जड़ों की ओर लौटेंगे। 'मैं यह स्वीकार करता हूं कि मुझे भारत के इतिहास में सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।

# वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश



जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा कि आपके चाचा (नीतीश कुमार) दोबारा पाला बदल सकते हैं, लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना।

● जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

### मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद यादव ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक जवान हुआ शहीद

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है।

कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार, हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है।

● जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली भी मारा गया

# पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

**अमृत विचार :** वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

### 26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुलतानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र 10

'लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।

-**राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

### अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

# नोएडा के मॉल में लोहे का ढांचा गिरा, दो लोगों की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में रविवार सुबह लोहे का एक ढांचा गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस ढांचे पर होर्डिंग लगाया जाना था। मध्य नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत स्थित ब्लू स्क्वायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे का ढांचा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय हरेंद्र भाटी व शकील (35) के तौर पर हुई है। कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा उनकी शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। रविवार का दिन होने की वजह से मॉल में बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे।


● होर्डिंग लगाने को 5वीं मंजिल पर लगाया गया था ढांचा





# शार्दुल का शतक, मुंबई ने 207 रन की हासिल की बढ़त

## रणजी सेमीफाइनलः ठाकुर की 109 की शतकीय और तनुष की नाबाद 74 रन की पारी तमिलनाडु पर पड़ी भारी



**मुंबई, एजेंसी**

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आरसाई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह

- मुंबई ने 9 विकेट पर 353 रन बनाए, साई किशोर ने मुंबई के 5 विकेट झटके

2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर 2 विकेट) का शिकार हुए। कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं। देशपांडे 17 रन और कोटियान 109 गेंद में 10 चौके से 74 रन बनाकर क्रीज पर हैं। बीकेसी मैदान पर साई किशोर का तेज गेंदबाजों के मुफीद पिच पर खुद गेंदबाजी का फैसला हैरानी भरा लगा, लेकिन तमिलनाडु के कप्तान और इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले साई किशोर ने मुंबई के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। उन्होंने पहले सत्र में 17 ओवर में 6 मेडन से 28 रन देकर 4 विकेट लिए। रात्रिप्रहरी मोहित अवस्थी (2) को स्टंप आउट कराने के बाद साई किशोर ने अजिंक्य रहाणे (19) को पहली स्लिप में कैच आउट कराया।

# हिमांशु की शतकीय पारी से मप्र मजबूत

**नागपुर, एजेंसी**



हिमांशु मंत्री ने रणजी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ शतक जड़ा, जिससे मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु ने 265 गेंद में 13 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रन बनाए। उनके शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए हैं।

विदर्भ की टीम 69 रन पीछे है। हिमांशु के बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 1 विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर 3 विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म किया। मध्यप्रदेश ने 12 रन के अंदर 2 और विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज उमेश यादव (40 रन पर 3 विकेट) ने कप्तान शुभम शर्मा को बोल्ड किया जबकि ठाकुर ने वेंकटेश अय्यर (0) को पगबाधा किया। हिमांशु को सागर सोलंकी (25) और जैन का अच्छा साथ मिला। हिमांशु ने पांचवें विकेट के लिए सोलंकी के साथ 42 जबकि छठे विकेट के लिए जैन के साथ 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवते और ऑफ स्पिनर अक्षय वाखरे (68 रन पर 2 विकेट) ने मप्र के बल्लेबाजों को परेशान किया। ठाकुर ने वाखरे की गेंद पर 1 रन के साथ शतक पूरा किया। वाखरे ने अपनी गेंद पर कैच लपक कर उनकी शतकीय पारी को खत्म किया।

## खेल डायरी

### मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में



सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**सैन डिएगो, एजेंसी।** यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

### विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

### मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

### टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

## भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

**दुबई, एजेंसी**



दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

# लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

**वेलिंगटन, एजेंसी**

टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त



इंग्लिश प्रीमियर लीग

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

**वेलिंगटन, एजेंसी**



तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।



# बॉलीवुड हलचल

## पैसा वसूल फिल्म है योद्धाः राशि



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज



**मुंबई।** गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है।इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

## झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा



**मुंबई।** बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है।मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

### फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई


मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

## 'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय



**मुंबई।** अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

## अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी



**मुंबई।** अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2 .0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2 .0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बारिश से गेहूं, सरसों के साथ आलू को भारी नुकसान

○ रविवार को 21.4 मिमी. दर्ज की गई बारिश, किसान हुए परेशान ○ आज भी तेज हवा के साथ बारिश व ओलावृष्टि के आसार


अकबरपुर में बारिश के दौरान गिरते ओले। अमृत विचार


रूरा में बारिश व ओलावृष्टि से खेत में गिरी गेहूं फसल को देखता किसान।


शिवली क्षेत्र के बैरी दरियांव के रास्ते में बारिश के जलभराव से निकलते लोग।

## बिगड़ा मौसम

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में दो दिन बारिश के बाद रविवार की सुबह मौसम और खराब हो गया। सुबह करीब आठ बजे तेज हवाओं के साथ जिले भर में बारिश व ओलावृष्टि हुई। ऐसे में गेहूं, सरसों, आलू, मटर समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है। रविवार को पूरे दिन 21.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है।

मौसम विभाग ने 2 से 4 मार्च के बीच बारिश की आशंका जताई थी, लेकिन जिले में इससे पहले ही मौसम बिगड़ गया। एक मार्च की शाम से ही बादल छाए रहने के साथ देर रात बूंदाबांदी भी होती रही। जिसके चलते किसान परेशान थे। वहीं शनिवार को भी पूरे दिन रुक-रुककर बारिश होती रही। किसानों की परेशानी रविवार को उस समय और बढ़ गई। जब सुबह तेज हवा के साथ अकबरपुर समेत राजपुर, मूसानगर, शिवली, पुखरायां, रनियां, सिकंदरा, रसूलाबाद, रूरा समेत अन्य जगहों पर तेज बारिश व ओलावृष्टि हुई। जिले में अधिकतर किसान गेहूं की खेती करते हैं। तेज हवाओं व ओलावृष्टि के चलते खेत में ही गेहूं की फसल गिर गई थी। ऐसे में सर्वाधिक संख्या में गेहूं किसान प्रभावित हुए है। इतना ही नहीं अब गेहूं की फसल गिरने से उपज प्रभावित होने की आशंका सता रही है। बारिश व ओलावृष्टि से खेत में कटी पड़ी सरसों की फसल भी पूरी तरह भीग कर दाने झड़ गए हैं। वहीं मटर, जौ, आलू की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई है। साथ ही आज भी तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ बारिश व ओलावृष्टि हो सकती है।

‘गेहूं गिरने से दाना पतला रहने के साथ ही बदरंग भी हो जाता है। किसान फसल नुकसान होने पर उनके कार्यालय, बीमा कंपनी, संबंधित केसीसी वाले बैंक में तत्काल सूचना दे सकते हैं। जिसका भौतिक सत्यापन कराकर मुआवजा दिलाया जाएगा।’

**-डॉ. उमेश कुमार गुप्ता जिला कृषि अधिकारी**

### जिले में बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था

शनिवार दिन व रात में बारिश के चलते जिले के अधिकांश जगहों पर बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई। अकबरपुर नगर में रात दस बजे के आसपास बिजली की आंखमिचौली शुरू हो गई। रात भर में बमुश्किल एक से दो घंटे ही बिजली आपूर्ति हो सकी। यह स्थिति रविवार दोपहर तक रही। बिजली न आने के कारण जलापूर्ति भी प्रभावित हुई और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस गिरा

शुक्रवार रात से हो रही बारिश की वजह से रविवार को अधिकतम तापमान में भी 2.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यह 23.2 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को हल्की ठंड का भी अहसास हुआ।

### पलेवा के बाद मक्का की फसल होगी लेट

तमाम किसानों ने आलू खोदाई के बाद मक्का बुआई के लिए खेतों में पलेवा करवा दिया था। यदि इस समय बारिश न हुई होती, तो आठ दिन में मक्का की बुआई होना शुरू हो जाती। बारिश की वजह से अब इन खेतों में मक्का की बुआई में करीब 20 दिन की देरी होना तय माना जा रहा है। इससे फसल पकते वक्त बारिश का अंदेशा बढ़ना तय माना जा रहा है।


आलू की खुदाई करने में किसान जुटे थे, लेकिन बारिश व ओला गिरने से परेशानी बढ़ गई है। अब आलू की खुदाई रुक जाएगी। वहीं बाद में भी मिट्टी गीली होने के चलते आलू में चमक नहीं रहेगी।

**-अमर सिंह किसान मूसानगर**


तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल पूरी तरह खेतों में बिछ गई है। ऐसे में इस बार उत्पादन 20 प्रतिशत तक कम होना तय है। आगे भी अगर बारिश होती रही तो गेहूं का दाना भी काला पड़ जाएगा।

**-राजा सिंह किसान मूसानगर**


कुदरत की मार से किसान परेशान हैं। पहले मटर और मसूर बर्बाद हुई। गेहूं से कुछ आस थी। बारिश व ओलावृष्टि से वह भी खेत में बिछ गया है। सरसों की कटी फसल भी भीग गई है और दाने झड़ गए हैं।

**-गजराज किसान मूसानगर**


भारी बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल खेत में ही बिछ गई। चना, मटर, मसूर की कटी फसल उड़कर एक दूसरे खेतों में पहुंच गई। भारी नुकसान हुआ है और फसल की लागत तक निकालना मुश्किल होगा।

**-मनमोहन सिंह किसान रसूलाबाद**

### आलू की खुदाई व सरसों की थ्रेसिंग रुकी

बारिश व ओलावृष्टि के चलते आलू की खुदाई का काम रूक गया है। जिले में लगभग आलू की फसल पककर तैयार है। इसकी खुदाई का काम तेजी से चल रहा है। बारिश व ओलावृष्टि होने से खुदाई का काम रुक गया है। वहीं बाद में भी आलू की चमक फीकी रहेगी। सरसों की थ्रेसिंग भी रुक गई है।

### बारिश से सब्जी की फसलों को संजीवनी

बारिश से भिंडी, तरोई, पालक, मेंथी, लौकी आदि लहलहा उठी हैं। कृषि अधिकारी ने बताया कि सब्जी फसलों को फिलहाल सिंचाई की आवश्यकता थी, जो बारिश के साथ पूरी हो गई है। सब्जी फसलों की ऊंचाई अधिक नहीं होने की वजह से उस पर तेज हवा का भी असर नहीं पड़ा है।

### मौसम में बदलाव से इन बातों का रखें ध्यान

जिले में पिछले तीन दिन मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। ऐसे में वायरल, खांसी और जुकाम की चपेट में लोग आ रहे हैं। अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि सुबह-शाम मौसम में नमीं होती है। इसलिए पूरे कपड़े पहनें। दिन में कई बार मौसम परिवर्तित होने से लोग बीमार हो रहे हैं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। अभी पंखे का इस्तेमाल न करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले पदार्थों का इस्तेमाल करें। मौसमी फलों और सब्जियां ज्यादा खाएं। तला-भुना का सेवन करने से बचें।


शिवली क्षेत्र में फसल नुकसान को देखते अधिकारी। अमृत विचार

### कीचड़ व जलभराव बना मुसीबत

जनपद में रविवार को हुई जोरदार बारिश व ओलावृष्टि से जगह-जगह कीचड़ व जलभराव की स्थिति हो गई। शिवली क्षेत्र के बैरी दरियांव में सड़क पर भीषण जलभराव होने के कारण तालाब सा नजारा रहा। जिसके बीच से होकर लोग आवागमन करने को मजबूर रहे। इसी तरह अकबरपुर नगर पंचायत की पोस्टमार्टम हाउस, बिजली घर, साइबर थाना जाने वाली खस्ताहाल सड़क के गड्ढों में पानी भरने से अधिकारियों व राहगीरों को परेशानी हुई।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की तेज टक्कर से वृद्ध का हाथ टूटा

**रूरा।** थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव में शनिवार शाम सोबरन (62) अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी जिनई चौराहे की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गए और उनका हाथ टूट गया। पुत्र सत्यनारायण ने घायल पिता को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर को हिरासत में लिया है।

### हाईस्कूल छात्रा के लापता होने में तीन पर केस दर्ज

**रूरा।** हाईस्कूल की परीक्षा देने गई छात्रा के लापता होने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री बीते गुरुवार को हाईस्कूल की परीक्षा देने पास गांव के कालेज में गई थी। उसके बाद से घर वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद भी छात्रा का कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित ने गांव के ही अंकित कुशवाहा, सत्यम पाल व ऋषभ पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष डीएन दुबे ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

### प्रोजेक्ट नई किरण में तीन मामलों में समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 29 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों के समझाने पर तीन परिवारों में समझौता करा दिया गया। महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, थानाध्यक्ष महिला थाना सुमन दीक्षित, कांस्टेबल आरती, इन्दू, जानकी देवी, रामा देवी, अंतिम श्योरन व सदस्य डॉ. पूनम गुप्ता मौजूद रहीं।

## फिर टिकट मिलने पर भोले पहुंचे भोलेनाथ के द्वार

संवाददाता शिवली/रनियां

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से तीसरी बार टिकट पाने के बाद सांसद ने शिवली के जागेश्वर मंदिर में पूजन किया। वहीं रनियां में कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर आतिशबाजी की।

भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने पर रविवार की सुबह अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले शिवली स्थिति जागेश्वर मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। देव दर्शन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। सांसद ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनपर तीसरी बार भरोसा जताया है। लोकसभा की जनता भी तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने का काम करेगी। इस दौरान कुलदीप त्रिपाठी, राजकुमार तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, चंदन तिवारी, शालू बाजपेयी, अनुभव मिश्रा, अवनीश शुक्ला सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत रनियां में युवाओं ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले को तीसरी बार भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी और जमकर आतिशबाजी भी की। इस दौरान अभिषेक सिंह, पिंकू भैया, महेश त्रिवेदी एडवोकेट, छोटेलाल गौतम, इसरार सिद्दीकी, शिवम सिंह, अमित सिंह, दीपक तिवारी, शैलेश यादव, चिंकी शर्मा, बाबू कठेरिया, बबलू कठेरिया, जितेंद्र मिश्रा, राजू साहू, बउवा लाल यादव, मो. आरिफ, अनिल त्रिवेदी, शिवम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।


शिवली के जागेश्वर मंदिर में पूजन करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।


रनियां में लोगों का मुंह मीठा कराते भाजपा पदाधिकारी।

● **रनियां में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का कराया मुंह मीठा, जमकर आतिशबाजी**

## बाइक की टक्कर से गंभीर घायल किसान की मौत

**रूरा।** बाइक सवार की टक्कर से घायल किसान की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है।

रूरा थाना क्षेत्र के वीरपुर नकसिया निवासी सरला देवी ने बताया कि उसके पति हरिश्चंद्र (48) 2 मार्च की दोपहर में खेतों से घर की तरफ आ रहे थे। तभी लम्हरा गांव के समीप शिवली की तरफ से आ रहे भोला निवादा निवासी बाइक सवार ने हरिश्चंद्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की मदद से उनको गंभीर अवस्था में कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## सार-संक्षेप


राजू चौहान को माला पहनाकर स्वागत करते पूर्व जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी।

### राजू चौहान ने भाजपा की फिर ली सदस्यता

**कानपुर देहात।** केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा के प्रतिनिधि व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम सिंह सिसौदिया के जनसंपर्क कार्यालय में रविवार को राजू चौहान को भाजपा की दोबारा सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमोहन गुप्ता, प्रदीप सिंह राजावत, रजत ओमर, रोहित, प्रांशू शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।


श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर रूरा थाना ग्राउंड में होता भूमि पूजन।

### श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

**रूरा।** क़स्बा के थाना ग्राउंड में श्रीविष्णु महायज्ञ व मानस संगीत सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसी के चलते रविवार को थाना ग्राउंड में भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन संदीप कश्यप रिंकू, रजोल शुक्ला, विनोद सक्सेना, श्यामू ओमर, निशांत सिंह, अमर सिंह, आशुतोष मिश्रा, छोटे भईया, केके बाजपेई, बबलू कुशवाहा, रामकुमार शुक्ला, छुन्ना तिवारी, रामबाबू शुक्ला, प्रमोद शुक्ला आदि कई लोग मौजूद रहे।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**मंगलपुर।** दत्तपुर गांव में युवक ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। मंगलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दत्तपुर गांव निवासी सुरेंद्र के बेटे अभिषेक (28) ने शनिवार की देर शाम घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पत्नी मन्ना देवी जब कमरे में बुलाने गई तो अभिषेक को फंदे पर लटकते देखा तो घर में कोहराम मच गया।

## यूपी इन्नोवेशन फार्मर एवार्ड में चयनित हुए किसान राजकुमार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लेमनग्रास उत्पादन करने वाले बरौर निवासी किसान को यूपी इन्नोवेशन फार्मर एवार्ड-2024 लखनऊ में कार्यक्रम के दौरान दिया गया है। उप निदेशक कृषि राम बचन राम ने बताया कि एक से तीन मार्च तक उत्तर प्रदेश एग्रोटेक किसान मेला, प्रदर्शनी एवं यूपी इन्नोवेशन अवार्ड 2024 का आयोजन राष्ट्रीय कृषि एवं खाद्य परिषद नई दिल्ली तथा कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राष्ट्रीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ में आयोजित किया गया था। जिसमें रविवार को जनपद के बरौर निवासी किसान राज कुमार त्रिपाठी को लेमनग्रास उत्पादन में इन्नोवेटिव कार्य करने के लिए यूपी इन्नोवेशन फार्मर एवार्ड-2024 के लिए चयनित किया गया है। यह अवार्ड निदेशक राष्ट्रीय कृषि एवं खाद्य परिषद नई दिल्ली तुषार शर्मा ने प्रदान किया। पुरस्कार के रुप में किसान राज कुमार त्रिपाठी को 11 हजार रुपये व स्मृति चिंह प्रदान किया गया। जनपद का नाम रोशन करने पर अधिकारियों ने किसान को बधाई दी है।


किसान राजकुमार को यूपी इन्नोवेशन फार्मर एवार्ड देते निदेशक राष्ट्रीय कृषि एवं खाद्य परिषद तुषार शर्मा।

● **लेमनग्रास उत्पादन में इनोवेटिव कार्य पर किसान को मिला पुरस्कार**

## बाइक फिसलने से पीछे बैठी महिला की मौत

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** बाइक फिसलने कर गिरने से पीछे बैठी महिला घायल हो गई। सीएचसी से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया।

सट्टी थाना क्षेत्र के दिबैर जिगना गांव निवासी रामकली (52) रविवार की सुबह रिश्तेदार के साथ बाइक में बैठकर जा रही थी। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के गुरदही बंबा के पास संदलपुर मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय के सामने अचानक बाइक बारिश के पानी में फिसल गई। जिससे बाइक में बैठी रामकली गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सिकंदरा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


रामकली।

धर्म अध्यात्म — आश्रम में आज आयोजित होगा विशाल भंडारा, दूरदराज से प्रसाद लेने आएंगे श्रद्धालु

## गौरियापुर आश्रम में महायज्ञ में दी पूर्णाहुति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के गौरियापुर स्थित श्रीरामजानकी आश्रम व संस्कृत विद्यालय परिसर में आयोजित 28वें श्रीहरिहरात्मक पंचकुंडीय महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ विश्राम हो गया।

रविवार को भारी बारिश के चलते कार्यक्रम में व्यवधान हो गया। जिसपर मंच को स्थानांतरित कर संस्कृत महाविद्यालय के हाल में ले जाया गया। जहां पर प्रतिदिन की भांति श्रीमद्भागवतमहापुराण कथा व प्रवचनमंच आज देर शाम तक चलता रहा। कथा समापन के दिन आश्रम के महंत देवनारायण दास जी ने कहा कि प्रतिवर्ष चलने वाला यह विशाल यज्ञ सभी के उदारतापूर्ण सहयोग से संपन्न होता है। मानव जीवन कल्याण के लिए सत्संग बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो लोग कार्यक्रम में किसी कारण से शामिल नहीं हो सके हैं। वे सोमवार को भंडारा में आकर प्रसाद जरूर प्राप्त करें। यज्ञशाला में यज्ञाचार्य राज नारायण त्रिपाठी ने सहयोगी आचार्यों के साथ श्रीफल समर्पित कर पूर्णाहुति कराई।

इस पावन अवसर पर पंडित प्रमोद जी पांडेय ने राजा परीक्षित मोक्ष कथा सुनाते हुए कहा कि यदि मनुष्य चाहे तो अपने जीवन को परमार्थ के मार्ग में अग्रसर कर कल्याण कर सकता है। जैसे राजा परीक्षित ने सप्ताह भर की अवधि में अमरत्व प्राप्त कर लिया। इसके पूर्व कानपुर के भागवत व्यास पंडित श्याम किशोर द्विवेदी, नरेंद्र आचार्यजी, प्रशांतजी मिश्रा आदि ने भी नवयोगीश्वर का संवाद, दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की कथा, सुदामा चरित्र, सूर्यग्रहण का वर्णन, भगवान के विवाह आदि की अनेक कथाएं सुनाई। पंडित सत्यम शुक्ला ने महाभारत के अंतर्गत कुंती माता की कथा सुनाई। पंडित राहुल मिश्रा ने शिक्षा का महत्व, पंडित राम भरोसे द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी आदि विद्वानों ने सत्संग के बारे में बताया।

संस्कृत विद्यालय के आचार्य डॉ. राजेश शुक्ला, संत श्रीराघव दास जी, बाबा रामकृष्ण दास, रामचरण दास, डॉ. रामनरेश त्रिपाठी, वेदनारायण पांडेय, राकेश शुक्ला, योगेश्वरनाथ अवस्थी, राहुल त्रिपाठी, गणेशजी गर्ग, तबला वादक लक्ष्मी नारायण कश्यप, मोतीलाल कश्यप, बाबूराम यादव, कुलदीप कुशवाहा, दुलारे कुशवाहा, प्रधान सरवन तिवारी, गंगा सिंह आदि रहे।


आश्रम के महंत देवनारायण दासजी का माल्यार्पण करते राघवदास जी।

## हादसों में ट्रक चालक खलासी समेत 3 घायल

**सिकंदरा।** तहसील गेट के सामने मुगल रोड पर आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेकर आने पर ब्रेक मार दी। जिससे पीछे से आ रहा ट्रक भिड़ गया और चालक-परिचालक घायल हो गए। वहीं बाइक फिसलने से एक युवक गिरकर घायल हो गया।

सिकंदरा तहसील गेट के सामने इटावा की तरफ जाने वाले मुगल रोड पर दो ट्रक आगे पीछे चल रहे थे। आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेकर आने पर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे वाले ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में भिड़ गया। हादसे में ट्रक चालक भरतपुर जिले के शकरपुर निवासी टीकम सिंह व औरैया के नगला विजई कुदरकोट निवासी परिचालक निखिल यादव जख्मीं हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी सिकंदरा भेजा। वहीं शनिवार देर रात डेरापुर के हथूमा निवासी जयराम बाइक पर घर जा रहा था। तभी फिसलने से वह घायल हो गया।


हादसे के बाद मुगल रोड पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।

## वन दरोगा ने बनाया विभाग की जमीन पर मकान!

**रसूलाबाद।** वन दरोगा पर विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बने होने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लाक अध्यक्ष ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। रसूलाबाद वन रेंज में अपने ही गृह जनपद में तैनात वन दरोगा पर विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बने होने का आरोप लगाते हुए भाकियू ब्लाक अध्यक्ष रनवीर यादव ने एसडीएम को बताया कि दरोगा अपने चहेतों को वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कराकर मकान व खेतीबाड़ी कराकर मोटी रकम वसूलता है। इस दौरान मुन्नी लाल, बीरेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बावत एसडीएम नीलमा यादव ने बताया कि मामले में जांच कराई जाएगी।

हेलो डाक्टर
आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखों में खुजली होना एवं आँखो में दर्द बने रहना जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि प्रिया से करें सवाल।
दिनांक 04 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805718

# शरीर में कहीं भी छिपे कैंसर का पता लगाना होगा बेहद आसान

## जीएसवीएम मेडिकल कालेज में पेट मशीन लगाने के लिए शासन से मिली अनुमति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शरीर में विकसित हो रही कैंसर कोशिकाओं का आसानी से चल सकेगा पता

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अब शरीर में छिपे किसी भी अंग के कैंसर की जांच संभव हो सकेगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज में जल्द ही पीईटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी, इस संबंध में कॉलेज प्रशासन को शासन से हरी झंडी मिल गई है, कॉलेज प्रशासन अब प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगा। मशीन की मदद से कैंसर का प्रथम स्टेज में ही पता लगाना और मरीज का इलाज शुरू करके जान बचाना आसान हो जाएगा।

रावतपुर में जेके कैंसर संस्थान होने के बावजूद जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में कैंसर के मरीज इलाज के लिए अधिक आते है। इसका मुख्य कारण बीते दो वर्षों में मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में कैंसर की सफल व जटिल का सर्जरी होना है। कैंसर की कोशिकाएं शरीर के किसी भी अंग में विकसित हो सकती हैं। ऐसे में विकसित हो रही कोशिकाओं की शुरुआती दौर में ही पकड़ने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक पाजिट्रान एमिशन टोमोग्राफी (पेट स्कैन) मशीन लगाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। अब मशीन के संबंध में कॉलेज प्रशासन को हरी झंडी मिल गई है। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि शरीर के किसी भी अंग में विकसित हो रही कैंसर की कोशिकाओं को आसानी से पता लगाने के लिए पेट मशीन की जरूरत से उच्चाधिकारियों को बताया गया था। अब हरी झंडी मिलने पर प्रस्ताव तैयार कर जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। शासन ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, आगरा, मेरठ व प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में कैंसर की जांच के लिए आधुनिक मशीन लगाने का निर्णय लिया था। मशीन आने से यहां कैंसर की अत्याधुनिक जांच हो सकेगी।

### हृदय रोग व मस्तिष्क विकारों का भी चल सकेगा पता

पीईटी (पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) स्कैन एक इमेजिंग परीक्षण है, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों के निदान के लिए रेडियोधर्मी सामग्री का उपयोग करता है। इसमे मौजूद पीईटी स्कैनर कैंसर ग्रस्त कोशिकाओं का पता लगाता है, जो बड़ी मात्रा में रेडियोट्रैसर को अवशोषित करते हैं, जो संभावित स्वास्थ्य समस्या का संकेत देता है। कैंसर का निदान करने और कैंसर के इलाज का आकलन करने में काफी कारगर है। इससे न सिर्फ ट्यूमर का पता लगाया जा सकता, बल्कि हृदय रोग, मस्तिष्क विकारों और अन्य स्थितियों का पता लगाकर उनका निदान करना आसान होगा।

# साढ़े तीन सौ लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



भाजपा की सदस्यता लेने के बाद जिलाध्यक्ष के साथ पदाधिकारी।

**कानपुर देहात।** सपा व अन्य पार्टियों से साढ़े तीन सौ से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रनियां-विधानसभा के नेता व सभासद विशाल सिंह सेंगर ने अन्य सभासदों, बीडीसी, प्रधान व पूर्व प्रधान के साथ भाजपा की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, रनियां विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने सभी को पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास करने वाली पार्टी है। रनियां नगर पंचायत से सभासद सोनू कमल, प्रशांत कुमार, सोनू शर्मा, पप्पू, अतुल कुमार, रोहित कुमार, मतलूम अली, आकाश कुमार लवली आदि ने सदस्यता ली। इस मौके पर पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, बृजेंद्र सिंह, विजय मिश्रा, परवेश कटियार, दिनेश मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा रहे।

## सार-संक्षेप

### सवारी ढोने वाले ट्रैक्टर चालकों को कार्रवाई की चेतावनी

**मूसानगर।** आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे भाड़ा वाहनों पर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। मुगल रोड पर सवारी ढोने वाले ट्रैक्टर व भाड़ा वाहनों को रोक कर चालकों को चेतावनी देते हुए सवारी बैठाने पर रोक लगाई गई है। मूसानगर कस्बे में रविवार और गुरुवार को बाजार लगती है। ग्रामीण ट्रैक्टरों से बाजार करने आते हैं। जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। बीते दिनों कासगंज में हुई घटना दोबारा न होने पाए। इसके लिए मूसानगर पुलिस ने रविवार को थाने के सामने चेकिंग अभियान चलाया और ट्रैक्टर ट्राली में बैठी सवारियों को उतार कर अन्य सवारी वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए समझाया। वहीं ट्रैक्टर ड्राइवरों को आगे ऐसा करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भाड़ा वाहन व ट्रैक्टर ट्राली में बैठी सवारियों को उतार कर अन्य वाहनों पर यात्रा करने के लिए समझाया गया है।

### 12 राजकीय विद्यालयों के कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास

**कानपुर देहात।** रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल तरीके से जनपद में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीआईओएस अचल कुमार मिश्र ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना अंतर्गत चयनित 12 राजकीय विद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों को 525 .57 लाख से संपन्न कराया जाएगा।



राजकीय विद्यालयों के शिलान्यास पट्ट को देखती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

# त्रिमूर्ति जयंती महोत्सव पर निकली शोभा यात्रा



रनियां में निकलती शोभा यात्रा। अमृत विचार

**रनियां।** त्रिमूर्ति जयंती महोत्सव पर रनियां में ब्रह्म कुमारी सेवा केंद्र की अगुवाई में भव्य शोभा यात्रा निकालकर लोगों को शिव के प्रति जोड़ने का संकल्प कराया गया।

रविवार को भगवान शिव की 88वीं त्रिमूर्ति जयंती महोत्सव पर रनियां में वाली ब्रह्म कुमारी सेवा समिति के जरिए शोभा यात्रा निकाली गई। लोगों को संदेश दिया गया कि महाशिवरात्रि पर सभी लोग भूत भावन भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, आंक, फल-फूल आदि चढ़ाने के बजाय यदि अपने अहंकार को अर्पित करें तो निश्चित ही समाज का कल्याण होगा। शोभा यात्रा के दौरान शिव-पार्वती, राम-सीता की भव्य झांकी पर फूल बरसाए गए।

# परिषदीय स्कूलों की छात्राएं बनेंगी अब पॉवर एंजल

**कानपुर देहात।** परिषदीय स्कूलों की छात्राओं को अब पावर एंजल के रूप में निखारा जाएगा। हर जूनियर विद्यालयों में पॉवर एंजल का गठन किया जा रहा है। इसे लेकर तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन राजपुर बीआरसी सभागार में हुआ।

रविवार को कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर शशि प्रभा सचान व आंनद कुमार द्वारा 54 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु बेसिक के जूनियर विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8 से एक-एक पावर एंजल का चुनाव करना है। उनके कार्य, दायित्व निर्धारण के लिए प्रगति के पंख नामक पत्रिका से सुगमकर्ताओं द्वारा मार्गदर्शन रहा। मीना मंच की मास्टर ट्रेनर शशि प्रभा सचान ने बताया कि जीवन कौशल शिक्षा के अंतर्गत यूनिसेफ द्वारा संचालित स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु ब्लॉक वाइज शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जल्द से जल्द स्कूलों में पावर एंजल का गठन कक्षावार कर, केस हिस्ट्री पर भी काम शुरू करने के निर्देश बीएसए ने दिए हैं। प्रशिक्षण में एआरपी अखिलेश कटियार, मास्टर ट्रेनर कंचन, कामिनी और अंजनी सुरेंद्र अखिलेश कुमारी अवधेश कुमार चेतन पुजारी आदि उपस्थित रहे।



कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई-नीलामी
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : 10/379 रमेणी (तरौंस) हमीरपुर, उत्तर प्रदेश– 210301
अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक) अंचल कार्यालय : 10/379 रमेणी (तरौंस) हमीरपुर, उत्तर प्रदेश– 210301 शाखा द्वारा लिया गया है, को '' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्बंधित ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 20.03.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. सं. | ऋणी/शाखा का नाम | सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम | बैंक की दावा राशि | सम्पत्ति का विवरण | रिजर्व प्राइस धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी : मेसर्स श्री साई कंस्ट्रक्शन,** कार्यालय का पता – हरि सिंह थोक, मटौंध, बांदा–210001, पार्टनर और गारंटर: 1. श्री विजय बुधोलिया पुत्र जयशंकर प्रसाद, आवास का पता : 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र.–210427 2. आशीष त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी, आवास का पता : अचरन थोक, मटौंध, बांदा–210001 गारंटर: श्री विनोद कुमार बुधौलिया पुत्र जयशंकर बुधौलिया, आवास का पता : 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र.–210427 शाखा : सिविल लाइंस, बांदा | श्री विजय बुधोलिया पुत्र जयशंकर प्रसाद, आवास का पता : 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र. –210427 | बकाया धनराशि रू. 56,64,226.00 तिथि 02.05.2023 को तथा ब्याज एवं लागत शुल्क तथा खर्चे वसूली की तिथि से 03.05.2023 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन सम्पत्ति जो मकान सं. 976, वार्ड सं. 06 बजरंग नगर, महोबा पर स्थित है। श्री विजय बुधोलिया के नाम है। क्षेत्रफल 62.75 वर्ग मी. चौहद्दी पूर्व : 15 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिम : श्री धमेन्द्र शुक्ला का मकान, उत्तर: विक्रेता का मकान, दक्षिण : चतुर सिंह का मकान सम्पत्ति आईडी सं. : IDIB30204648265 | रू. 24.72 लाख<br>रू. 2.48 लाख<br>बैंक को ज्ञात भार का विवरण —— |

ई.एम.डी. राशि के साथ प्रोसेस कम्लायंस फार्म जमा करने की अंतिम तारीख व समय – 19.03.2024 सुबह 11 बजे तक एवं नीलामी की तारीख व समय – 20.03.2024, प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक आसीमित विस्तार के साथ, बोली वृद्धि राशि रू. 10000/–

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए सम्पर्क करें:–
रजनीश कुमार (प्राधिकृत अधिकारी)
मो. सं. 9097274267
ई–मेल zohamirpur@indianbank.co.in

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए कृपया विजिट करें
1. www.indianbank.co.in
2. https://www.ibapi.in
3. https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi

बोलीकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन बोली मे भाग लेने के लिए हमारे ई–आक्सन सर्विस प्रोवाइडर MSTC लि. की बेवसाइट www.mstcecommerce.com पर विजिट करें। तकनीकी सहायता के लिए कृपया MSTC हेल्पडेस्क नं. 033–22901004 पर कॉल करे और अन्य हेल्प लाइन नं. सर्विस प्रोवाइडर के हेल्पडेस्क मे उपलब्ध है। MSTC लि. के साथ रजिस्ट्रेशन स्थित देखने के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर विजिट करें और EMD की स्थित देखने के लिए ibapifin@mstcecommerce.com. पर विजिट करें। सम्पत्ति के विवरण, फोटोग्राफ और विक्रय के नियम व शर्ते के लिए कृपया visit: https://ibapi.in पर विजिट करें और पोर्टल से सम्बध्ति स्पष्टीकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 18001025026 एवं 011–41106131 पर सम्पर्क करें।

कारपोरेट ऑफिस : अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई – 600014

दिनांक : 04.03.2024 स्थान : हमीरपुर प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक



# ..तो क्या बीजेपी की हैट्रिक को रोक पाएगा विपक्ष!

**फतेहपुर लोकसभा सीट**

फतेहपुर। (महेश सिंह)



टिकट फाइनल होने के बाद महिलाओं के साथ खुशी मनाती प्रत्याशी। अमृत विचार

- भाजपा ने तीसरी बार भी साध्वी निरंजन ज्योति पर लगाया है दांव
- पार्टी में अंर्तकलह भी, डैमेज कंट्रोल को रोकना साबित होगी बहुत बड़ी चुनौती

**अमृत विचार।** फतेहपुर संसदीय क्षेत्र हाई प्रोफाइल सीट मानी जाती थी। बीपी सिंह भी इसी लोकसभा सीट से जीत कर प्रधानमंत्री बने थे। 2014 और 2019 में बीजेपी की जीत के बाद अब देखने वाली बात होगी कि 2024 में भाजपा हैट्रिक लगा पाएगी। पार्टी के आला कमान ने तीसरी बार साध्वी निरंजन ज्योति पर फिर से दांव लगा दिया है। हांलाकि पार्टी में अंतर्कलह भी है। पार्टी के दो पूर्व विधायक लगातार पिछले काफी समय से विरोधी सुर अलाप रहे हैं, इन पर ड्रेमेज कंट्रोल कैसे होगा, इस पर सभी की निगाहें अभी से टिकी हुई हैं।

प्रयागराज-कानपुर के मध्य गंगा जमुनी तहजीब के बीच बसा फतेहपुर जनपद कभी कांग्रेसियों का गढ़ माना जाता था। फतेहपुर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल तब बनी, जब वर्ष 1989 में बीपी सिंह इसी लोकसभा सीट से जीत कर प्रधानमंत्री बने थे। यही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र हरि कृष्ण शास्त्री भी यहां से दो बार सांसद रहे। इस सीट पर अभी तक 16 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 5 बार कांग्रेस को, भाजपा को 3 बार, जनता दल को एक बार बसपा को दो बार, सपा को एक बार, लोकदल को एक बार के अलावा एक बार निर्दलीय प्रत्याशी को भी जीत मिली है। बीजेपी ने 2014 में जीत के बाद 2019 में भी फिर से इस सीट पर कब्जा जमाया। अब देखने वाली बात होगी 2024 के लोकसभा के चुनाव में मोदी की गारंटी पर विपक्षी दल कितना करिश्मा दिखा पाते हैं।

### फतेहपुर संसदीय क्षेत्र एक नजर में

- 1957– अंसार हरवानी, कांग्रेस
- 1962– गौरी शंकर, स्वतंत्र राजनीतिज्ञ
- 1967– संत बक्स सिंह, कांग्रेस
- 1971– संत बक्स सिंह, कांग्रेस
- 1977– बशीर अहमद, जनता पार्टी
- 1978– लियाकत हुसैन, जनता पार्टी
- 1980– हरि कृष्ण शास्त्री, कांग्रेस
- 1984– हरि कृष्ण शास्त्री, कांग्रेस
- 1989– विश्वनाथ प्रताप सिंह, जनता दल
- 1991– विश्वनाथ प्रताप सिंह, जनता दल
- 1996– विशंभर प्रसाद निषाद, बसपा
- 1998 –अशोक कुमार पटेल, भाजपा
- 1999 –अशोक कुमार पटेल, भाजपा
- 2004 –महेंद्र प्रसाद निषाद, बसपा
- 2009 –राकेश सचान, समाजवादी पार्टी
- 2014– निरंजन ज्योति, भाजपा
- 2019 –निरंजन ज्योति, भाजपा

### लगातार बढ़ा वोटिंग प्रतिशत

- सोलहवीं लोकसभा के चुनाव में भाजपा की निरंजन ज्यो ति ने 566040 वोट पाकर जीत दर्ज कराई थी। जबकि बसपा के सुखदेव प्रसाद वर्मा 367835 वोट पाकर दूसरे स्था न पर रहे हैं। कांग्रेस के राकेश सचान 66077 वोट पाकर तीसरे स्था न पर रह पाए। मौजूदा समय में राकेश सचान प्रदेश सरकार में कैबिनेट व जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। इसी तरह से वर्ष 2014 में लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से निरंजन ज्योति का निर्वाचन हुआ। उन्हें 485994 वोट मिले। उन्होंने अफजल सिद्दकी को 187206 वोटों से हराया। निकटतम प्रतिद्वंद्वी की पार्टी बीएसपी थी। 2014 में कुल 58 .58 प्रतिशत वोट पड़े।

### अपनों के बीच ही काफी विरोध

- 17वीं लोकसभा के चुनाव में जिले की तस्वीर काफी बदली हुई है। इस बार लगातार दो बार से चुनाव जीत कर केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने वाली साध्वी निरंजन ज्योति इस बार भी चुनावी समर में मौजूद हैं, लेकिन 16वीं लोकसभा की अपेक्षाकृत इस बार केंद्रीय मंत्री को अपनों के बीच ही काफी विरोध भी झेलना पड़ रहा है। पार्टी के अंदर मौजूद अंतर्कलह से एक ओर जहां कार्यकताओ में ऊहापोह बन रहा है, वहीं अपने भी उनसे काफी नाराज हैं। हालांकि पार्टी के आला कमान द्वारा डैमेज कंट्रोल चलाये जाने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। पिछले काफी समय से जिले में विकास को लेकर तमाम तरीके की तस्वीर खींची गई लेकिन सियासत की जंग में तीसरी बार मैदान में कूदी साध्वी निरंजन ज्योति पर विपक्षी दलों के द्वारा तमाम तरीके के आरोप लगाए जाते रहे। लेकिन पार्टी सूत्रों का मानना है कि मोदी सरकार के बढ़ते जनाधार के आगे विपक्ष पूरी तरीके से बौना साबित होगा।

---

## एक नजर

### साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी बनाने पर खुशी

**जहानाबाद।** जिले की लोकसभा सीट से तीसरी बार साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी बनाए जाने पर रविवार को कस्बा के मोहल्ला कटरा में भाजपा समर्थकों ने एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया। शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए भाजपा सभासद महेश चौरसिया, पूर्व प्रधान रामबली निषाद ने कहा कि जनता की मांग पर साध्वी दीदी को लोकसभा से प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं की इच्छा का सम्मान किया है। वहीं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर बधाई दी। इस मौके पर शैलेंद्र पांडेय, बब्बू त्रिवेदी, गीता गुप्ता, आरसी मलिक, अरविंद गुप्ता, पूर्व सभासद राजेश बाजपेई, अभय पटेल, जय सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### कार व बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**बिंदकी।** कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार की शाम करीब 4 :00 बजे कोतवाली क्षेत्र के दरबेसावाद गांव के समीप पेट्रोल पंप के निकट एक कार व बाइक में तेज टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार संदीप उम्र 25 वर्ष ग्राम फिरोजपुर घायल हो गया। जबकि बाइक सवार संग्राम उम्र 30 वर्ष तथा सत्यम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम घरही खेड़ा भी घायल हो गए। संदीप को सीधा जिला अस्पताल ले जाया गया जबकि संग्राम व सत्यम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने इन दोनों को भी प्राथमिक उपचार बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### मधुमक्खियां के हमले से तीन लोग घायल

**बिंदकी।** दो अलग-अलग स्थान में मधुमक्खियां के हमले से तीन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर गांव में विजय बहादुर उम्र 55 वर्ष तथा उनकी पत्नी कुसुम देवी उम्र 50 वर्ष खेतों में काम करने गए थे, तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी तरफ जाफरगंज थाना क्षेत्र के राणा मतपुर गांव में रोशनी देवी उम्र 17 वर्ष पुत्री राकेश कुमार जंगल में बकरी चराने गई थी, तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

---

**प्रत्येक गांवों के ग्रामीणों के लिए बनी दुखदाई, ठेकेदार ने कराया आधा अधूरा कार्य**

# ठेकेदार ने हर घर नल योजना में लोगों को नहीं दिया 'पानी'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक तरफ सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने की बात कर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो दूसरी ओर जल निगम की ओर से कई गांव में बनाए गए ओवर हेड टैंक से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कुछ गांव में कार्यदायी संस्था ने आधा अधूरा कार्य करवा कर छोड़ दिया। जिन घरों के बाहर टोटियां लगाई गईं, तवज्जों न होने से क्षतिग्रस्त हो गई। पेयजल समूह योजना के अन्तर्गत लोगों को जलापूर्ति किया जाना अभी से योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।

तहसील बिंदकी क्षेत्र के गांव दुबेपुर, कंशमीरीपुर, बकेवर, बरिगवां आदि गांवों में लोगों के घरों के पेयजल समूह योजना अंतर्गत पानी पहुंचाया जाना है।



गायब होने लगी नलों की टोटियां।

कार्यदायी ठेकेदार की लापरवाही से देवमई ब्लाक के कंशमीरीपुर गांव में लगाए गए नलों से पानी नहीं टपक रहा। करोड़ों की पेयजल योजना का बुरा हाल है। इन पेयजल समूहों पर तैनात कर्मचारी भी मौज कर रहे हैं। कंशमीरीपुर गांव में अभी पानी की टंकी का निर्माण कराया जाना शुरू नहीं हो सका। पाइप डालने के लिए कार्यदाई संस्था ने सड़क और गलियों को खोद डाला। जिनको बनवाने की नौबत नहीं आयी। लाखों की लागत से बनवाए गए रास्ते बदहाल हो गए। कार्यदायी संस्था ने बोर से मुख्य पाइप लाइन को नहीं जुड़वा सका।

### हर गांव में मिलती खुदाई

- सरकार पेयजल समूह योजना अंतर्गत हर घर पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है। पाइप लाइन डाले जाने के लिए पक्की सड़क, इंटरलाकिंग व कच्चे रास्तों को खोद दिया गया लेकिन दोबारा मरम्मत नहीं करायी गई। जिससे गांव की सड़के बदहाल हो गई। कार्यदाई संस्था ने खोदने के बाद इनकी दोबारा मरम्मत नहीं करवाया और न ही अधिकांश पंचायतों ने ज्यादा ध्यान दिया है।

### पानी उगलने से पहले ही टोटियां क्षतिग्रस्त

- जल निगम और कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी के चलते करोड़ों खर्च के बाद धरातल में समा रही है। जल निगम के अवर अभियंता व अफसर बिना कार्य का सत्यापन किए संस्थाओं को लाखों का भुगतान भी कर दिया है। लापरवाही देखने को मिली की टोटियों से पानी नहीं निकला और क्षतिग्रस्त होने लगी। पाइप लाइन डालने में मानक को दर किनार किया गया। मानकविहीन सामग्री भी डाली गई। जिससे योजना में ग्रहण लग रहा जिम्मेदार खामोश है।

### विभाग भी गम्भीर नहीं

- शिकायते तो लोगों ने की, लेकिन जल निगम के अधिकारी कुछ न कर सके। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों के निरीक्षण दौरान शिकायत की गई लेकिन सुधार कुछ नहीं दिखा। मानो सरकारी धन को घालमेल कराने में उनकी भी मौन सहमति है। खामियों को दूर न कराया जाना सवालिया निशान विभाग पर लग रहा है।

---

## भट्ठा संचालक के खिलाफ दर्ज किया जाएगा केस

**फतेहपुर।** ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से दंपति की मौत और दो लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस के साथ राजस्व विभाग की टीम ने सर्वे किया है। प्रथम दृष्टया ईंट भटठा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराए जाने की बात कही गई।

मामला चककाजीपुर अयाह गांव स्थित संतोष ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे में चिमनी के नीचे साइड की दीवार (चेंबर) गिर जाने दंपति मजदूरों की मौत और दो मजदूरों के घायल होने की सूचना पर पुलिस के साथ राजस्व और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। शनिवार सुबह हुए हादसे के बाद भट्ठे में हड़कंप मच गया था। बिना परिजनों को सूचना दिए भट्ठा मुनीम, ठेकेदार और कुछ सहयोगी घायल मजदूरों को लेकर फतेहपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे लेकिन रास्ते में ही मुन्नी लाल (62) और उनकी पत्नी राजकुमारी की मौत हो चुकी थी। वहीं घायल जगरानी (55) और मालती (60) का इलाज चल रहा है।

---

# प्रदेश अध्यक्ष पर सपाइयों का दांव !

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पूर्व सांसद अशोक पटेल भी प्रबल दावेदार
- बार के पूर्व अध्यक्ष ने भी दावेदारी ठोकी

**अमृत विचार।** लोकसभा की सियासत में भाजपा ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। अब प्रदेश में विपक्ष की अहम भूमिका निभाने वाली समाजवादी पार्टी की तरफ से संसदीय क्षेत्र में घोषित होने वाले उम्मीदवार को लेकर अटकलों का दौर जारी है। हालांकि पिछले काफी समय से समाजवादी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का यहां से चुनाव लड़ने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म होने के बावजूद जिले से दो बार लगातार सांसद रह चुके डॉ. अशोक पटेल ने भी दावेदारी ठोक कर सियासत की जंग में पार्टी के बीच गर्माहट पैदा कर दी है। साथ ही बार के पूर्व अध्यक्ष भी मजबूती के साथ टिकट मांग रहे हैं।

प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी की सरकार रही हो और मौजूदा समय में सपा विपक्ष की अहम भूमिका निभा रही हो लेकिन अब तक के संसदीय क्षेत्र के चुनाव में जिले से समाजवादी पार्टी को केवल एक बार ही सफलता हासिल हो सकी है। वर्ष 2009 के चुनाव में जिले में समाजवादी का परचम लहरा पाया था। इस दौरान राकेश सचान चुनाव जीते थे। पिछले लोकसभा के चुनाव में सपा एवं बसपा के गठबंधन के बीच घोषित हुए उम्मीदवार सुखदेव प्रसाद वर्मा ने भाजपा को हालांकि कड़ी टक्कर दी थी और उसके बाद दूसरे स्थान पर रहे। 17वीं लोकसभा के चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी को दमदार उम्मीदवार मैदान में उतरने की जरूरत महसूस हो रही है। इसके लिए जिले में कोई भी ऐसा कदद्दावर नेता नहीं है जो भारतीय जनता पार्टी के सियासत के किले को ध्वस्त करने में कामयाब हो सके। हालांकि टिकट के दावेदारों की लंबी लिस्ट है, लेकिन इन सब के बीच पिछले काफी समय से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के समर्थकों द्वारा प्रबल दावेदारी फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से की जा रही है। पिछले काफी दिनों से सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम जिले की राजनीति में सक्रिय हैं। बताते चले कि प्रदेश अध्यक्ष जिले की जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं और जनता दल की सरकार में जनता दल से विधायक भी रह चुके हैं, उसके बाद प्रदेश सरकार में मंत्री बने हैं। जनता दल के विभाजन के बाद वह समाजवादी पार्टी में चले गए। उसके बाद से लगातार समाजवादी पार्टी की राजनीति से अब आगे बढ़कर प्रदेश अध्यक्ष बने हुए हैं। उनके समर्थकों की जिले में लंबी लाइन है। एक ओर जहां स्वजातीय मतदाताओं के बीच उनकी काफी पकड़ मजबूत है वहीं दूसरी तरफ समाज के सभी वर्गों के बीच में उनकी पहुंच बताई जा रही है। उनकी दावेदारी से भाजपा के समीकरण तो प्रभावित हो सकते हैं लेकिन जिस तरीके से एक बार फिर भाजपा की लहर सामने है, उससे इन्हें भी यदि पार्टी का आलाकमान उम्मीदवार बना देता है तो काफी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। दूसरी तरफ से दूसरे प्रबल दावेदार के रूप में पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल ने भी अपने दावेदारी की है। जिला मुख्यालय में ही रहने वाले डॉक्टर अशोक पटेल की दावेदारी से भी पार्टी खेमे में काफी हलचल मची हुई है। पार्टी का एक तबका जिले का ही सांसद बनाए जाने की मांग पर अधिक जोर दे रहा है। बता दें कि डॉक्टर अशोक पटेल जिले से दो बार भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ चुके हैं और दोनों बार सांसद रह चुके हैं। फिलहाल पिछले काफी समय से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलनों में यह दोनों दावेदार अपनी अपनी दावेदारी पेश करके समीकरण बैठाने में लगे हुए हैं। अब कब तक समाजवादी पार्टी जिले में अपना उम्मीदवार घोषित करेगी इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। इसके आलावा बार के पूर्व अध्यक्ष बलिराज उमराव भी टिकट की लाइन में देखे जा रहे हैं। मौजूदा समय में जिले की राजनीति में समाजवादी पार्टी का एक सक्रिय संगठन है और जिले की चार विधानसभा सीटों में सदर विधानसभा व हुसैनगंज की सीट समाजवादी पार्टी के ही खाते में हैं। ऐसे में संसदीय क्षेत्र की सियासत में जिले की राजनीति में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का कमजोर आंकलन करना बेमानी होगा।

---

## यमुना नदी की रेलिंग तोड़कर लटके दो ट्रक, हादसा टला

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** यमुना नदी पुल पर भीषण सड़क हादसा होते होते बच गया। आपस में टकराये दो ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर लटक गए। एक ट्रक को जिला प्रशासन ने सुरक्षित निकाला, एक ट्रक देर रात तक नहीं निकाला जा सका।

ललौली थाना क्षेत्र के दतौली यमुना पुल पर शनिवार देर रात करीब 10 बजे के आसपास पुल के ऊपर दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों ट्रक चालक कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन दोनों ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गए। समय रहते कुछ ट्रक चालकों ने एक ट्रक को रस्सा की मदद से खींचकर निकाल लिया। सूचना पर पुल के दोनों ओर बनी बेंदा घाट पुलिस चौकी और दतौली पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और पुल पर लटके दूसरे ट्रक को निकालने के प्रयास में लगे रहे। डंफर ट्रक चालक सूरज ने बताया कि बारिश के कारण सामने से आ रहा ट्रक को डिपर देने के बाद भी सीधे आकर भीड़ गया। टक्कर लगने के बाद दोनों ट्रक पुल की रेलिंग पर लटक गए थे। चौकी प्रभारी दतौली अभिषेक यादव ने बताया कि दो ट्रकों की टक्कर बाद दोनों ट्रक पुल पर लटक गए थे एक ट्रक को खींचकर निकाला गया है।



हादसे के बाद यमुना पुल पर लटक रहा ट्रक। अमृत विचार

- दतौली यमुना पुल में आमने-सामने भिड़े दो ट्रक

---

## 15 माह से जांच, झूठ बोल रहे अफसर

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- निर्माण कार्यो में हुई थी वित्तीय अनियिमतता
- नगर पंचायत सीमा के बाहर कराए गए थे कार्य

**अमृत विचार।** किशनपुर नगर पंचायत द्वारा नगर पंचायत सीमा के बाहर कराए गए निर्माण कार्यो एवं आडिट रिपोर्ट से उजागर वित्तीय अनियमितता की शिकायत करीब 15 माह पूर्व नई बस्ती निवासी अंकित सोनकर द्वारा 30 एवं 56 बिंदु की शिकायत की गई थी। शिकायत पर बीते 21 नवम्बर 2022 को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा तत्कालीन एसडीएम खागा मनीष कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसके बावजूद करीब 17 माह से जांच पूरी नहीं हो सकी। अब जब शिकायतकर्ता ने आरटीआई डाली तो पता चला कि जांच के नाम पर अफसर झूठ बोल रहे हैं। जांच समिति में अधिशाषी अभियंता निचली गंगा नहर, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, सहायक अभियंता डीआरडीए को शामिल किया गया था।

शिकायतकर्ता द्वारा जनता दर्शन एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से मिलकर निरंतर जांच पूर्ण कराये जाने की मांग की जाती रही है। लेकिन तहसील प्रशासन जांच नहीं पूर्ण करने के नए-नए दाव पेंच चला रहा है। जांच टीम में शामिल रहे तत्कालीन एसडीएम खागा मनीष कुमार के अलावा हाल ही में जेपी वर्मा अधिशाषी अभियंता निचली गंगा नहर का ही स्थानान्तरण हुआ है। बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी से मिलकर जांच पूर्ण कराये जाने की मांग की गई थी। बीते दिसम्बर 2022 को एडीएम न्यायिक ने बताया था कि जांच शीघ्र पूर्ण कर आख्या प्रेषित की जाएगी। वादी को 17 फरवरी को तहसीलदार खागा ने बताया कि जांच चल रही है। अधिकारियों के स्थानांतरण होते रहते हैं। इस कारण जांच पूर्ण नहीं की जा सकी है। अधिकारियों के झूठ का पर्दाफाश करने के लिए शिकायतकर्ता ने आरटीआई से जांच समिति में नियुक्त अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी तो खुलासा हुआ कि अधिकारी झूठ बोल रहे हैं। जांच प्रारम्भ ही नहीं करना चाहते हैं। जांच टीम में शामिल रहे तत्कालीन एसडीएम खागा मनीष कुमार का स्थानान्तरण बीते मई माह में एवं सहायक अभियंता डीआरडीए का बीते सितम्बर एवं अधिशाषी अभियंता निचली गंगा नहर जेपी वर्मा का हाल ही में स्थानान्तरण हुआ है। वित्त लेखधिकारी ने कोई जानकारी नहीं उपलब्ध कराई। जब अधिकारियों के स्थानन्तरण हो रहे थे तो नव नियुक्त अधिकारियों के साथ जांच पूर्ण करना चाहिए था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहा है। इस कारण अब तक जांच प्रारम्भ नहीं कर सके। पुनः समाधन दिवस में उप जिलाधिकारी से मिलकर जांच पूर्ण कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग की है।

---


**मिलावट का खेल** | **भटठा संचालक खराब मिट्टी में ईंट बनाने से पहले मिलाते नमक**

# घटिया ईंटों से दरक रहे लोगों के आशियाने

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यदि आप मकान बनाने की तैयारी कर रहे हैं, तो ईंट खरीदते समय सावधान रहें। चिकना और लाल दिखने वाले ईंट को भली भांति परख लें। ऐसा तो नहीं है कि यह ईंट मिट्टी में नमक डाल कर तैयार किया गया हो। क्योंकि खूबसूरत दिखने वाले ईंट की मजबूती बेहद कमजोर है। नमक युक्त ईंट से मकान बनाने पर सीलन व नोना की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

जिले में ईंट भट्ठों की संख्या करीब चार सौ की है। जिनसे से कईयों ईंट भट्ठे मानक विहीन ढ़ंग से चलाये जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ईंट भट्ठों का हब वाले जिले में 15 से 20 फीसदी में नमक का इस्तेमाल किया जा रहा है। खराब मिट्टी वाले ईंट भट्ठों में बहुतायत में नमक का प्रयोग हो रहा है।



- चिकना और लाल ईंट बनाने के लिए किया जाता है नमक का प्रयोग

नमक में मिट्टी डालने से जहां ईंट की पथाई आसान हो जाती है। वहीं पकने पर ईंट लाल व आकर्षक दिखाई देते हैं। पर यह बेहद कमजोर होने के साथ भविष्य में ऐसी ईंट से बनी दीवारों में सीलन व नोना की शिकायत रहती है।

जिसे प्लास्टर व पेंट आदि की तमाम कोशिशें बेकार साबित होती हैं। वहीं जिला खनन अधिकारी ने बताया कि ईंट भट्ठों में नमक के प्रयोग किए जाने की जानकारी उन्हें नहीं है। ईंट में नमक का इस्तेमाल होता है। वह मामले की जानकारी कराएंगे।

### कोयले से कम लागत

- कोयले की महंगाई ने ईंट कारोबार की दिशा को परिवर्तित कर दिया है। कोयला दो गुना होने के साथ ही टैक्स में बढ़ोत्तरी किए जाने पर बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठों में तूड़ी का भूसा, यूकेलिप्टस की लकड़ी आदि का प्रयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा है। जिससे ईंट की पकाई कोयले की तुलना में बेहद खराब रहती है। ऐसे में मिट्टी में नमक का प्रयोग करने वाले ईंट भूसा व लकड़ी से पकने के बाद भी लाल और अकर्षक दिखाई पड़ते हैं।

### किस तरह करते नमक का प्रयोग

- ईंट भट्ठा के कारोबार से जुड़े व्यक्ति की मानें तो नमक का इस्तेमाल मिट्टी का गुणवत्ता और ईंधन पर निर्भर करता है। मिट्टी खराब होने की दशा में ईंट की पथाई से पहले मिट्टी की तैयारी से पहले उसमे नमक मिला कर कुछ घंटों के लिए छोड़ दिया जाता है। जिसके बाद मिट्टी चिकनी होने पर ईंट खूबसूरत दिखते हैं। कोयले से इतर दूसरे ईंधन के प्रयोग में ईंट की क्वालिटी प्रभावित नहीं होती है।

---

## खेत में काम कर रही महिला से की छेड़छाड़

**असोथर फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ गांव का ही रहने वाले युवक ने छेड़छाड़ और गाली गलौज किया। थाना क्षेत्र अंतर्गत भूनीपुर मजरे रिठवां की एक महिला ने बताया कि वह 26 फरवरी को अपने मिर्च के खेत में दोपहर को गुड़ाई का काम कर रही थी। तभी गांव का युवक शोभा सिंह पुत्र शिव सागर सिंह पीछे से आकर छेड़खानी करने लगा। जिस पर बचाव करते हुए जोर जोर से चिल्लाना शुरू किया। जिस पर आरोपी युवक महिला को गाली गलौज करते हुए मौके से भाग निकला। महिला ने परिवारीजनों के साथ थाने आकर लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच हो रही है।


---

# पूरी रात जाम के झाम में फंसा रहा शहर

संवाददाता बहुआ, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इनदिनों चल रही सहालग के कारण शहर समेत ग्रामीणांचलों में जाम के झाम से लोग खासे परेशान रहते हैं। शनिवार की रात का आलम यह रहा शहर की हर सड़क जाम से कराहती नजर आई। साथ ही बारिश हो जाने के कारण दुश्वारियां और बढ़ गईं। बहुआ क्षेत्र में बांदा-टांडा मार्ग पर भारी वाहनों का ऐसा जाम लगा कि घंटों लोग टस से मस नहीं हो सके।

शनिवार को तगड़ी सहालग होने के कारण रात में लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। शहर के शादीपुर रेलवे क्रासिंग में काम प्रगति पर होने के कारण करीब एक सप्ताह से क्रासिंग बंद चल रही है। वहीं 50 नम्बर ओवरब्रिज में भारी वाहनों के आवागमन से पूरी तरह से जाम रहा। लोगों के समझ नहीं आ रहा था कि आखिर जाएं तो किधर से। इसी तरह से लोग हरिहरगंज ओवरब्रिज की ओर भागे तो वहां भी जाम जैसी स्थिति रही। समय पर बारात पहुंचने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर बंद क्रासिंग को बाइक एवं अन्य दो पहिया वाहनों को लिटाकर निकालते नजर आए। गनीमत रही कि उस दौरान कोई ट्रेन नहीं आई अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। जाम के झाम में कहीं दूल्हे की गाड़ी तो कहीं बारातियों के वाहन फंसे नजर आए। इसी तरह से बहुआ कस्बे के बांदा-टांडा मार्ग पर जाम लगा रहा। रात में ही बारिश होने से गडढ़ों में पानी भरने पर एक ओवरलोड ट्रक फंस गया। उसके बाद से जाम लगता चला गया। जो पूरी रात रेंग-रेंग कर चला।



बांदा-टांडा मार्ग पर लगा लम्बा जाम। अमृत विचार

- हर मार्ग में लगी वाहनों की लम्बी लाइन से कराहे लोग
- कहीं दूल्हा की गाड़ी तो कहीं बारातियों की रही फंसी

# अन्नदाताओं की फसलों पर कहर बरपा रही बेमौसम बारिश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


बारिश और तेज हवाओं से बर्बाद हो रही फसलें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार और शनिवार की रात को बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। अच्छी फसल होने की उम्मीदें भी टूट गईं। सरसों और आलू के साथ ही चना व मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

इस समय रबी की फसल पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में मौसम धोखा देता है तो किसानों की मेहनत फसल के साथ नष्ट हो जाएंगी। हालांकि इन दिनों सरसों की फसल पकने के बाद जिले भर में फसल कटाई का दौर भी शुरू हो गया है। वहीं पिछैती बुआई वाली फसलों का पकने का समय पीक पर है। ऐसे में मौसम की मार किसानों के चेहरे पर साफ झलक रही है। यदि बारिश होती रहती है तो खेतों में कट रही सरसों की फलियां झड़ने लगेंगी और उत्पादन घटने की आशंका रहेगी। पिछैती सरसों में बरसात के कारण पुन सरसों अंकुरित होने से सरसों को नुकसान होगा। इससे सरसों का दाना पतला होगा। साथ ही तेल की मात्रा भी कम हो जाएगी। मौसम में दूसरे दिन भी बदलाव नजर आने से किसानों की चिंता और ज्यादा बढ़ गई है। आए दिन आसमान में बादलों के डेरे और कभी तेज पानी तो कभी बूंदाबांदी से फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। शनिवार की रात को झमाझम बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। पूरी रात रुक-रुक कर बूंदाबांदी और तेज पानी गिरता रहा। मौसम का यह अंदाज खेतों में खड़ी फसल को अब अधिक नुकसान पहुंचा रहा है, क्योंकि सरसों पकी फसल जमीन पर गिरती जा रही है। किसानों के यह समझ में नहीं आ रहा है कि नुकसान से कैसे बचा जाए।

### आलू पर भी आया गंभीर संकट

- खेतों में सब्जियों का राजा कहे जाने वाले आलू की भी अच्छी पैदावार जिले में हुई है और आलू पक कर तैयार भी है। किसान आलू को खोदने की जुगत में है कई जगहों पर खुदाई भी शुरू हो गई है। ऐसे में आलू किसानों के खेतों में झुलसा रोग से आलू का फल नष्ट हो गया था, लेकिन मौसम परिवर्तन के कारण किसान आलू को लेकर भी परेशान हैं। किसानो ने बताया कि पाला खत्म होने बाद आलू पर हवा पानी पड़ने से आलू के कंद पर हरापन आने से क्वालिटी गिरती है। जिससे न तो आलू का अच्छा भाव मिलता है और न ही ग्राहक आलू पकड़ता है। इसे लेकर आलू पैदा करने करने वाले किसान बहुत चिंतित हैं।

### सब्जियों को पहुंचा नुकसान

- आलू-सरसों के अलावा खेतों मे तैयार पालक, मेथी, धनियां, सोवा, गोभी, मिर्ची, मटर, टमाटर पानी की अधिकता से सड़ रहे हैं। सब्जी उगाने वाले किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। जिसका असर बाजार पर भी दिखाई देगा। दोआबा के कई क्षेत्रों में ओले भी गिरे और सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है।

### फिर निकाले ऊनी कपड़े

- लगातार बैमौसम बारिश के कारण किसानों की फसलो को नुकसान पहुंचने के साथ ही सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। शुक्रवार से लेकर शनिवार की रात तक बरसात होती रही। लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया। किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि मार्च माह के शुरुआती दिनों में बारिश के मौसम की तरह पानी बरसेगा। बारिश के कारण ठंड के एक बार फिर लौट आने से लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े। एक सप्ताह से आसमान पर बादलों की आवाजाही ने किसानों की धड़कने बढ़ा दी थीं। शहरी क्षेत्र में भी लोगों ने ऊनी कपड़े रख दिए थे लेकिन मार्च की बरसात और ठंडी हवा ने लोगों को ऊनी कपड़े एक बार फिर निकालने के लिए मजबूर कर दिया है।

# पिंक के साथ ही बनेंगे युवा और दिव्यांग बूथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी दिया जा रहा जोर

**अमृत विचार।** जिले में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में जिले में एक युवा पोलिंग बूथ बनेगा। युवा पोलिंग बूथ पर सबसे कम उम्र के युवा कार्मिक मतदान कराएंगे। वहीं चुनाव आयोग के निर्देश पर हर विधानसभा में एक पिंक और एक दिव्यांग पोलिंग बूथ बनाया जाएगा। जिले में पहली बार एक युवा पोलिंग बूथ बनाया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी।

जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारी चल रही है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। 23 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिले में 2019 में पुरूष मतदाता 999058 व महिला मतदाता 840193 हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में छह पिंक पोलिंग बूथ और इतने ही दिव्यांग पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। एक युवा पोलिंग बूथ भी बनेगा। पिंक पोलिंग बूथ पर महिला मतदान कार्मिक और दिव्यांग पोलिंग बूथ पर दिव्यांग मतदान कार्मिक मतदान कराएंगे। एसडीएम ने बताया कि इन पोलिंग बूथों पर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय सभी महिला और दिव्यांग रहेंगे।

## एक नजर

### खेलते समय बालिका छत से नीचे गिरी, गंभीर घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के करवापुर गांव में छत पर खेलते समय बालिका नीचे गिरकर घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजन उसको उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। थाना क्षेत्र के करवापुर गांव निवासी पवन सिंह का 6 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी रविवार सुबह अपने घर की छत पर खेल रही थी। तभी उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर बच्ची का इलाज कर रहे हैं।

### गर्म दूध के भगौने पर गिर कर झुलसा बच्चा

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुनीर गांव में खेल रहा बच्चा खौलते दूध के भगौने पर गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है। थाना क्षेत्र के गुनीर गांव निवासी अरविंद का डेढ़ वर्षीय पुत्र निखिल रविवार की सुबह अपने घर में खेल रहा था। समीप ही चूल्हे पर चढ़ा दूध खौल रहा था, खेलते-खेलते मासूम गिर गया और उसका हाथ दूध के भगौने पर पड़ गया। खौलते दूध का भगौना मासूम के ऊपर पलट गया। जिससे मासूम गम्भीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने सरकारी 108 एम्बुलेन्स को घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस से मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, रेफर

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव निवासी राजीव का 18 वर्षीय पुत्र नीरज बाइक पर सवार होकर हथगाम आ रहा था। जब वह हथगाम थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप पहुंचा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हथगाम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित बाइक गिर जाने से दो लोग घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कोराई गांव मोड पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे बाइक पर सवार दोनो लोग घायल हो गए घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना क्षेत्र के कोराई गांव निवासी कृष्ण कुमार अवस्थी का 20 वर्षीय पुत्र आदर्श अवस्थी व गांव निवासी पप्पू का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक बीती शाम बाइक पर सवार होकर किसी काम से गये थे। जब वहां से वापस घर लौट रहे थे, तभी कोराई गांव की मोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें दोनो बाइक सवार युवक घायल हो गए। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घायल अवस्था मे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे थे तभी परिजन घायलों कहीं और इलाज कराने लेकर चले गए।

### बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की हालत गंभीर

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कानपुर गांव के समीप दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको अस्पताल पहुंचाया गया। थाना क्षेत्र के मनकापुर निवासी लल्लू बाइक पर जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के कानपुर गांव के समीप पहुंचा, तभी सामने से आई दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई।

# महिला चपरासी को 19 कंपनियों का निदेशक बनाकर लोगों को 'लूटा'

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कार्यालय की महिला चपरासी को 19 चिटफंड कंपनियों का डायरेक्टर बनाकर संचालकों ने लोगों से लाखों की रकम हड़पी है। संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी का महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के तांबेश्वर नगर निवासी श्रीकांती ने शहर के मुरानइटोला में स्थित चिटफंड कंपनी संचालकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर ललौली थाने के दूलापुर निवासी रामआसरे प्रजापति, मुंबई जागेश्वरी कोआपरेटिव सोसायटी निवासी डा. पृथ्वीपाल सिंह सेठी, पश्चिम बंगाल के आसनसोल अरविंद नगर निवासी अवधूत कुमार मंडल के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। महिला ने तहरीर में बताया कि पति रवींद्र कुमार सिंह 1995 में उसे छोड़कर चला गया था। उसने कुछ दिन आरोपी रामआसरे प्रजापति के यहां मजदूरी की।

इसी दौरान रामआसरे ने बताया कि उक्त कोआपरेटिव बोर्ड सोसायटी जागेश्वरी वेस्ट मुंबई में कई कंपनियां धन जमा योजना संचालित करती हैं। वह कंपनी का डायरेक्टर है। कंपनी में एक महिला चपरासी की जगह है। वह नौकरी को तैयार हो गई। उसे मुराइनटोला कार्यालय पर 2003 में नौकरी लगवाई। कभी-कभी कार्यालय में चेयरमैन व एमडी डा. पृथ्वीपाल सिंह सेठी, चीफ जनरल मैनेजर अवधूत कुमार मंडल आते थे। दोनों अधिकारियों से कार्यालय में फरवरी 2016 में रामआसरे ने मुलाकात कराई। उसकी नियुक्ति का नवीनीकरण का झांसा देकर तीनों संचालकों ने आधार कार्ड, पैनकार्ड, फोटो जमा कराए। कुछ फर्मो के सादे स्टांप पेपर व कागजों पर हस्ताक्षर कराए।

दिसंबर 2022 में उसे पता लगा कि कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है। उसके जमा कागजातों का दुरुपयोग कर 19 फर्जी कंपनियां खोली गई। उसे कंपनियों का डायरेक्टर बनाया गया है। उन कंपनियों के बारे में जानती तक नहीं है। उसके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रसीद, बांड पेपर जारी किए और लोगों से भारी रकम कंपनी में जमा कराई है। उसने रामआसरे से फर्जीवाड़े का विरोध किया। उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### इलेक्ट्रानिक्स उपकरण खरीद कर 1.97 लाख रुपये हड़पे

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर गढ़ीवा निवासी राकेश कुमार की इलेक्ट्रानिक्स की दुकान है। राकेश का आरोप है कि गाजीपुर शाह निवासी रजा अगस्त 2023 में एक लाख 97 हजार 600 रुपये का घरेलू इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों का सामान ले गया था। 2023 को राकेश ने पत्नी के नाम पर चेक दिया। चेक बैंक में लगाने पर खाते में रुपये न होने का पता लगा। उसने रजा से बाउंस चेक देने की बात कही। रजा ने रुपये देने से मना कर दिया। रुपये मांगने पर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामला दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# मोबाइल फोन के इस दौर में एकाकी होते जा रहे हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मोबाइल क्रांति के युग में एकांकी होते लोग और संगीत की चाहत में कई घंटे ईयरफोन के प्रयोग के साथ नशा और तनाव दूर करने के नाम पर मादक पदार्थो का प्रयोग हमें बहरा बना रहा है। तीन मार्च को पूरी दुनिया में वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के प्रति जागरूक करना है। इसी उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2007 से वर्ल्ड हियरिंग डे मनाने की घोषणा की थी। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि बहरेपन की समस्या के कई कारण हो सकते हैं जिसमें बढ़ती उम्र, ध्वनि प्रदूषण, सिर में चोट लगना, संक्रमण तो है ही, लेकिन खराब जीवन शैली धूम्रपान, मादक पदार्थों का प्रयोग भी कान को प्रभावित करता है। क्योंकि अत्यधिक धूम्रपान व मादक पदार्थों का प्रयोग करने से भी कान का ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है जिससे कान की कोशिकाएं कमजोर होने से सुनने की क्षमता प्रभावित होती है।

### सुनने की क्षमता बरकरार रखने के लिए ध्यान रखें

- तेज आवाज वाली जगह पर काम करते समय कानों को इयर प्रोटेक्टर से बचाएं।
- ईयरफोन का प्रयोग कम करें, करें तो 20-30 प्रतिशत वॉल्यूम हो।
- तेज आवाज से यथासंभव बचें।
- कान में दर्द, सूजन या बहने पर दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

### क्या नहीं करें

- कानों में कोई तेल या तरल पदार्थ न डालें।
- लगातार और बार-बार बहुत तेज म्यूजिक न सुनें।
- सुनने में तकलीफ, कान में सूजन या दर्द हो तो कोई भी दवा अपने मन से न लें।
- धूम्रपान और मादक पदार्थों का प्रयोग न करें व स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं।

स्वस्थ जीवन शैली पौष्टिक आहार, योग और व्यायाम और सही से कान की देखरेख की जाए तो कान की समस्याओं से बचा जा सकता है।

# विश्व श्रवण दिवस पर दी गई कई जानकारियां

**फतेहपुर।** विश्व श्रवण दिवस पर रविवार को जिला अस्पताल में राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. आरके वर्मा नोडल अधिकारी एनसीडी ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत कान के विभिन्न प्रकार की बीमारियां श्रवण दोष व विकलांगता की रोकथाम एवं जांच के बारे में चर्चा करते हुए जानकारी दी गई।

नोडल अधिकारी एनसीडी ने उपस्थित लोगों को जागरूक किया। बताया कि कान सम्बन्धित किसी भी प्रकार के रोगों से बचाव के लिए कान की सफाई और पानी न जाने दें और किसी भी प्रकार का तरल पदार्थ न डालें। मवाद को साफ एवं नरम कपड़े से साफ करें। मवाद में बदबू या खून आने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। श्याम कृष्ण चौधरी आडियोलाजिस्ट, विभांशु शेखर वर्मा ऑडियोमेट्रिक, असिस्टेंट राकेश कुमार व शिव सिंह फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाईवे पर तीन ट्रकों की भिड़ंत में चालक-खलासी गंभीर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बकंधा मोड़ के समीप नेशनल हाइवे-2 पर तीन ट्रकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर बकंधा गांव मोड के समीप तीन ट्रकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें डीसीएम में सवार दो लोग वाहन के अंदर फंस गए तो पुलिस ने स्थानियों की मदद से उनको बाहर निकाला। वाहन में फंसने से दोनों घायल हो गए थे तो उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे सिपाही रामनरेश ने बताया कि यह दोनो बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बरेठा गांव निवासी रामराज का 22 वर्षीय पुत्र रोहित उर्फ राज किशोर व गांव निवासी बाबू राम का 25 वर्षीय पुत्र दीपू है, जो डीसीएम के चालक व परिचालक है।

### वाहन की टक्कर से स्कार्पियो चालक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 पर थाने के समीप अज्ञात वाहन स्कार्पियो को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे स्कार्पियो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई कर रही है। मलवां थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी स्व. विजय सिंह का 26 वर्षीय पुत्र आशीष सिंह किसी काम से स्कार्पियो से कानपुर गया था। बीती रात जब वह वापस घर लौट रहा था तभी नेशनल हाइवे-2 पर कल्यानपुर थाने के समीप अज्ञात वाहन उसकी स्कार्पियो की टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे स्कार्पियो पलट गई और चालक आशीष की मौके पर ही मौत हो गई।

# 'निर्वाचन की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों'


कैम्प कार्यालय में डीएम सी. इंदुमती ने अधिकारियों के साथ की बैठक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन संबंधी ली जानकारी
- विभिन्न बिंदुओं पर विधिवत अध्ययन करने की कही बात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने कैम्प कार्यालय में प्रभारी अधिकारी नोडल के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराना होगा। उन्होंने कहा कि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट अपने बूथों, आने जाने वाले रास्ते आदि को देख लें। जो कमियां हो, उनको निर्वाचन पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं।

चुनाव में जिन एप का प्रयोग किया जाना है उनका विधिवत अध्ययन कर लिया जाए। जिससे किसी प्रकार की समस्या न आए। सी-विजिल, ईएमएस, ईएसएमएस, एनकोड, एसओपी, मार्क पोल, वर्नेबल बूथ, वेब कास्टिंग बूथ आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार में प्रयोग में लाई गई वस्तु को एसओपी के माध्यम से नष्ट करा दिया जाय और उसका प्रमाण पत्र भी दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, एसओसी चकबंदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, एआरटीओ समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आकाशीय बिजली ने 200 घरों की ठप कर दी बिजली

**बिंदकी फतेहपुर।** तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में गिर गई। जिसके चलते ट्रांसफार्मर खराब हो गया। ट्रांसफार्मर खराब होने से दो मोहल्ले के 200 से अधिक घरों की विद्युत आपूर्ति 17 घंटे से पूरी तरह से बंद रही। जिससे पीने का पानी का संकट भी छाया रहा। नगर के मोहल्ला पैगंबरपुर में जयदेव सिंह के आवास के सामने स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में शनिवार की रात आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे ट्रांसफार्मर खराब हो गया और रात से ही मोहल्ला पैगंबरपुर तथा बगल के मोहल्ला जहानपुर के लगभग 200 घरों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई। रात भर घरों में अंधेरा छाया रहा। हालांकि रविवार की सुबह सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। विद्युत आपूर्ति चालू करने की कोशिश किया लेकिन प्रयास सफल नहीं हो पाए। लाइनमैन सुशील सैनी ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब हुआ है। पैगंबरपुर मोहल्ले के जयदेव सिंह, अनुज तिवारी समेत अन्य लोगों ने बताया कि 17 घंटे से अधिक हो गए हैं, बिजली नहीं आई है। जिससे क्षेत्र में पेयजल का संकट भी छाया हुआ है।

### गैगस्टर को दो साल दस माह कारावास की सजा

**फतेहपुर।** गैंगस्टर के एक आरोपी को न्यायाधीश ने दो वर्ष 10 माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला कल्यानपुर थाना के वर्ष 2021 का है। गैंगस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने गैंगस्टर आरोपी राजेश कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को दो साल 10 माह कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 7500 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। कल्यानपुर पुलिस ने 2021 में आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। आरोपी कौशांबी जिला कड़ाधाम थाना क्षेत्र के दारानगर चकचमरूपुर गांव निवासी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अमरजीत भारती व आलोक तिवारी ने बताया कि कोर्ट में आरोपी के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए गए।

### दो सगे भाइयों ने मिलकर ट्रक ड्राइवर को पीटा

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के नेवाजपुर मजरे गुरुवल गांव निवासी राजकरण ने गांव के ही रहने वाले दो लोगों पर मारपीट कर 25 हजार रुपए छीन लेने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पीड़ित राजकरण ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रविवार की दोपहर किसी बात को लेकर महिलाओं के बीच विवाद हुआ था। देर शाम पीड़ित राजकरण घर पहुंचा। उसकी पत्नी ने विवाद होने की जानकारी दी। पत्नी के साथ गाली गलौज करने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित राजकरण ट्रक लेकर मोरंग खदान बालू लेने जा रहा था। इस दौरान दोनों आरोपी महेश निषाद व माखन निषाद मिल गए। जिस पर पीड़ित ने गाली गलौज की वजह पूछी तो आरोपी दोबारा पीड़ित के साथ भिड़ गए। फिर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इस दौरान दोनों आरोपियों ने मिलकर राजकरण को बुरी तरीके से पीट दिया। साथ ही पास में रखे 25 हजार रुपए भी छीन लिए। कुछ देर बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं मामले को लेकर किशनपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित द्वारा 25 हजार रुपए छीनने का मामला संदिग्ध लग रहा है।

### मीटर रीडरों का धरना प्रदर्शन जारी, की नारेबाजी

**बिंदकी फतेहपुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत विभाग के मीटर रीडरों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। विद्युत उपकेंद्र में मीटर रीडरों ने जमकर नारेबाजी की। हमारा वेतन फिक्स करो हमारी मांग पूरी करो के नारे लगाए। चेतावनी दिया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, मीटर बिलिंग नहीं की जाएगी। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा, जरूरत पड़ी तो आंदोलन तेज भी किया जाएगा। रविवार को भी नगर के निकट खजुहा रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र में मीटर रीडरों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। वेतन वालेट में न देकर सीधे खाते में देने की मांग समेत 27 महीने से ईपीएफ का पैसा किसी मीटर रीडर के खाते में नहीं आया, अतः पैसा खाते में तत्काल दिया जाए, मीटर रीडर का अभी तक आईएसआई कार्ड नहीं बना है, इसे बनवाया जाए और सभी को दिया जाए। कहा गया कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर अरुण, दुर्गेश, धीरेंद्र, राजकुमार, सत्यम, श्रीकांत, प्रेम शंकर, संजना देवी, स्वाति देवी समेत अन्य तमाम मीटर रीडर्स मौजूद रहे।

## ये कैसे हालात

## सरकारी क्रय केंद्रों में अभी लटक रहे हैं ताले, शासन के आदेशानुसार एक मार्च से खरीद के लिए खोल दिए गए केंद्र

# क्रय केन्द्रों में न बारदाना और न ही गेहूं की आवक, बैनर भी नहीं लग सके

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



**अमृत विचार।** सरकार के निर्देश पर एक मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई। जिले में गेहूं खरीदने के लिए क्रय केन्द्र पहले से ही तय कर दिए गए हैं। सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिया गया था कि एक मार्च से पहले सभी क्रय केन्द्रों पर कांटा, बांट, बैनर तथा किसानों को सुविधाओं की व्यवस्था पूरी कर ली जाएं। गेहूं खरीद के पहले दिन कुछ क्रय केन्द्रों पर कांटा, बांट बारदाना पहुंचे वहीं ज्यादातर क्रय केन्द्रों पर तो बैनर तक नहीं लग सके। हालांकि जिले में अभी गेहूं की कटाई भी शुरू नहीं हो सकी है। क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि गेहूं खरीद केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल किया गया है। क्रय केन्द्रों पर कर्मचारी मौजूद रहेंगे और आने वाले किसानों का पंजीकरण करेंगे।

इस साल गेहूं की खरीद सरकार के निर्देश पर एक माह पहले मार्च से ही शुरू कर दी गई। अभी किसानों के गेंहू की आवक भी नहीं हुई है। जिसके चलते क्रय केंद्रों पर सन्नाटा नजर आया। सरकार ने समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

किसानों का पंजीकरण भी चल रहा है। दूसरे दिन खरीद कांटे में पहले दिन अधिकाश कांटो में बोहनी तक नहीं हो सकी। वहीं अभी मंडी में भी नया गेहूं नहीं आ रहा है। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि क्रय केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया गया है। अभी गेहूं नहीं आ रहा है लेकिन कर्मचारी क्रय केन्द्रों पर मौजूद रहकर किसानों का पंजीकरण करेंगे। पंजीकरण निःशुल्क किया जाएगा। वहीं जिन क्रय केन्द्रों पर व्यवस्थाएं नहीं मिलेंगी उन खरीद एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

**आढ़ती भी सन्नाटे में बैठे:** बिंदकी गल्ला मंडी सहित आसपास सैकड़ा भर आढ़ती हैं, लेकिन गेहूं की आवक न होने से व्यापारियों की फड़ों में सन्नाटा पसरा रहता है। आढ़ती लल्लू ने बताया कि गेंहू आने में अभी लगभग एक माह का समय लग सकता है।

### मंडी समिति भी खरीद को तैयार

- मंडी समिति बिंदकी में गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। सरकारी निर्देशों के बाद मंडी समिति में गेहूं खरीद की तैयारियां की गईं हैं। जिसको लेकर केंद्र पर बैनर, मशीन व गेहूं साफ करने के लिए सारे उपकरण तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं। बताया जाता है कि किसानों का इंतजार है और जैसे ही किसानों की आमद होती है। अच्छा व्यवहार करते हुए केंद्र पर बैठाकर तौल कराई जाएगी। वहीं किसाने की मानें तो अभी आवक में लगभग एक महीना का समय और लग सकता है। मंडी सचिव ने बताया कि आवक न आने के कारण बिल्कुल सन्नाटा है। आधी-अधूरी तैयारी के चलते फसल को सरकारी दर पर खरीदने के लिए अभी किसानों को सहूलियत मिलने वाली नहीं है। खरीद करने वाली एजेंसियों ने अभी बैनर तक नहीं लगाये हैं। जिससे किसानों का मालूम हो सके। नजदीकी केंद्र पर सरकारी खरीद भी होगी। विभाग के अफसरों के दावे की माने तो किसान की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रचार प्रसार कर रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# शाहरुख खान की फिल्म 'जीरो' से हीरो बने आशीष

दिलीप सिंह बिष्ट, छिबरामऊ (कन्नौज)

- अब अक्षय कुमार की फिल्म 'सिरफिरा' में नजर आएगा छिबरामऊ का छोरा
- चार फुट के कद ने दिलाई बड़े पर्दे पर बड़ी पहचान, झोली में आईं कई फिल्में


जानकारी देते फिल्म अभिनेता आशीष।


अभिनेता शाहरुख खान के साथ आशीष।

**18** किमी दूर है छिबरामऊ से आशीष का गांव

**2015** में शाहरुख खान से मिले थे

**अमृत विचार।** कामयाबी के लिए खूबसूरत और लंबाई होना ही मायने नहीं रखता है, उसके लिए प्रतिभा होनी चाहिए। महज चार फुट का कद रखने वाले आशीष चौहान की कहानी भी कुछ इसी तरह है। किंग खान के नाम से मशहूर सुपर स्टार शाहरुख खान की हिट फिल्म 'जीरो' से हीरो बने इस युवक ने कम उम्र में ही कामयाबी के झंडे गाड़ दिए हैं। अब वह सुपर स्टार अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'सिरफिरा' में अभिनय करते नजर आएंगे।

मायानगरी मुंबई से शहर में आए अभिनेता आशीष चौहान मूलरूप से जनपद मैनपुरी के जासमई गांव के रहने वाले हैं, जो छिबरामऊ शहर से 18 किलोमीटर दूर है लेकिन उनकी कर्मभूमि यहीं है। पढ़ाई के लिए उन्हें शहर के नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रत्यूष द्विवेदी ने प्रश्रय दिया। साल 2015 में वह दिल्ली गए तो वहां एयरपोर्ट पर गए, जहां सुपर स्टार शाहरुख खान व निर्देशक आनंद एल राय ने देखा तो उसे फिल्म 'जीरो' में काम करने का अवसर दिया। उन्हें एक ऐसे युवक की तलाश थी जो शाहरुख खान की तरह दिखे और उसका कद छोटा हो। आशीष ने फिल्म जीरो में शाहरुख खान के बचपन और जवानी का किरदार निभाया। मेकअप आर्टिस्ट ने उनका चेहरा बिल्कुल शाहरुख की तरह बना दिया था। 'जीरो' की शूटिंग ढाई साल चली और रिलीज होने के बाद यह फिल्म मेगा हिट साबित हुई। इस कामयाबी के बाद आशीष की झोली में कई बड़े बजट की फिल्में आ गईं। अब वह सुपर स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'सिरफिरा' में अभिनय करते नजर आएंगे। इससे पहले वह भोजपुरी फिल्म 'रोक लिया लहंगा' तथा जी सिनेमा की फिल्म 'क्या मेरी सोनम गुप्ता बेवफा है?' फिल्म कर चुके हैं।

### धार्मिक फिल्म 'अयोध्या नगरी' में भी दिखेंगे

आशीष चौहान का फिल्मी कॅरियर अब शुरू हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के संघर्ष को लेकर बन रही फिल्म 'अयोध्या नगरी' में भी नजर आएंगे। बता दें कि आशीष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे हैं। इस समय आशीष 'अयोध्या नगरी', 'नफीसा', 'सरकारी बच्चा', 'नोट गिल्टी', 'तेरे बिन सजनी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। बीच में कुछ समय मिलने पर वह दोस्तों, परिवारीजन और रिश्तेदारों से मिलने के लिए आए हैं। आशीष का कहना है कि सफलता उसी को मिलती है, जिसने संघर्ष किया। भले ही शुरूआत में परेशानी होती है, लेकिन बाद में उसका फल अच्छा होता है।

# लैंगिक विभेद को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीएसएम पीजी कॉलेज के एनएसएस स्वयं सेवकों को दी गईं कई जानकारियां
- शिविर के चौथे दिन जल संरक्षण पर प्रतियोगिता व महत्व भी बताया गया


योग करते एनएसएस के स्वयं सेवक व सहायक प्रोफेसर आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन बारिश की वजह से स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान के स्थान पर पर्यावरण संरक्षण व लैंगिक असमानता विषय पर चर्चा हुई। शिविरार्थियों ने स्वयं भोजन बनाया और वितरण हुआ। योग भी कराया गया।

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत व राष्ट्र गान से हुई। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायण ने स्वयंसेवकों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग एवं ध्यान की जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वरुण वशिष्ठ व मुकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से पुरातन काल से चली आ रही लैंगिक विभेद और पुरुष सत्ता वादी मानसिकता पर स्वयंसेवकों के विचारों को बताया। डॉ. प्रीति शर्मा, रेनू त्यागी व मीना दीक्षित ने जल संरक्षण विषय पर स्वयंसेवकों के बीच प्रतियोगिता कराई। जल सरंक्षण का मानव जीवन में महत्व भी बताया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, प्रधान कुलानुशासक डॉ. अमित सचान, प्रेम नारायण, पंकज राय, दिनेश कुमार, सुबोध कुमार व पंकज कुमार मौजूद रहे।

# फुटेज से सामने आया एंटीकप्शन का कारनामा

## शिकायतकर्ता शिक्षक अनुराग सिंह के साथ गए युवक ने फाइल से नीचे गिराए थे रुपये, कक्ष में घुसे लोगों ने बाबू की पिटाई की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


बाबू के ऊपर फाइल से नोट डालता युवक।


बाबू विमल पांडेय से मारपीट करते हुए।


कंप्यूटर ऑपरेटर को रोके काली जैकेट पहने युवक।

**अमृत विचार।** कानपुर से आई जिस एंटी करप्शन टीम ने 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को रिश्वतखोर बताया था, अब वह टीम खुद संदेह के घेरे में है। टीम का नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर ने सदर कोतवाली में जो रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसका भी सच सामने आ गया है। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज ने साबित कर दिया है कि एंटी करप्शन टीम की कहानी में कितने 'छेद' हैं।

बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को दोपहर 12 बजे के बाद जो भी कुछ हुआ अब वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खूब प्रसारित हो गया है। इससे एंटी करप्शन टीम की 'कलई' खुलकर सामने आ गई है। एंटी करप्शन टीम के नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शिक्षक अनुराग सिंह ने ऊपर वाली जेब से रुपये निकालकर बाबू विमल पांडेय को दिए, लेकिन सीसीटीवी फुटेज का सच कुछ और ही है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि फाइल में रुपये रखे थे, जिसे शिक्षक अनुराग सिंह के साथ गए अन्य युवक ने बाबू विमल पांडेय के ऊपर गिरा दिए और उसके बाद पिटाई शुरू कर दी। बाद में कुछ और लोग अंदर आए इसमें शामिल एक व्यक्ति ने नोट उठाए और बाबू को जबरन हाथ पकड़कर ले गए। कोतवाली में भी आरोपी बाबू ने एंटी करप्शन की कहानी को गलत ठहराया था और रुपये न लेने की बात कही थी। इसी वजह से टीम व उनके साथियों ने बीएसए कार्यालय में लगी डीवीआर के उपकरण ले गए थे। जिन लोगों ने यह कारनामा किया है, उनके भी चेहरे फुटेज में दिख रहे हैं।

> रिश्वत मांगना भी गलत है और देना भी गलत है। लेकिन कन्नौज में जो हमारे बाबू के साथ घटना हुई है उसके सीसी टीवी फुटेज सामने आ गये हैं फुटेज को कई बार देखा गया है। उसमें साफ है कि बाबू को फंसाया गया है। इसके लिए हम लोग भी लगे हुए हैं जांच करायेंगे। जो शिक्षक इस तरह के कृत्य में शामिल हैं उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। एंटी क्रप्शन की टीम के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बात की जायेगी। –डॉ महेन्द्र देव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक


बीएसए उपासना रानी वर्मा की रैक खंगालता।

### दूसरा, फुटेज बीएसए के कक्ष का है, जहां डीवीआर पार हुआ

घटनाक्रम वाले दिन दोपहर 12.33 बजे जिस कक्ष में बीएसए बैठतीं हैं दूसरे फुटेज उसके हैं। वहां नीला जींस व पीला टी-शर्ट पहने लंबा युवक घुसता है, वह भगवा अंगौछा डाले हैं। उसके साथ अधेड़ उम्र का भी व्यक्ति है। उसके गले में सफेद अंगौछा व काली जैकेट है और हाथों में झोला पकड़े है। दरवाजे से अंदर घुसते ही दोनों की नजर सीसीटीवी के डीवीआर और स्क्रीन पर जाती है। भगवा अंगौछा पहने युवक स्क्रीन का प्लग निकाल देता है जिससे स्क्रीन बंद हो जाती है। उसके बाद दूसरा अधेड़ कुर्सी खिसकाकर ऊपर चढ़कर जाता है और डीवीआर से फुटेज स्टोर होने वाला उपकरण निकाल लेता है। इसके बाद वह नीचे उतरकर वह साथ लाए झोले में रख लेता है। फिर भगवा अंगौछा पहने युवक भी उसी कुर्सी पर चढ़ता है। कुछ निकालता है और मुंह ढंककर बीएसए की कुर्सी की तरफ जाता है जो खाली थी। वह मेज में लगी दो रैक खोलता है। उसके बाद दूसरी ओर लगी रैक भी देखता है फिर बाहर चला जाता है। इसी कक्ष में एक अन्य तीसरा युवक भी दिख रहा है जो विमल पांडेय के कक्ष में मौजूद था। वह पीला, सफेद और नीला रंग का स्वेटर पहने युवक है। वह मेज पर रखी डायरी व मोबाइल उठाकर जाता हुआ दिखता है। उसके बाद औरंज व धारीदार स्वेटर पहने युवक दूसरे दरवाजे से आता है और टेबल देखकर तुरंत ही निकल जाता है।

### अमृत विचार ने पहले ही उठाया था मुद्दा

आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने पहले दिन से ही मामला उठाया था कि सीसीटीवी कैमरे के सामने आखिर कोई कर्मी रिश्वत कैसे लेगा। आरोपी बनाए गए बाबू विमल पांडेय के पास वर्तमान में एरियर का पटल भी नहीं है। इसी सच को छिपाने के लिए ही डीवीआर से उपकरण गायब कर दिए गए।

> सीसीटीवी फुटेज देखकर साबित हो गया है कि बाबू विमल पांडेय को जानबूझकर फंसाया गया है। फाइल जबरदस्ती आगे बढ़ाई गई और उसके बाद पिटाई की गई। जब क्राइम हुआ ही नहीं तो पिटाई बेवजह की गई है। एंटी करप्शन टीम का यह कारनामा प्रायोजित लग रहा है। इसमें अन्य लोग भी शमिल हैं। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। शिक्षक व अन्य संगठनों में रोष व्याप्त है। –उदय नरायन यादव, जिलाध्यक्ष– प्राथमिक शिक्षक संघ



> डीएम से मिलकर पूरी बात बताई जाएगी। साथ ही निष्पक्ष जांच करने और झूंठा फंसाने वालों पर कार्रवाई की मांग होगी। सीसीटीवी फुटेज से सब सामने आ गया है। अन्य कर्मचारी संगठनों से भी बात हो रही है। संयुक्त राज्य कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डॉ. अशोक सविता को भी इससे अवगत करा दिया गया है। पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए सभी से सहयोग मांगा जाएगा। –अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष– यूपी बेसिक शिक्षा कर्मचारी एसोसिएशन



## सीसीटीवी फुटेज में दिखा कब, क्या व कैसे हुआ?

**कन्नौज।** पहले वायरल हुए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि 29 फरवरी को दोपहर 12.24 बजे विमल पांडेय अपने एक सहयोगी कंप्यूटर (ऑपरेटर) के साथ कक्ष में बैठे थे और फोन पर बात कर रहे थे। एक मिनट बाद दरवाजा खोलकर नीली शर्ट व खाकी रंग का पैंट पहनकर युवक अंदर घुसता है। उसी के साथ प्राथमिक स्कूल गौरी बांगर ब्लॉक गुगरापुर के शिक्षक अनुराग सिंह यादव अन्नू भी हाथ में फाइल लेकर अंदर आता है। शिक्षक अनुराग कुर्सी पर बैठे विमल पांडेय के पैर छूता है। इससे पहले वह फाइल नीले शर्ट वाले युवक को दे देता है। दरवाजे के पीछे अन्य लोग भी खड़े हैं जो शीशे में दिख रहे हैं। इस दौरान विमल पांडेय फोन पर बात ही रहे हैं। दूसरा मोबाइल टेबल पर रखा है। उस पर वह कुछ देखते हैं। पहले फोन पर बात होने के बाद वह उसे कंप्यूटर ऑपरेटर को दे देते हैं। इसी दौरान नीली शर्ट पहने युवक फाइल विमल पांडेय के टेबल पर रखे हाथों की ओर बढ़ाता है। फिर शिक्षक अनुराग उसे उठाकर अपने साथी नीली शर्ट वाले युवक को पकड़ा देता है। कुछ ही देर में वह युवक फाइल से नोट विमल पांडेय के पैरों पर गिरा देता है और पिटाई करने लगता है। इसी बीच एक अन्य तीसरा युवक पीठ पर बैग टांगकर अंदर आता है। वह भी बाबू की जमकर पिटाई करता है। तीन अन्य लोग भी अंदर आते हैं और बाबू के हाथ पकड़कर उठा देते हैं और जबरन खींचकर ले जाते हैं। इस दौरान जो युवक पीठ पर बैग टांगकर अंदर घुसा था वह जमीन पर गिरे नीचे से नोट उठाता है। एक युवती भी मुंह पर मास्क लगाकर आती है और मोबाइल से वीडियो बनाने लगती है। इस बीच काली कोटी व सफेद शर्ट पहने व्यक्ति ही बचता है और वह बाबू के सहयोगी को बाहर जाने से रोकता है उसको पकड़कर कंप्यूटर की ओर अंदर ले जाता है। टेबल व नोट गिरने वाले स्थान पर ताकझांक करने के बाद काली कोटी पहने व्यक्ति बाहर चला आता है। कंप्यूटर ऑपरेटर नीचे टूटा चश्मा उठाता है। 12.27 तक यह पूरा वाकया हो जाता है।

### दूसरे डीवीआर से सामने आई सच्चाई

बीएसए कक्ष में लगा डीवीआर तो कुछ लोग उखाड़ ले गए, लेकिन उनको दूसरे डीवीआर की जानकारी नहीं थी जो बाबू विमल पांडेय के ही कक्ष में लगा था। दोनों डीवीआर में सीसीटीवी फुटेज का बैकप स्टोर हो रहा था। रविवार को बैकप निकाला गया जिससे मामले का पूरा सच सामने आ गया है।

## केन्द्र में हुई चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चोरों ने जच्चा बच्चा केन्द्र के मुख्य गेट सहित अलमारी आदि का ताला तोड़कर दस्तावेज चोरी कर लिए। जबकि दवाईयों सहित अन्य सामान तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। कस्बा समधन स्थित जच्चा बच्चा केंद्र में चोरों ने धावा बोलते हुए मुख्य गेट सहित सेफ अलमारी का ताला तोड़कर अभिलेख चोरी कर लिए। केन्द्र पर रखी दवाइयों और अन्य सामान को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। दवाइयां, गैस चूल्हा, इंडेक्शन, पास के प्लाट में सुबह पड़ी मिली। घटना की जानकारी एएनएम श्रद्धा देवी ने विभागीय अधिकारियों को दी। एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है।

# आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर थाने में दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- इंस्पेक्टर ने कार्रवाई करने के लिए मांगा थे चार दिन
- आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दिया धरना


सौरिख थाने के इंस्पेक्टर से बात करते पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व अन्य।

**अमृत विचार।** सौरिख थाना क्षेत्र के गांव के हूसेपुर करन में दबंगों की छेड़खानी से आहत नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली थी। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने कार्यकर्ताओं के साथ थाने में धरना दिया। इंस्पेक्टर ने चार दिन में आरोपी को गिरफ्तार के अश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव साथियों के साथ हूसेपुर करन गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से बात की। परिजनों को पूरी तरह से भरोसा दिया कि वह उनकी पूरी मदद करेंगे। छेड़खानी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं के साथ सौरिख थाने पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्टर से बात की। कहा कि इन दबंगों से आहत होकर किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी नहीं की है। जब इस मामले में गांव के ही दबंग किस्म के लड़के शामिल थे। इनके खिलाफ मुकदमा तो दर्ज हो गया था, परंतु उनकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं की गई है। जिस कारण पीड़ित परिवार डरा और सहमा है।

इस पर सौरिख थाने के इंसपेक्टर ने अश्वासन दिया कि चार दिन में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस पर धरना समाप्त कर दिया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने सरकार पर पीड़ित परिवार की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा आज तक इस गरीब परिवार को सरकार की तरफ से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि गरीब परिवार की आर्थिक सहायता की जाए, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गिरफ्तारी नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर हजारों साथियों के साथ धरने पर बैठेंगे और तब तक नहीं हटेंगे जब तक गिरफ्तारी नहीं हो जाती। इस मौके पर सोनू यादव, गोलू यादव, जीतू, विपिन, आलोक प्रधान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


सरकार की योजनाओं की जानकारी देते आनंद गुप्ता। अमृत विचार

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने बूथ चलो, बूथ जीतो महा अभियान के तहत जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रविवार को नगर के शक्ति केंद्र मोहल्ला इब्राहीम गंज के बूथ संख्या 153 पर बूथ समिति के साथ प्रवास एवं बैठक करने के बाद घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया और अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार का नारा देते हुए भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते संत महात्मा। अमृत विचार

### संत महात्माओं ने भंडारा में ग्रहण किया प्रसाद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जलेसर स्थित याज्ञवल्क्य आश्रम में रविवार को श्रीराम कथा समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आश्रमों के संत महात्माओं सहित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। याज्ञवल्क्य आश्रम में श्री सीताराम महाराज के सानिध्य में चल रही श्री राम कथा के विराम पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही संत, महात्माओं सहित श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। भक्तों में बरसात होने के बाद भी आश्रम पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सर्वप्रथम सीताराम महाराज ने ठाकुर जी महाराज और आश्रम परिसर में सभी देवी देवताओं का भोग लगाकर संतजनो को भंडारा प्रसाद वितरण किया। भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान संत सीताराम महाराज, दिगंबर दास, हरि सिंह महाराज, आशुतोष दास, हाकिम सिंह, प्रभाकर सिंह, शिवम गुप्ता, लाखन कनौजिया आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

**लापरवाही** — ठठिया के दौलतपुर में एक दुकान का मामला, पुलिस ने गम्भीरता से नहीं था मामला

# चोरी और दुष्कर्म का प्रयास, इंस्पेक्टर नपे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- इंस्पेक्टर ने चोरी की नहीं लिखी रिपोर्ट
- फुटेज सामने आने पर एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** बीते दिनों दुकान में चोरी के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ तो बालिका से दुष्कर्म का प्रयास भी सामने आया। एसपी ने पूरे मामले में ठठिया थाने के इंस्पेक्टर को लापरवाह मानते हुए लाइन हाजिर कर दिया। सदर कोतवाली के दूसरे इंस्पेक्टर को थाने का चार्ज दिया गया। इसके बाद मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया। इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच क्षेत्राधिकारी तिर्वा को सौंपी गई।

थाना ठठिया क्षेत्र के एक गांव में दुकान से हजारों रुपये चोरी होने की शिकायत ठठिया थाने के इंस्पेक्टर अजय कुमार अवस्थी से की गई थी। इसमें उसकी दुकान में काम करने वाले नाबालिग लड़के को आरोपी बनाया गया था। चोरी का वीडियो वायरल होने पर मामले की जांच एसपी के निर्देशपर सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई ने की तो मामला सच पाय. गया। चोरी के साथ ही किशोर ने एक बालिका से दुकान के अंदर दुष्कर्म का प्रयास किया। जांच में इसकी पुष्टि होने पर एसपी ने इंस्पेक्टर अजय कुमार अवस्थी को लाइन हाजिर कर दिया। ठठिया थाने के दूसरे इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह को ठठिया थाने की जिम्मेदारी सौपी है।

पुलिस ने आनन फानन में दुकान मालिक व बालिका के पिता से तहरीर लेकर किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि मामले में दुकान में काम करने वाले नाबालिग लड़के को आरोपित किया गया था। जिसकी जांच में पुष्टि हुई है। तहरीर के आधार पर थाना ठठिया पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही नाबालिग लड़के का एक नाबालिग लड़की के साथ आपत्तिजनक वीडियो के संबंध में लड़की के अभिभावकों से संपर्क किया गया किंतु अभी तहरीर नही दी गई है। यदि तहरीर दी जाती है तो कार्रवाई की जायेगी। पूरा मामला थाना प्रभारी निरीक्षक ठठिया अजय कुमार अवस्थी की लापरवाही प्रतीत हुई है। उनको थाना प्रभारी निरीक्षक पद से हटा कर लाइन में किया गया है। विभागीय जांच कराई जायेगी।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चढ़ गया बारिश की भेंट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- 36 मरीजों के मिला परामर्श व उपचार

**अमृत विचार।** दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जहां जनजीवन अस्त व्यस्त रहा, वहीं बदलते मौसम से सर्दी ने बीमारियां बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। को भी बढ़ावा दे दिया है। ऐसे में जहां रोगियों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को पीएचसी पर आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों की संख्या कम रही।

रविवार को नगर के चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सुबह से सन्नाटा पसरा रहा। जन आरोग्य मेला में तैनात डॉ. अभिषेक दुबे मरीजों का इंतजार करते नजर आए। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में सर्दी, गर्मी और बरसात के कारण वायरल फीवर के मरीज अधिक आ रहे है।

जबकि सर्दी, खांसी, जुकाम, चर्म व उदर रोग के मरीज अधिक आ रहे है। सामान्य दिनों में 100 से 120 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए आते है। लेकिन बरसात के कारण मरीजों की संख्या कम है। बताया कि बदलते मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखे और गर्म कपड़े पहने। सुबह शाम की सर्दी रोगों को बढ़ावा दे रही है।

# बारिश और ओलावृष्टि से फसलें चौपट

## पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के कारण रात में गिरा पानी, बढ़ी ठंड, तेज हवा से गिरी फसलें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के चलते जिले में बेमौसम बारिश का कहर फसलों पर टूट पड़ा है। मौसम की मार से अन्नदाता परेशान है। बेमौसम में बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों के बचे अरमानों पर भी पानी फेर दिया है। आलू, टमाटर, मटर, सरसों समेत सभी सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। गेहूं के लिए वरदान कही जाने वाली बारिश के साथ गिरे ओलों ने नुकसान पहुंचाया है।

बारिश से खेत जलमग्न होने से फसलों को बर्बाद होना तय है। सबसे ज्यादा असर आलू की फसल पर पड़ा है, जो जमीन के अंदर सड़ने की संभावना है। फसल जलनिकासी करके कुछ बचती है तो नमी व गिरते तापमान से नष्ट हो जाएगी। इससे पहले फरवरी में तीन बार हुई बारिश व एक बार ओलावृष्टि ने फसलों को बर्बाद किया था, जिसमें सबसे ज्यादा आलू सरसों व गेहूं की फसल नष्ट हुई थी।

कृषि विभाग नुकसान का आंकलन कर रहा है। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिन फसलों का बीमा है वह 72 घंटे के अंदर टोलफ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के साथ जिला कृषि अधिकारी या उपनिदेशक कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराएं। मौसम विभाग का कहना है कि अभी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके चलते बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है।


बारिश व तेज हवा से गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार


नगर के तिर्वा रोड पर सड़क किनारे हुआ जलभराव। अमृत विचार

### बारिश के साथ बिजली भी दे गई दगा

रविवार को बारिश के बाद जिले भर में बिजली दगा दे गई। जिले में कई स्थानों पर जंपर टूटने की घटनाएं हुईं, जिससे कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। हालांकि विद्युत विभाग के कर्मचारी लगातार फाल्ट ठीक करने में जुटे रहे लेकिन बारिश और ओलावृष्टि मरम्मत कार्य में बाधा बनी रही। शहरों में तो बिजली बहाल कर दी गई लेकिन ग्रामीण इलाकों में अंधेरा कायम रहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टीमों को क्षेत्र में भेज दिया गया है। जल्द ही सभी क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## बरसात के साथ ओलावृष्टि ने बढ़ाया संकट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रविवार सुबह से ही आसामान में छाए काले बादलों के बीच बरसात शुरू हो गईं। जबकि शनिवार देर रात तक बरसात होती रही। लगातार हो रही बरसात के कारण खेतों में जलभराव हो गया। जिसके चलते खेतों में तैयार खड़ी आलू, सरसों, मटर, टमाटर सहित सब्जी की फसलों पर बर्बादी के बादल छा गए। सुबह बरसात के बीच हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। तेज हवाओं, बरसात और ओलावृष्टि के बाद किसानों के सामने बर्बाद हो रही फसल को बचाने की चुनौती है। जगह-जगह हुए जलभराव के कारण आवागमन करने वालों को भी खासी परेशानी है।

### बारिश के साथ गिरे ओले किसान परेशान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को अचानक तेज बारिश के साथ गिरे ओलों ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है, क्योंकि खेतों में खड़ी फसल को ओलों से काफी हद तक नुकसान पहुंच सकता है। वहीं तेज हवाओं ने भी अपना असर दिखाते हुए सर्दी को बढ़ा दिया है।पिछले दो दिनों से अचानक मौसम के बदलने के कारण नगर में हुए बारिश तथा तेज हवाओं ने जहां सर्दी का एहसास बढ़ा दिया।

## आसमान से बरसी आफत

**जलालाबाद, कन्नौज।** रविवार को कस्बा सहित क्षेत्र के ग्राम खुदलापुर, प्रतापपुर, मूसरि, तिलपही, डिगसरा, मसीटपुर्वा आदि ग्रामों में बे-मौसम बरसात व ओलाबृष्टि से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुबह बारिश के बाद हुई ओलावृष्टि ने संकट को और गहरा दिया है। किसानों ने बताया कि इस समय सरसों, गेहूं व आलू की फसल तैयार है। खेतों में आलू के ढेर लगे हैं। ओलावृष्टि होने से फसलों को ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। वही सरसों की पकी फसल को सड़ने का खतरा बढ़ गया है। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो लागत और मुनाफा दोनों ही खेत में बर्बाद हो जाएगी। उधर बारिश के कारण क्षेत्र की अधिकांश सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे आवागमन में राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।


रविवार को गिरे ओले दिखाता युवक।

# सड़क हादसों में दो की मौत, एक युवक घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बाइक सवार घायल हो गया। ग्राम सरायगोपाल एन एच 34 जीटी रोड पर दो बाइकों की हुई आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया, वहां चिकित्सक ने परीक्षण के उपरान्त युवक को मृत घोषित कर दिया।

जनपद मैनपुरी के ग्राम नगला महुआ निवासी छविनाथ सिंह पुत्र प्यारे की भतीजी ज्योति की शादी थाना क्षेत्र के लड़ैता गांव के पास स्थित अक्षरधाम गेस्ट हाउस में थी। रविवार को बारात की विदाई के बाद शाम करीब 4 बजे छविराम थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी रिश्तेदार जोगराज पुत्र विशुनदयाल के साथ वापस गांव लौट रहा था। जब वह लोग जीटी रोड हाइवे पर ग्राम सरायगोपाल के पास फ्लोर मिल के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। इसके बाद बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों घायलों को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जोगराज को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल छविनाथ को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर किया।


जोगराज।


विनोद कुमार।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बटेला निवासी विनोद कुमार शाक्य (45) ग्राम नकटपुर में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर ट्रैक्टर चलाने का कार्य करते थे। शनिवार देर रात वह दुकान बंद कर बाइक से वापस घर जा रहे थे। सौरिख रोड पर ग्राम नकटपुर के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विनोद कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन लेकर चालक भाग गया। पुलिस ने विनोद को नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के शव को मोर्च्युरी में रखवाया गया। वहीं जाकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पत्नी सर्वेश कुमारी शव देखकर बदहवास हो गई। विनोद बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे।

# मेडिकल कालेज का नाम बदला

संवाददाता,तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** इमरजेंसी ओटी का फीता काटकर शुभारंभ करने के साथ राज्यमंत्री ने मेडिकल कालेज नाम बदलने की होर्डिंग का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाम बदलकर समाज के लोगों को भाजपा सरकार ने सम्मान देने का काम किया।

राजकीय मेडिकल कालेज का सीएम योगी ने नाम बदल दिया। रविवार को नया नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर राम जी चिकित्सा महाविद्यालय की घोषणा की। वहीं, दो दिन पहले शासन से आए नाम बदलने का पत्र आने के बाद कालेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी। रविवार को मेडिकल कालेज पहुंचे राज्यमंत्री असीम अरुण, सासंद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत ने कालेज की इमरजेंसी में बारह साल से बंद पड़ी ओटी का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही राजकीय मेडिकल कालेज का नाम बदल कर डा. भीमराव आंबेडकर राम जी चिकित्सा महाविद्यालय लिखी हुई होर्डिंग का अनावरण किया। इसके बाद कालेज में एक गोष्ठी की। इस दौरान राज्यमंत्री ने मौजूद लोंगो को संबोधित करते कहा भाजपा सरकार का जो नारा सबका साथ सबका विकास का दिया वह पूरी तरह से सार्थक हो रहा है। सरकार सभी समाज के लोंगो के साथ है। उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हु एकहा कि सपा मुखिया को क्या समाज के लोंगो से दिक्कत थी, जो बाबा साहब का नाम बदल दिया। उन्हें समाज के लोंगो से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने समाज को फिर एक बार मेडिकल कालेज का नाम बदलकर सम्मान दिया है। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किए है। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल, सौरभ गुप्ता, शिशुपाल सिह, मनोज सविता आदि मौजूद थे।


मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में प्राचार्य से बात करते सांसद, मंत्री, विधायक व अन्य।

- राज्यमंत्री ने ओटी का उद्घाटन कर मेडिकल कालेज नाम बदलने का किया अनावरण

## सार-संक्षेप


शपथ लेते युवक-युवतियां व अन्य लोग। अमृत विचार

### महादेवी घाट पर पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**कन्नौज।** विश्व वन्य जीव दिवस पर जिला परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी के नेतृत्व में महादेवी घाट पर जन जागरुकता कार्यक्रम हुआ। इसमें गंगा गांव के युवक-युवतियों व गंगा प्रहरी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। उनको पर्यावरण संरक्षण के पंफलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय वन्य जीव संस्थान के प्रोजेक्ट एसोसिएट पवन कटियार व फील्ड असिस्टेंट शाबान खान उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमार व वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहे शोहदों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में गशत कर रहे उपनिरीक्षक देवीचरण साहू ने शनिवार को टीबी अस्पताल के निकट छापेमारी की, जहां पुलिस ने आने जाने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहे नगर के तिराहा निवासी आकाश कुशवाहा व ग्राम लाड़पुर निवासी रिंकू बाथम को पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर महंत ने सौंपी जिम्मेदारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में महंत प्रेम गिरि महाराज ने मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर बताया कि आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में भव्य मेला लगेगा। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था को लेकर सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दीं। इस दौरान सौरभ गुप्ता, अंकित मिश्रा, ऋषि गुप्ता, दीपक राजपूत, वैभव चौहान, प्रियम गुप्ता, गोलू, राज, श्याम वर्मा ऋषभ दुबे आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक। अमृत विचार

### भाजपा ने किया कठेरिया समाज, चौकीदारों को सम्मानित

**कन्नौज।** रविवार को निगम मंडी में भाजपा ने चौकीदारों को सम्मानित किया तथा शासन की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया। केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार खटीक ने माल्यार्पण कर सभी चौकीदारों को सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुखों की बैठक ली तथा चुनाव के सबंध में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश को काफी विकास हुआ है। इस बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र दिया। बूथ के पदाधिकारियों ने मंत्री का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता रामसेवक कठेरिया समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


श्रद्धांजलि देते संगठन के लोग। अमृत विचार

### गायक पंकज उधास को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** छिबरामऊ महोत्सव की युवा समिति के तत्वाधान में बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में गायक पंकज उधास के निधन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप प्रधान ने कहा कि पंकज उधास के गाने सर्वाधिक लोकप्रिय हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को हुआ था। वह एक भारतीय ग़ज़ल और पार्श्व गायक थे, जो हिंदी सिनेमा और भारतीय पॉप में अपने सादगी और काम के लिए जाने जाते हैं। दिवंगत गायक कलाकार को समर्पित करते हुए रमई दुबे ने आदमी खिलौना है, रब जो चाहे वही तो होना है... लकी पौल ने जिए तो जिए कैसे, बिन आपके... सुशांत ने मत कर इतना गुरूर, चेहरे पे ए हसीना... राहुल दुबे और सारांश ने तेरे दर पे सनम हम, चले आए... संजीव चौहान ने चांदी जैसा रंग है तेरा, सोने जैसी बाल...अरुणेश चतुर्वेदी ने मोहब्बत इनायत, सनम देखते हैं... गाने की पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छिबरामऊ महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा लेजेंडरी गजल सिंगर पंकज उधास ने 72 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा जरूर कह दिया है, लेकिन उनके अमरत्व प्राप्त गाने सदैव लोगों के दिलो में उन्हें जीवित रखेंगे। अंत में सभी ने नाम फिल्म के उनके द्वारा गाया गया लोकप्रिय गाने चिट्ठी आई है ..वतन से चिट्ठी आई है... को गाकर उन्हे नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।


प्रेस वार्ता में बोलते सिकंदर यादव व अन्य। अमृत विचार

### भाजपा सरकार ने जनता को दिया धोखा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने रविवार को पश्चिमी बाईपास स्थित लोहिया भवन में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के अधिक्कताओं का समर्थन सपा को मिल रहा है। सपा की सरकार बनने पर प्रदेश के अधिक्कताओं के लिए नये चैम्बर बनवाये जायेंगे। उन्होंने अधिक्कताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के लिए समर्थन भी मांगा। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन की सरकार बनेगी तो अधिवक्ताओं के लिए सरकार की ओर से नई योजनाएं लायी जायेंगी। सपा सरकार में ही अधिवक्ताओं का सम्मान सुरक्षित रहता है। देश व प्रदेश सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए कुछ नहीं किया। कोविड-19 के दौरान कई अधिवक्ताओं को सहायता की आवश्यकता थी, लेकिन भाजपा सरकार ने किसी की भी मदद नहीं की। इस दौरान प्रदेश महासचिव सर्वेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष व बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव चंद्रजीत यादव, प्रदेश सचिव सुनील कुमार सिंह, रविपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव शोएब, अजय यादव, मोहित यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### मानव कल्याण के लिए दुनिया में आते सदगुरु

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रविवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित क्षेत्र से आए सत्संगियों ने प्रवचन सुनकर उन्हें जीवन में उतारने और मानव सेवा करने का संकल्प लिया। संत निरंकारी सत्संग में फर्रुखाबाद के महात्मा लालमणि ने बताया कि सद्गुरु सदैव मानव का कल्याण करने के लिए ही दुनिया में आता है। जो सद्गुरु के अनुसार जीवन को जीता है। वह ऊंचाइयों पर जाता है। सद्गुरु सदैव अपने शिष्यों को सद मार्ग पर चलने की सीख देता है। जो व्यक्ति गुरु के अनुसार चलता है। गुरु का सम्मान करता है।

## एक नजर

### चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म

**तिर्वा, कन्नौज।** नाबालिग भाई ने चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म की घटना में पीड़ित की तहरीर पर आरोपी को के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग ने अपनी चचेरी बहन के साथ 29 फरवरी को घर पर अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब समझौता नही हुआ तो पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

### 18 वाहनों के हुए चालान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रविवार को कोतवाल जेपी शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह ने नगर के तिराहा व चैराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें पुलिस ने 18 वाहनों के चालान किए। वाहन चेकिंग अभियान को देख वाहन चालकों में हडकंप मच गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश कर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को चेतावनी भी दी।

# बोर्ड परीक्षा: अंग्रेजी के पेपर में नकल लाया परीक्षार्थी, पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भारतीय जनता इंटर कॉलेज पट्टी हसेरन का मामला
- डीआईओएस ने ही जिले में पकड़ा दूसरा नकलची

**अमृत विचार।** भारतीय जनता इंटर कॉलेज पट्टी हसेरन में चल रही दूसरी पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया। उसके खिलाफ डीआईओएस ने कार्रवाई की। अब तक जिले में पकड़े गए दोनों डीआईओएस के ही खाते में गए हैं। अन्य सचल दल के हाथ खाली हैं।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि दो मार्च को परीक्षार्थी पंजीकरण व प्रवेश पत्र में रिक्त स्थान पर हस्त लिखित नकल लाया था। इसके अलावा पारदर्शी पन्नी व दफ्ती में भी हाथों से लिखकर नकल कक्ष तक लाई गई थी। कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि अंग्रेजी की परीक्षा में पंजीकृत परीक्षार्थी 22,486 थे, उसके सापेक्ष उपस्थिति 21,014 रही।

परीक्षा में न आने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 1472 है। इसी तरह सुबह की पाली में इंटरमीडिएट में संगीत गायन, वादन विषय के पेपर में 232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष 227 उपस्थित हुए और पांच अनुपस्थित हुए।

# विद्यालयों को मिलेगा स्वच्छ जल

कार्यालय, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में 13 राजकीय हाईस्कूल में स्वच्छ पाइप पेयजल का लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल शिलान्यास किया। कार्यक्रम का प्रसारण भी दिखाया गया।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत स्वच्छ पाइप पेयजल योजना का काम कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस जल निगम नगरीय पूरा करेगी। कार्यक्रम में पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकारी स्कूलों मे पढ़ने वाले छात्रों को अच्छी पढाई के साथ उन्हे स्वच्छ पेयजल मिलेगा। स्कूलों की बाउंड्रीवाल के साथ स्मार्ट कक्षाएं भी लगेंगी।



शिलान्यास के रखे शिलापट। अमृत विचार

### मंत्री ने डीआईओएस पर जताई नाराजगी

सीएम के लाइव शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रसारण में व्यवधान देखकर मंत्री असीम अरुण ने डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह पर नाराजगी जताई। साथ ही सीएम से शिकायत करने की बात कही। हालांकि बताया गया है कि सीएम के संबोधन के समय प्रसारण शुरू हो गया था।

### इन विद्यालयों के लिए हुआ वर्चुअल शिलान्यास

राजकीय हाईस्कूल जोगिनीपुर, फुलवारी, ड्योढ़ा, राजकीय हाईस्कूल हुसेपुर करन, रामखेड़ा, भोजपुर निगोह, भंवरगाढ़ा, वैंसावारी, मुरैया बुजुर्ग आदि में पेयजल योजना के लिए शिलान्यास हुआ।

**बजट से होंगे काम** वर्ष 2023-24 का 60 .81 करोड़ रुपये का पुनरीक्षित बजट भी शामिल किया

# जिला पंचायत में 29 .76 करोड़ से होंगे काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला पंचायत के लिए वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित 29 करोड़ 76 लाख 15 हजार 981 रुपये का मूल बजट पास हो गया है। इस बजट से जनपद के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसी तरह वर्तमान वर्ष 2023-24 का 60 करोड़ 81 लाख 96 हजार 433 रुपये का पुनरीक्षित बजट भी शामिल किया गया है।

विकास भवन सभागार में 28 फरवरी को जिला पंचायत की बैठक हुई थी। इसमें अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) जग प्रसाद मौर्य की ओर से दिए गए आय-व्यय के लेखा-जोखा में कई मदों का जिक्र किया गया है। सरकार से मिलने वाले अनुदान में 24.50 करोड़ रुपये, करन व शुल्क 44.50 लाख, संपत्ति से आय 40 लाख, कृषि व तरुपालन में 10 लाख, ब्याज में 80 लाख, प्रकीर्ण (टेंडर धनराशि) में 30 लाख व असाधारण व ऋण में एक करोड़ रुपये रखा गया है। इसके अलावा एक अप्रैल 2023 का प्रारंभिक अवशेष भी दो करोड़ 21 लाख 65 हजार 981 रुपये जोड़कर कुल 29.76 करोड़ रुपये मूल बजट में शामिल किया गया है। बैठक वाले दिन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व कई जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा समेत अन्य प्रमुख भी शामिल रहे थे।



जिला पंचायत का भवन। अमृत विचार

- विकास भवन सभागार में 28 फरवरी को हुई थी बैठक

> मूल बजट पारित हो गया है। कर सूची व गांव की दुकानों से वसूली कर जिला पंचायत की आय बढ़ाने का भी खाका बना है। करीब 29 करोड़ का अनुमानित बजट पास हुआ है।
>
> -जग प्रसाद मौर्य, एएमए- जिला पंचायत

### यह है 2023-24 का पुनरीक्षित बजट

- 22 करोड़ रुपये सरकार से मिला अनुदान।
- 51 लाख रुपये कर व शुल्क।
- 95 लाख रुपये संपत्ति से आय।
- 10 लाख रुपये कृषि व तरुपालन
- 83 लाख रुपये ब्याज।
- 30 लाख रुपये प्रकीर्ण।
- 1.40 करोड़ रुपये असाधारण व ऋण।
- 34 .72 करोड़ रुपये एक अप्रैल 2023 का प्रारंभिक अवशेष।

# फोन लगा कर पुलिस की लें सहायता, किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- एलईडी के माध्यम से बता रहे कैसे लें निशुल्क फोन कर मदद

**अमृत विचार।** प्रदेश पुलिस की ओर से दी जा रहीं आकस्मिक सेवाओ के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक व एलईडी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

अपर पुलिस महानिदेशक डायल 112 के निर्देश पर यूपी 112 पुलिस, फायर सर्विस समेत कई अन्य तरह से लाभ देने जैसे महिला पीआरवी, नाइट स्कार्ट एवं सवेरा योजना से आमजन को जागरूक करने का कार्य पुलिस कर रही है। इन्हीं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये पुलिस विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। शनिवार से पुलिस व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने पूरे जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के भीड़-भाड़ व सार्वजनिक स्थानो पर पहुंच कर यूपी 112 पुलिस ने पुलिस के कार्यों की जानकारी देकर जागरूक किया। कलाकारों ने लोगों को बताया कि मदद मांगने पर किस तरह पहुंच कर पीड़ित की सहायता पुलिस करती है। इसके वारे में विस्तार से बताया जा रहा है। रात में यदि किसी वजह से कहीं रास्ते में फसने पर तत्काल यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर संबंधित महिला या युवती के पास पहुंच कर उसे घर तक पहुंचाने का कार्य करती है। महिलाओं को रात में अकेला नहीं निकलना चाहिये।

# ओले गिरने से गेहूं व सरसों की फसल मटिया-मेट

## आम के पेड़ों पर लदा बौर झड़ा, बागवानी फसलों को भी भारी क्षति

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** खेतों में लहराती खड़ी गेहूं व सरसो की फसल पूरी तरह से नष्ट होने से किसान माथा पकड़ कर बैठ गया है। वहीं बागवानी वाली फसलों में भी भारी क्षति हुई है। बताते चलें कि आलू की मंदी से बेजार किसानों ने गेहूं की फसल से घाटा निकाल लेने के लिए खून पसीना बहाकर गेहूं की फसल तैयार की थी। आज हुई आलावृष्टि की वजह से गेहूं और सरसों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। किसान मशरूम निवासी भाऊपुर चौरासी का कहना है कि उसने साधन सहकारी समिति से ऋष्ट्रा लेकर गेहूं की 14 बीघा फसल तैयार की थी। ओले पड़ने से पूरी तरह से फसल नष्ट हो गई है। अब वह ऋष्ट्रा अदा करने में लाचार हो गया है। पूरे जिले में करीब 5 मिनट तक ओले गिरते रहे। इसका प्रभाव सरसों और गेहूं की फसल पर पड़ा है। गांव कमालपुर के आलू किसान अनु सिंह ने बताया कि ओले और बारिश से आलू की फसल को भारी क्षति हुई है। खेतों में खुदा लगा आलू ओले की मार से घायल हो गया है ।जिससे आलू के सड़ जाने की शत प्रतिशत संभावना हो गई है ।उनका कहना है कि आलू में लगातार घाटा पढ़ने से इस समय किसान खून के आंशू रो रहा था लेकिन बारिश और ओले पड़ने से अब किसानों को आत्महत्या के अलावा दूसरा कोई रास्तानहीं बचा है। किसानों का कहना है कि आलू की फसल में घाटा पढ़ने से किसान परेशान था ।गेहूं की फसल अच्छी देखकर किसानों को उम्मीद जगी थी कि इस फसल के दाम उन्हें जब अच्छे मिलेंगे तो आलू का घाटा निकल आएगा। लेकिन ओले पड़ने से गेहूं की फसल खेतों में ही खत्म हो गई है। गेहूं की बाल टूट-टूट कर गिर गई है। ओले बरसने से अमृतपुर, कमालगंज सदर के विकास खंडों में आने वाले गांव में खड़ी फसलों को भारी छाती हुई है। अब किसान कहीं का नहीं रहा है। गेहूं सरसो की फसल नष्ट हुई है उसका मुआबजा सरकार को किसानों को देना चाहिये।



खेतों में टूटी पड़ी की फसल। अमृत विचार



पहले पाला अब ओले ने बर्बाद की फसलें। अमृत विचार

### बागवान बोले ओले पड़ने से झड़ गया बौर

**फर्रुखाबाद।** मलिहाबाद के बाद कायमगंज क्षेत्र में आम के बागों की बहुतायत है। यहां का दशहरी आम पूरे भारत में जाता है। नर्सरी के मालिक संदीप गंगवार का कहना है कि ओले बरसने से आम का पूरा बौर झड़ गया है। उनका कहना है कि आम के बाग खरीदने वाले लोग बागों की बौर आते ही खरीद कर लेते हैं। यह फसल बर्ष होने की बजह से आम की फसल अच्छी होने का अनुमान लगया जा रहा था। ओला पड़ने से सारा बोर झड़ गया है। इससे बागवानों को जहां भारी घाटा पड़ा है। वही आम की फसल न के बराबर आना तय हो गया है ।संदीप गंगवार बताते हैं कि बौर को खत्म करने के लिए पानी काफी है ।यहां तो काफी समय ओले बरसे हैं ।जिससे आम के बागवानों को भारी घाटा हुआ है।

### मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे

इस संबंध में जिला शाक–भाजी अधिकारी राम नारायण वर्मा का कहना है कि यह दैवी आपदा है। फिलहाल किसानों की क्षति का आंकलन कराकर उन्हें मुआवजा देने का प्रयास किया जाएगा।

### तंबाकू, दलहनी एवं सब्जी की फसलों को हुआ भारी नुकसान

**फर्रुखाबाद ।** लगातार 2 महीने तक पड़ी भीषण सर्दी के बाद सूर्य की तपन बढ़ी तो लोगों ने कुछ राहत की सांस ली थी। पाला से खेतों में खड़ी फैसलें पहले से ही कम उपज होने का संकेत दे रही थीं। जब कुछ गर्मी पड़ी तो फसलों ने रंग बदला उनमें ग्रोथ हुई। उम्मीद बढ़ी की अब कुछ नुकसान की भरपाई हो जाएगी। ऐसी स्थिति में किसानों को उम्मीद हुई थी। उस पर पिछले दो दिन से आकाश में घुमड़ते बादलों से रह – रह कर हो रही वर्षा, तेज हवाओं के झोंकों के साथ ही लगभग हर जगह कहीं कम तो कहीं ज्यादा हुई ओलावृष्ट ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। जिन खेतों में पहले से सिंचाई की जा चुकी थी। वर्षा की बूंदे तथा तेज हवा ने ऐसे तथा अन्य खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया ।देखने से ऐसा लगता है मानो इन खेतों में कुदरत ने ही पटेला फेर दिया हो ।गेहूं की फसल जमीन पर लेट गई ।जिससे पौधों के सड़ने गलने की संभावना बढ़ गई है ।साथ ही पैदावार भी बहुत कम होगी ।इसी तरह खेतों में खड़ी सरसों आलू तंबाकू कुछ दलहनी फसलें तथा सब्जी की उपज पर भी एक तरह से प्राकृतिक आपदा के कारण वज्रपात हुआ है ।इन सभी फसलों में बहुत बड़े पैमाने पर नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता ।ओलावृष्टि के कारण भी बहुत सी जगह सरसों आलू तंबाकू तथा गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी है ।ऐसे में किसानों का परेशान होना स्वाभाविक ही है ।बढ़ती महंगाई में भी अन्नदाता ने सरकारी बैंकों – सहकारी समितियों या निजी तौर पर ऋण लेकर अपने भविष्य के सपने संजोए थे । लेकिन प्राकृतिक आपदा ने एक बार फिर मेहनतकश किसान की उम्मीद पर पानी फेर दिया ।अपनी तबाही का मंजर देखकर किसान काफी परेशान हो रहा है।

# गांव की गलियों पर कीचड़ प्रधान बोले, बजट नहीं है

संवाद दाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

- पानी निकलने का अभाव होने से हो रही समस्या

**अमृत विचार।** पानी का निकास न होने से गांव की गलियां कीचड़ से बज बजा रही हैं। बरसात हो जाने पर स्थिति और भी खराब हो जाती है। जिम्मेदार मौन दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कईबार प्रधान से भी बात की गई लेकिन प्रधान ने कहा कि विकास कार्य करने के लिए कोई भी पैसा नहीं आ रहा है। बता दें कि विकासखंड कायमगंज की ग्राम पंचायत लखनपुर के मजरा आखूनपुर में इस समय कीचड़ से गलियां बजबजा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गली के दोनों तरफ प्रधान द्वारा नाली निर्माण नहीं कराया गया है जिससे घरों का पानी गली में ही भर जाता है और निकलने में ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। जब इस संबंध में प्रधान पति राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विकास कार्य के लिए कोई भी पैसा नहीं आ रहा है, तो क्या वह अपनी जेब से नाली निर्माण कराएंगे ।एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है। तो वहीं इस गांव में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

लोगों का कहना इस गांव में सफाई कर्मी आता ही नही है। उनका कहना है कि जब गांव में नालियां है ही नहीं तो सफाई कर्मी आकर भी क्या करेगा ।ग्रामीण सुखबीर,कप्तान सिंह सहित तमाम लोगों ने बताया कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह मजबूरन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे । जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रधान सहित उच्च अधिकारियों की होगी ।



कीचड़ से बज बजा रही गली। अमृत विचार

# शैक्षिक महासंघ ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक रविवार को जसमई दरवाजा स्थित जिला महामंत्री सुनीत दीक्षित के आवास पर हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याएं उठाते हुए निस्तारण की मांग की गई। साथ ही चेतावानी दी की समस्याएं न निपटने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान चयन/वेतनमान का निर्धारण किया जाए। जनपद के समस्त शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन हो। जीपीएफ लेजर/एनपीएस पासबुक उपलब्ध कराने के साथ ही सामान्य प्रकरणों में शिक्षकों का निलंबन न किया जाए तथा निलंबित शिक्षकों के प्रकरण का यथाशीघ्र निस्तारण हो। एक दिन के वेतन कटौती में स्पष्टीकरण प्राप्त हो चुके प्रकरण का शीघ्र निस्तारण करें। महिलाओं द्वारा लिए जा रहे सीसीएल के आवेदनों को दो कार्यदिवस के अंदर स्वीकृत/निस्तारित करें। जनपद के विद्यालयों में विभाग द्वारा कंपोजिट ग्रांट की अवशेष धनराशि शीघ्र प्रेषित की जाए। एमडीएम खाद्यान्न विद्यालय तक पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। रसोइया मानदेय होली के पूर्व भुगतान किया जाए। कम छात्र संख्या के लिए अध्यापकों को दोषी कदापि न माना जाए। मानव संपदा की ई सर्विस बुक पर समस्त वेतन वृद्धि अंकित करें। कहा कि समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन करेंगे। इस दौरान विजेंद्र पाल सिंह, कुशल मिश्रा, दीपक शर्मा, संतोष कुमार, मनोज दीक्षित, सुनीत कुमार आदि मौजूद थे।



बैठक करते शिक्षक नेता। अमृत विचार

## प्रेमी, उसके दोस्त की जमकर हुई धुनाई

**फर्रुखाबाद।** बिना बुलाए कथिततौर पर प्रेमिका की शादी समारोह में पहुंचे प्रेमी व उसके साथियों की जमकर धुनाई कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी व उसके दो दोस्तों का शांतिभंग में चालान कर दिया। पड़ोसी जिला हरदोई थाना अरवल के एक गांव निवासी युवक का फर्रुखाबाद की युवती से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले युवती की शादी तय हो गई। बीती रात युवती एक गेस्ट हाउस में शादी थी। शादी समारोह में प्रेमी अपने दो दोस्तों के साथ पहुंच गया। किसी तरह लड़की के परिवारवालों को यह बात पता चल गई तो उन्होंने प्रेमी व उसके दोस्तों की पहले जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# वन्यजीव संरक्षण दिवस पर किया यज्ञ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में ग्राम फत्तेपुर रावसाहब में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने वैदिक मंत्रों से सम्पन्न यज्ञ में आहुतियां देते हुए वन्यजीवों और वनस्पतियों के संरक्षण व संवर्द्धन का संकल्प लिया। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर रोक लगाने और इसके लिए आमजनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से सर्वप्रथम थाइलैंड ने 1973 में विश्व वन्य जीव दिवस मनाने का निर्णय लिया था। जो स्वागत योग्य था । भारत में सृष्टि के आदि काल से ही जीवों के संरक्षण और समृद्धि के लिए ऋषियों ने यज्ञीय जीवन प्रणाली को अपनाने का संदेश दिया है। आचार्य ने बताया कि ऋषियों ने पंच महायज्ञों में देवयज्ञ और बलिवैश्वदेव यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण और जीवों के संरक्षण का सुझाव दिया है। जीवन में पंच महायज्ञों को धारण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। ज्ञात हो कि पर्यावरण और वन्य जीवों को संरक्षित करने से भूमि पर जीवन को संभाला जा सकता है। वन्य जीवों के लुप्त होने से पर्यावरणीय संतुलन और विकास पर असर पड़ता है। यह दिन हमें संगठन के रूप में मिलकर जनजागरण करने की प्रेरणा देता है। हम सबको अपने सुखद भविष्य के लिए आज ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना होगा। उन्होंने वनों की अंधाधुंध कटाई तथा जंगली जीवों के शिकार पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इस विषय मे और कड़े कानून बनाने की अपील की। आर्य समाज का प्रत्येक कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। सभी सामाजिक, धार्मिक संगठनों को आर्य समाज का साथ देकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देना चाहिए। मुकेश राठौर, रवि राठौर, प्रदीप आर्य, अमित आर्य, महेश्वर दयाल आर्य आदि उपस्थित रहे।



यज्ञ करते आर्य समाज के लोग। अमृत विचार

- लोगों को वन्यजीव रक्षा के लिये किया प्रेरित

# बीच-बचाव करने गई महिला नाली से टकराई, हुई मौत

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज थाना क्षेत्र में रुपये के लेनदेन को लेकर झगड़ा कर रहे दो पक्षों का बीच-बचाव करने गई महिला का सिर दीवाल से टकरा गया, परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बिजेंद्र का पुत्र सूरज दिल्ली में पंचर जोड़ने का कार्य करता है। आज सुबह जब सूरज दिल्ली से वापस आया तो बिजेंद्र ने बताया कि उसके पिता कन्ही ने अपने बड़े भाई के लड़के सुरेंद्र बाबू से 12000 रुपये एक साल पहले ले लिए थे। सिर्फ ढाई हजार रुपये रह गए थे। रुपयों के बदले कन्ही ने सुरेंद्र को जमीन भी दे दी थी।

सूरज शराब पीने का आदी था। सुरेंद्र ने तकादा किया तो सूरज ने कहा की पैसे जो रह गए है वो दे देंगे झगड़ा नहीं करो। बीच बचाव करने पहुंची सूरज की मां संजू पत्नी बृजेन्द्र सिंह नाली के ऊपर गिर गयी। महिला के सिर और सीने में गंभीर चोट लगने से घायल हो गईं। घायल अवस्था में महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ अनुराग ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## सीएचसी की एक्सरे मशीन हुई ठीक

**कायमगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर खराब पड़ी एक्स-रे मशीन ठीक करवा दी गई। मशीन ठीक होने से मरीजों को एक्स-रे के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा।

सीएचसी में पखवारा भर से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी थी। इसके चलते एक्सरे कराने के लिए मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। चिकित्सक ने मशीने की मरम्मत कराए जाने की मांग की थी। शनिवार को कानपुर से आए इंजीनियर ने एक्सरे मशीन ठीक कर दी। सोमवार से एक्सरे होने शुरू हो जाएंगे। एक्सरे टेक्नीशियन रमेश ने बताया कि मशीन के स्केनर का एक पाट्र्स टूट गया था, जिसे ठीक कर दिया गया है।

# सातवें दिन जारी रहा किसान आंदोलन

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पिछले 6 दिन से चल रही किसान यूनियन (भानू गुट) की बेमियादी महापंचायत 7वें दिन भी जारी रही। मौसम के बिगड़े मिजाज के बाबजूद किसानों का आंदोलन जारी है। आज तेज बारिश के साथ ओले पड़ने से किसानों के माथे चिंता की लकीरें साफ दिखाई दीं। बरसात की वजह से धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान में चल रही महापंचायत में किसानों ने आंदोलन स्थल के पास बने बरामदे में शरण ले रखी है। किसानों ने आंदोलन स्थल पर मौसम के अनुकूल दालवाटी चोखा बनाकर खानपान की व्यवस्था की। किसानों ने आंदोलन स्थल पर आने वाले अतिथियों को भी दाल वाटी का स्वाद चखाया। आंदोलन स्थल पर किसान रविवार को हुई ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान पर चर्चा करते नजर आए। किसानों का कहना है बाढ़ के बाद ओलावृष्टि ने किसानों को एक बड़ा दर्द दिया है। ओलावृष्टि से गेहूं, आलू,सरसों की फसल मे बड़ा नुकसान हुआ है। किसान यूनियन (भानू गुट) के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया किसानों के साथ हुई पंचायत मे खराब मौसम की वजह से आमरण अनशन को टालने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर संजय सिंह, उमाशंकर मिश्र,मनोज सिंह, आकाश सिंह, अवधेश सिंह, श्यामपाल सिंह आदि मौजूद थे।



पंचायत में चल रही दालबाटी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेता डॉ अरशद मंसूरी को मिली एक और जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ अरशद मंसूरी को भाजपा कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा का क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। डॉ अरशद मंसूरी की लगन, मेहनत एवं कर्मठता को देखते हुए उनको यह जिम्मेदारी दी गई हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना हैं कि डॉ अरशद मंसूरी के कार्यों को देखकर एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यह ईनाम दिया गया हैं! डॉ अरशद मंसूरी अनवरत रूप से अल्पसंख्यको में राजनीतिक बेदारी पैदा कर रहें हैं। आगे आने वाले समय में अल्पसंख्यको का एक बड़ा तबका भाजपा को वोट और सपोर्ट करने जा रहा हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने बताया कि पसमांदा मुस्लिम समाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वोट देने के लिए उत्साहित हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना चाहता हैं। लोकसभा चुनाव–2024 में चढ़–बढ़कर मतदान कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता हैं।

### गोरक्षक दल ने मांस पकड़ा, नमूना जांच के लिए मथुरा भेजा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में गोरक्षक दल ने कथित तौर प्रतिबंधित मांस पकड़ा है। उन्होंने पुलिस को घटना स्थल से फोन पर सूचना दी। आरोप है कि सूचना के तीन घण्टे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। थाना क्षेत्र के गांव इकलहरा में एक घर से गोरक्षक दल के दानवीर सिंह को प्रतिबंधित मांस काटे जाने की सूचना मिली। दानवीर अपने साथियों के साथ तुरन्त मौके पर पहुंचे और कथित प्रतिबंधित मांस को काटते हुए पकड़ लिया। दानवीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के घण्टो बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना पर घटना स्थल पर भीड़ लग गई। पुलिस गोरक्षक दल दानवीर सिंह को पूछताछ के लिए थाने ले आयी है, पुलिस ने मामले की सूचना उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा व क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह को दी। जिस पर दोनों उच्चाधिकारी कम्पिल थाने में पहुंचकर जानकारी ली। उप जिलाधिकारी यदुवंश कुमार ने बताया कि मांस का नमूना जांच के लिए मथुरा भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी को पीटा, अस्पताल में भर्ती करवाया

**फर्रुखाबाद।** मामूली बात पर पति ने पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। स्वजनों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। गांव ज्योना निवासी रक्षपाल 26 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी से आए दिन मारपीट करता है। इससे नाराज होकर वह मायके चली गई थी। 26 फरवरी को समझौता होने पर पत्नी पति के साथ चली आई। रविवार को पति ने फिर से लाठी–डंडे व ईंट से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### भगवान शिवजी की शरण में जाने से सारे कष्ट होते हैं दूर



मौजूद जिला जेल अधीक्षक भीम सेन मुकुंद व अन्य।

**फर्रुखाबाद।** भगवान शिवजी की शरण में जाने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाता है। भगवान शिव सारे संसार के रक्षक हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में यह विचार मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट आरआरसी फतेहगढ़ कर्नल रोहित पंत ने रखे। जय नरायन वर्मा रोड स्थित आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि कर्नल रोहित पंत ने कहा कि भगवान शिवजी ने विश्व के कल्याण के लिए विष भी पी लिया था। वह पूरे त्रिलोक के स्वामी हैं। उनकी आराधना मात्र से ही मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने कहा कि राजयोग से मन को शांति मिलती है।

हादसा — कादरीगेट थाना क्षेत्र के इटावा बरेली हाइवे का मामला, मौके पर ही युवक की हो गई मौत

# हाइवे पर निर्माणाधीन पुलिया में बाइक गिरी, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को दी सूचना, मोर्चरी में रखवाया गया शव

**अमृत विचार।** कादरीगेट थाना क्षेत्र में इटावा बरेली हाइवे की निर्माणाधीन पुलिया में बाइक गिर जाने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीन दयाल बाग निवासी रतन दीप सक्सेना (38 )अपने गांव के ही धर्मेंद्र (23 ) पुत्र दूरबीन के साथ बाइक से कही जा रहे थे। उनकी बाइक इटावा बरेली हाइवे पर बीआरएस लोन के सामने निर्माणाधीन पुलिया में गिर गई। बाइक के साथ दो लोगो को बेहोश पड़ा देख मौके पर भीड़ लग गई। लोगो ने आननफानन दोनों को डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर भानुप्रताप ने रतन दीप सक्सेना को मृत घोषित कर दिया।उसके साथी धर्मेंद्र को भर्ती कर लिया। डाक्टरों के अनुसार धर्मेंद्र की हालत चिंता जनक बनी हुई है।घटना की सूचना पर रतनदीप की पत्नी पिंकी लोहिया अस्पताल पहुंच गई है। उसका रो रो कर बुरा हाल है। रतन दीप अपने पीछे कशिश (4) रुगुवल (2.5 )को छोड़ गया है। पत्नी का कहना है कि आज सुबह जिस समय बारिश हो रही थी उसी समय रतन बाइक लेकर घर से निकल लिए।

जहां यह घटना घट गई है। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को भेज शव मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है।



पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाद दाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई दूसरा गम्भीर घायल हो गया। घायल को डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम कुइंयां धीर निवासी रजत गंगवार व टीटू बाइक से बाजार करने के लिए नवाबगंज जा रहे थे। नवाबगंज क्षेत्र में मंझना मार्ग पर ग्राम जानकीपुर के पास पहुचे तभी सामने से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।एक्सीडेंट की सूचना पर पहुँची 108 एंबुलेंस के ईएमटी ने आनन फानन में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सीएचसी नवाबगंज में कराया भर्ती। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवक रजत गंगवार को मृत घोषित कर दिया। मृतक का साथी गंभीर घायल है।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति,कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य,प्रविशन्ति मृगा ः ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं,केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है,भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन,विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है,जो सशस्त्र बलों,रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों,स्टार्ट-अप,शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

# विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं,इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स,फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों,बेसिक साइंसेज,मिलिट्री,इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन,प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट,यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स',इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं,लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत,खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रैंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है,जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है,लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

## प्रसंगवश

# दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी,संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं,अरबों रुपयों में होने लगा। तब

टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है,मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

# विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है,क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने,बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है,लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं,लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं,क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो,महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है,क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना,मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है,एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है,उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है,बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल,सब्जियां, अनाज,प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए,बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं,उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए,बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी,अनाधिकृत आहार,उपयुक्त देखभाल की कमी,स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

– फेसबुक वॉल से

# लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत,खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों,विद्वानों,ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही,ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं,किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है,जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र,बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है,जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

# जीवामृत के प्रयोग से प्राकृतिक खेती कर लाभ कमायें किसान

## जनता कालेज बकेवर में जैविक किसान मेला का किया गया आयोजन

**संवाददाता बकेवर, इटावा**

**अमृत विचार।** जनता कालेज बकेवर में कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कृषि विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ एमपी सिंह ने किसान मेला के उद्देश्य को बताया। कहा कि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मनुष्य, पशु व भूमि बीमार हो रही है। इसलिए वर्तमान में जैविक खेती की महत्ता बढ़ जाती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अमर सिंह ने किसान मेला एवं पशु प्रदर्शनी के महत्व को सराहा। मुख्य अतिथि डॉ आर एन सिंह ने परंपरागत खेती, जैविक खेती तथा रसायनों के प्रयोग से होने वाले रोगों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक देशी गाय से एक एकड़ जैविक खेती की जा सकती है। गोमूत्र एवं गोबर खाद के महत्व को बताया। कहा कि गोमूत्र से कीट एवं रोगों का भी प्रबंध कर सकते हैं। हरी खाद, गोबर की खाद एवं कंपोस्ट को बनाने तथा खेत में मिलाने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि जो किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, वह जैविक खेती करें। विभाग से उनको दो साल बाद जैविक खेती का प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। उन्होंने मोटे अनाज जैसे मडुवा, कोदो, रागी, सावां, ज्वार, बाजरा आदि के महत्व को भी समझाया।


पादप प्रदर्शनी का अवलोकन करते डॉ. आरएन सिंह एवं अन्य। अमृत विचार

कॉलेज के प्रबंधतंत्र के सेक्रेटरी अरविंद मिश्रा ने आयोजन के लिए कृषि विभाग का धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र इटावा के वैज्ञानिक डॉ भूपेंद्र सिंह ने गोबर की खाद को कैसे बनाएं तथा प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती की तुलना करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती में खेतों में प्रकृतिक जीव जो जमीन में पाए जाते हैं, उनको बढ़ाने के लिए जीवामृत को भूमि में मिलना होगा। जीवामृत बनाने की विधि को विस्तार से बताया। उसके उपयोग के लिए कहा कि इसको खड़ी फसल में छिड़काव करके या सिंचाई के साथ दे सकते हैं। उन्होंने बीजामृत को बनाने के लिए कहा कि 20 लीटर पानी, गोमूत्र, गोबर, चूना, बरगद या पीपल के पेड़ के नीचे की 50 ग्राम मिट्टी से बने बीजामृत से 100 किलोग्राम बीज का उपचार कर सकते हैं।

उन्होंने केंचुए की खाद के बारे में बताया कि आज रोटावेटर की जुताई करने से केंचुए की संख्या कम होती है जो मृदा के उर्वरकता के लिए महत्वपूर्ण मित्र हैं। जीवामृत को प्रयोग करने से केंचुए की संख्या बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कीट प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार के कीटनाशी दबाव एवं कीटों को पहचानने के तरीके को बतलाया।

जिला उद्यान अधिकारी डॉ श्याम सिंह ने उद्यान से संबंधित विभिन्न योजनाओं को बताया। उनसे मिलने वाली सब्सिडी को भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वन ड्रॉप मोर क्राप योजना के लाभ को विस्तृत से बताया। कार्यक्रम में कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होने के कारण एवं उद्यानिकी में जैविक खेती के महत्व को बताया। कार्यक्रम में डॉ मनोज यादव ने फसल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कृषि विज्ञान एवं जैविक किसान मेला में 36 स्टाल लगाए गए। उद्यान विभाग के स्टाल में विभिन्न प्रकार के फलों, आलू के प्रजातियां, विभिन्न प्रकार के उत्पाद तथा फूलों एवं भंडारण की विधि का मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। कॉलेज की लाइब्रेरी का भी स्टॉल लगाया गया जिसमें विभिन्न वेद, पुराण, ग्रंथ तथा संविधान की प्रति को भी दिखाया गया।प्रगतिशील किसान चंद्र मोहन यादव, डॉ ए के पांडेय एवं कृषि ज्ञान पत्रिका के संपादक डॉ मनोज यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली कर दीपदान करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## वाहन की टक्कर से घायल मां ने तोड़ा दम

**सैफई, इटावा।** तीन दिन पहले मैनपुरी इटावा स्टेट हाईवे पर वैदपुरा थाना क्षेत्र में गांव नगला बरी तिराहा के पास बाइक सवार मां बेटे को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसने सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दी। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।




जिला मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र में गांव नगला अलाई का रहने वाला पंकज कुमार अपनी 48 साल की मां निर्मला देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह को इटावा शहर में राधाकुंज कालोनी वाले घर से बाइक से 29 फरवरी की शाम घर जा रहा था। रास्ते में उपरोक्त स्थान पर अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एंबुलेंस को सूचना देकर महिला को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था जहां पर महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# कांवड़ियों के जाने वाला मार्ग ध्वस्त

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** गंगा जल लेकर शिव भक्त कांवरिया ओवर ब्रिज से निकलकर पुराना बस स्टैंड होते हुए पचराहा होकर मध्य प्रदेश को जाते हैं। उसी रास्ते में बीएसए छात्रावास के पास नगर पालिका ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए दस दिन पूर्व गड्ढा किया था जो आज तक भरा नहीं गया।

इसी मुख्य मार्ग से होकर कांवरिया निकलेंगे। नगर पालिका की लापरवाही शिव भक्त कांवरियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल नगर पालिका से मांग करती है कि उपरोक्त गड्ढे को अति शीघ्र भरकर मार्ग को चालू करें।

मांग करने वालों में अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, संरक्षक इंद्र नारायण पांडे, दिनेश कुमार बाथम, आनंद अग्निहोत्री, जय सिंह चौहान, राजेश सिंह चौहान, सुदीप कुमार जैन, रोहित गुप्ता, राजेश कश्यप, बंटी वकील, बॉबी पाल, विजय शर्मा, अमित मिश्रा, दिनेश कुमार यादव, सुनीत सिंह चौहान, अतुल त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से शामिल है।


बीएसए कार्यालय के पास मार्ग पर खुदा पड़ा गड्ढा। अमृत विचार

### बेमौसम बारिश से दलदल बनी सड़क

**जसवंतनगर।** पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश के कारण बलरई, धौलपुर खेड़ा, धरवार से ग्राम झबरापुरा होते हुए हाईवे की तरफ का मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है। मार्ग में पैदल चलना भी कठिन हो गया है। झबरापुरा प्राइमरी स्कूल के सामने दलदल के साथ बाउन्ड्रीवाल के पास घूरे के ढेर पड़े हुए हैं। बारिश के चलते सड़क पर कीचड़ फैला हुआ है। जिसके कारण वाहनों के साथ राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। नेशनल हाईवे से होते हुए तहसील क्षेत्र के साथ साथ जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। सड़क के खराब होने से गांवों में आने जाने के लिए दो से तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है।


ग्राम झबरापुरा स्कूल के सामने दलदल में फंसी गाड़ियां। अमृत विचार

## ढाबा संचालकों ने बनाये अवैध कट

**बकेवर, इटावा।** नेशनल हाईवे पर बने दर्जनों ढाबों पर हाईवे तथा सर्विस रोड के मध्य लोहे की रेलिंग को जगह-जगह काटकर रास्ता बना रखा है। एक साल पहले एक टायर की दुकान के समीप कट के किनारे हादसा हुआ था। जिसको लेकर नेशनल हाईवे के मध्य अवैध कटों को बंद कर दिया था। बावजूद इसके ढाबा संचालकों ने लोहे की रेलिंग को 20-20 मीटर जगह-जगह काटकर रास्ता बना रखा है।

## सार-संक्षेप

### दो लोग हुए जहर खुरानी के शिकार

**इटावा।** बस से यात्रा कर रहे दो लोगों को जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने अपना शिकार बना लिया। जहर खुरानों ने उन्हें कोई नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उनके पास से सामान लूट ले गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के मोहल्ला साबित गंज निवासी दिल्ली से बस से इटावा आ रहा था। जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे कोई नशीला पदार्थ खिला दिया। बेहोश होने के बाद जहर खुरान उसके पास से सामान लूट कर फरार हो गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके अलावा नौरंगा बाद निवासी फारूख भी किसी काम से बाहर गया था रास्ते में वह भी जहर खुरानी का शिकार हो गया। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


स्कूलों का निरीक्षण करते एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी। अमृत विचार

### एसपी सिटी ने स्कूलों में फोर्स ठहरने की व्यवस्था देखी

**जसवंतनगर।** प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी शुरू कर दी। एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने सुरक्षा बलों को रोकने के लिए स्कूलों का निरीक्षण किया और ठहरने के लिए सुविधाओं की जानकारी ली। एसपी सिटी ने शिवपाल सिंह महाविद्यालय, सिद्धार्थ महाविद्यालय तथा मां नारायणी इंटर कॉलेज में पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही फोर्स के ठहरने के लिए मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने बताया कि अन्य कॉलेजों को इसके लिए चयनित किया जा रहा है।वहां भी सीमा सुरक्षा बलों के जवानों के रहने के लिए व्यवस्थाएं कराई जाएंगी। इस दौरान उनके साथ प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे मौजूद रहे।


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण। अमृत विचार

### कालीबाड़ी के महंत की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा

**इटावा।** काली बाड़ी के महंत स्वामी शिवानंद महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके भक्तों के द्वारा शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों के अलावा आम लोगों ने काली बाड़ी जाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। महंत सुबोधानंद जी महाराज व गौशाला के महंत शंभू नाथ जी महाराज ने स्वामी शिवानंद महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा बडी संख्या में उनके भक्तजनों ने उन्हें श्रंद्धाजलि दी। भंडारे को सम्पन्न कराने में अशोक शर्मा, विनोद द्विवेदी के अलावा तमाम लोगों का सराहनीय योगदान रहा।


राम करन तिवारी को पुरस्कार देते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक। अमृत विचार

## प्रगतिशील किसान सम्मानित

**इटावा।** भारतीय खाद्य परिषद द्वारा आयोजित यूपी एग्रोटेक 2024 का पुरस्कार जिले के प्रगतिशील किसान राम करन तिवारी को दिया गया। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने यह सम्मान उनको प्रदान किया।

बसरेहर विकास खंड क्षेत्र के गांव नावली निवासी प्रगतिशील किसान राम करन तिवारी टिशू कल्चर विधि सेआलू की शुद्ध बीज एवं बासमती चावल पैदा कर प्रदेश के विभिन्न जनपदो के अलावा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ के अलावा अन्य प्रांतों के किसानों को सप्लाई करते है। किसान दिवस 23 दिसम्बर को प्रदेश के राज्यपाल ने आलू उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय काम करने पर सम्मानित किया था। वह जिले के किसानों को अच्छी फसल पैदा करने के लिए नवीन तकनीक की जानकारी देकर किसानों को लाभांवित कर रहे है। जिले के कृषि विभाग के अधिकारी उनके फार्म पर जाकर उत्साह वर्धन कर रहे हैं।

# करो सही शुरुआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट

**संवाददाता भरथना, इटावा**

**अमृत विचार।** भारतीय रिज़र्व बैंक देश की जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षण संदेश के प्रचार के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन करता है। चयनित विषय करो सही शुरुआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट की थीम के साथ उप- विषय, 'बचत और कम्पाउन्डिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं और डिजिटल साइबर स्वच्छता' पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों को बताया गया कि वित्तीय शिक्षण का उद्देश्य आम जनता को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने व सशक्त बनाने के लिए वित्तीय आघात-सहनीयता का सृजन करना है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार विकासखंड भरथना के उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुसना में वित्तीय साक्षरता केन्द्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया।


वित्तीय साक्षरता की जानकारी देते मोतीलाल। अमृत विचार

● छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैंप में अग्रणी जिला अधिकारी मोतीलाल, अग्रणी जिला प्रबंधक एमएमठेले, निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान इटावा मिथलेश कुमार, वित्तीय सलाहकार रामकेश कनौजिया, आईएसएमडब्ल्यू के वित्तीय सलाहकार यदुवीर सिंह एवं संजय कुमार सहित कई ग्रामीण लोगों ने भाग लिया।

### श्रम शिक्षा के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**महेवा।** ग्राम पंचायत महेवा में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षाविद राजेश कुमार दुबे ने कहा कि शासन से संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में लोग अपना लाभ नहीं उठा पाते हैं। मुख्य प्रशिक्षणदाता राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के शिक्षा अधिकारी के एस ठाकुर ने ई-श्रम कार्ड, श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या सम्रद्धि योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, जीवन बीमा योजना, पी एम व सी एम आवास योजना आदि सहित शासन की कई जनहित कारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। ग्राम प्रधान महेवा कुमुद सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राधेश्याम साहू, काजल राय कृष्णकांत तिवारी, कल्पना रहीं।

# करुणाकर त्रिपाठी तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जनपद इटावा की इकाई शाखा का त्रिवार्षिक निर्वाचन शादीलाल धर्मशाला में हुआ। निर्वाचन अधिकारी आशुतोष त्रिवेदी एवं वेद प्रकाश की देखरेख में हुए चुनाव में करुणाकर त्रिपाठी तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए।

चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता वाईके गुप्ता ने तथा संचालन संरक्षक शिव कुमार गुप्ता ने किया।

● राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का चुनाव

कुल 94 आजीवन सदस्यों में 54 लोगों ने चुनाव में भाग लिया। जिला अध्यक्ष पद के चुनाव में करुणाकर त्रिपाठी को 49 मत मिले जबकि संजय मिश्रा को 5 मत मिले। चुनाव में जिलाध्यक्ष पद पर करुणा शंकर त्रिपाठी ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार, रामवीर सिंह यादव, शिवम दुबे चुने गए। जिला महासचिव योगेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. सुशील सम्राट घोषित किये गए। शेष कार्यकारिणी का गठन इस माह के अंत तक कर लिया जायेगा। इस मौके पर प्रदीप त्रिपाठी, आत्मा राम, प्रमोद गुप्ता, महावीर जैन, मनोज त्रिपाठी, विजय बहादुर, विवेक विसारिया, राम नरेश पोरवाल, संतोष शंखबार, अनिल तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, शैलजा द्विवेदी, ऋतु वर्मा, राघवेंद्र त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, अजीत त्रिपाठी, मुकेश निगम मौजूद रहे।



निर्णय की घोषणा करते चुनाव अधिकारी आशुतोष त्रिवेदी। अमृत विचार

## भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर जताया हर्ष

**महेवा, इटावा।** लोकसभा चुनाव के लिए घोषित प्रत्याशियों की सूची में भाजपा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया का ही पुनः टिकट होने पर भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया। सांसद श्री कठेरिया का पुनः टिकट होने पर भाजपा नेत्री मीनाक्षी चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, अरविंद ऋषीश्वर, रविंद्र दुबे, ईशु त्रिपाठी, रोहित चौहान, गीतम सिंह कठेरिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

**खुशखबरी** शेरनी का दूध पीये बगैर जीवित रहने वाला पहला शावक बना, शेरनी रूपा ने जन्म के बाद शावक को छोड़ दिया था

# छह माह का हुआ बिन मां का शावक, सफारी में हर्ष

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा द्वारा छोड़ दिए गए शावक की बेहतर देखभाल का नतीजा यह निकला है कि मां का दूध पिए बिना और मां का प्यार दुलार पाए बिना भी यह शावक छह माह का हो गया है और वह अब उछलकूद कर रहा है। इसका पालन पोषण सफारी के कीपर ने किया है।

इटावा सफारी पार्क में शेरनी रूपा ने तीन सितंबर को इस शावक को जन्म दिया था लेकिन जन्म देने की तुरंत बाद रूपा ने इस शावक को अपनाया नहीं तथा उसे दूध भी नहीं पिलाया। शेरनी द्वारा शावक की अनदेखी किए जाने के बाद सफारी प्रशासन ने उसे अपने हाथ में लिया और सफारी के अस्पताल में रखकर उसकी बेहतर देखभाल की गई। शुरुआती दौर में उसे बोतल से दूध पिलाया गया और फिर अन्य सप्लीमेंट भी दिए गए ताकि इसके बढ़ने चलने में कोई कठिनाई न हो। खास तौर से कीपर अजय सिंह को इस कार्य के लिए लगाया गया। सफारी प्रशासन और कीपर अजय सिंह की कड़ी मेहनत का नतीजा यह निकला की 3 मार्च को यह शावक 6 माह का हो गया है और पूरी तरह स्वस्थ है तथा इसके आगे और बेहतर तरीके से जीवन यापन करने की उम्मीदें बनी है। अभी इसको सबसे अलग रखा गया है। सफारी के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल ने रविवार को इस बात की जानकारी दी कि शेरनी रूपा ने जिस शावक को छोड़ दिया था वह आज 6 माह का हो गया है। पूरी तरह स्वस्थ है उसकी बेहतर से बेहतर देखभाल की जा रही है।

उन्होंने इस शावक की देखभाल करने वाले कीपर अजय सिंह को फिर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और अपनी ओर से 5000 का नकद पुरस्कार भी कीपर अजय को दिया। डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल ने घायल होकर आए लेपर्ड की बेहतर देखभाल के लिए कीपर जगदीश को भी प्रशस्ति पत्र दिया।


कीपर अजय को प्रशस्ति पत्र देते डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल। अमृत विचार

### सफारी के लिए यह घटना ऐतिहासिक

**इटावा।** बिना शेरनी का दूध पिये शावक का जीवित और स्वस्थ बने रहना अपने आप में आश्चर्य की बात है। देश के अन्य चिड़ियाघरों में इस तरह की यह पहली घटना है। इटावा सफारी पार्क ने ये रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। इससे पहले इटावा सफारी पार्क के चिकित्सकों ने शेरों को कैनाइन डिस्टेंपर जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन बनाने का रिकार्ड भी कायम किया है।

### विश्व वन्यजीव दिवस पर हुई गोष्ठी

**इटावा।** सफारी पार्क में विश्व वन्य जीव दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें वन्य जीवों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही इस संबंध में जागरुकता फैलाने की बात भी कही गई। डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल ने कहा कि हम सभी को वन्य जीवों के बारे में जागरूक होकर एक दूसरे को भी जागरूक करना है और वन्यजीवों की संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर विनय सिंह, रेंज ऑफिसर रूपेश श्रीवास्तव, सफारी के डॉक्टर सौरव यादव ने भी अपने विचार रखें।

# वन्यजीव रेस्क्यू पटल स्थापित

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** चंद्र शेखर कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा अब लगातार ही किसानों के हित में नित नए प्रयोग कर रहा है। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सहित क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था ओशन के महासचिव,मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया के कोर्डिनेटर सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में एक वन्यजीव रेस्क्यू एवं जागरुकता पटल की स्थापना की है।

इस वन्यजीव रेस्क्यू/जागरूकता पटल का उदघाटन किंग जार्ज मेडिकल कालेज के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सूर्य कान्त ने किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस विशेष जागरूकता पटल की बेहद आवश्यकता है। महाविद्यालय प्रशासन ने क्षेत्रीय किसानों को जागरूक करने और लोगो को सर्पदंश से बचाव की जागरूकता प्रदान करने के क्रम में जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, वह बेहद ही सराहनीय है।


वन्य जीव रेस्क्यू पटल का उद्घाटन करते डॉ सूर्यकांत एवं डॉ एनके शर्मा। अमृत विचार

● मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया के कोर्डिनेटर सर्पमित्र डॉ आशीष का है सहयोग

अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने कहा कि 141 एकड़ में फैले कृषि इंजीनियरिंग कालेज के विशाल ग्रीन कैम्पस के कृषि इंजीनियरिंग कालेज सहित मत्स्य महाविद्यालय, डेयरी टेक्नोलोजी महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं एवं स्टाफ सर्पदंश सहित विभिन्न वन्यजीवो की गतिविधियों से पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सकेंगे। इस मौके पर जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी,के के कालेज की प्रोफेसर डॉ पद्मा त्रिपाठी,डॉ प्रदीप भदौरिया, डॉ टी के महेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## लगभग 3500 भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता गये अयोध्या

# रामलला के दर्शन को 55 बसों से रवाना हुए भाजपा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, औरैया


अयोध्या के लिए रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अयोध्या में बने श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए औरैया जिले से 55 बसों और 40 निजी वाहनों में लगभग 3500 भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता अयोध्या के लिये रविवार की सुबह अपने अपने मंडल ,नगर से भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अयोध्या रवाना हुए।

मालूम हो कि श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भाजपा ने प्रत्येक जिले से भाजपा नेताओं को अयोध्या ले जाने का कार्यक्रम तय किया था। इसके तहत तीन मार्च की तारीख औरैया के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के लिए तय की गई थी। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने बताया कि औरैया जिले की तीनो विधानसभा के प्रत्येक मंडल से पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की गई। रविवार को औरैया जिले से अलग-अलग स्थानों से कुल 55 बसों में लगभग 3500 भाजपा कार्यकर्ता अयोध्या रवाना हुए हैं। श्रीरामलला के दर्शन के बाद सोमवार को अयोध्या से भाजपा कार्यकर्ता वापस लौटेंगे।

### श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए हुआ रवाना


श्रद्धालुओं को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता।

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र से अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु और भाजपा कार्यकर्ता बस और कार से रवाना हुये। भाजपा अजीतमल मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दर्शन से अधिक बसें और निजी वाहन द्वारा लगभग हजारों श्रद्धालुओं के साथ रामलाल के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। मंडल अध्यक्ष की जानकारी देते हुए बताया कि दर्शनार्थियों में सैकड़ों मात्र शक्ति भी शामिल हैं। यह यात्रा नि :शुल्क है इसमें किसी तरह का आना-जाना रहने खाने आदि का शुल्क नहीं देना होगा। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नि :शुल्क भगवान श्री राम जी के दर्शन हेतु यात्रा निकाली गई।

## सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष बने वकार

**फफूंद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर लखनऊ में सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी ने कस्बे के युवा नेता वकार आलम को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का औरैया का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिसको लेकर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई युवाओं ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद दिया। लोगों का कहना था की समाजवादी पार्टी ने पहली बार फफूंद कस्बे से एक युवा को जिलाध्यक्ष बनाया है जिससे आगामी चुनाव में खासा फायदा मिलेगा।वहीं अल्पसंख्यक सभा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष वकार आलम ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देता हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी के साथ समाजवादी आंदोलन को मजबूती से चलाएंगे और समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी और लोकसभा चुनाव पार्टी के प्रत्याशी को जिताना लक्ष्य है।

# प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जीर्णोद्धार कार्यों का किया गया शिलान्यास

संवाददाता, अजीतमल, औरैया



शिलान्यास के बाद मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र स्थित श्री जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत होने वाले जीर्णोद्धार के कार्यों का शिलान्यास ककोर स्थित मानस सभागार में वर्चुअली माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में जनपद का एक मात्र विद्यालय श्री जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता इस योजना का लाभ प्राप्त कर सका है।

इस योजना में विद्यालय को 4462000 रुपए का बजट प्राप्त हुआ। इसकी कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी औरैया द्वारा किया जाएगा यह कार्य यूपी बोर्ड की परीक्षा के उपरांत प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 11 राजकीय विद्यालयों के कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की जिला अधिकारी नेहा प्रकाश, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि एवं जिला विद्यालय निरीक्षक मौजूद रहे। जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जितेन्द्र त्रिवेदी, शिक्षक साध्येश सिंह उर्फ रवि सेंगर एवं प्रधान लिपिक सुनील राठौर उपस्थित थे। यह जानकारी श्री जन सहयोगी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र त्रिवेदी द्वारा मीडिया को दी गई। प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में जर्जर हो चुके कमरों, गेट और बाउंड्री वॉल आदि का जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह कर पीडब्ल्यूडी विभाग औरैया द्वारा किया जाएगा। कुल धन का 40 प्रतिशत भुगतान पीडब्ल्यूडी विभाग औरैया को कर दिया गया है टेंडर प्रक्रिया अभी बाकी है।

## मुकेश कुमार बने प्रदेश प्रमुख महासचिव

संवाददाता, अछल्दा


प्रमाण पत्र लेते जयकेश यादव।

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गांव साजनपुर निवासी मुकेश कुमार पुत्र विश्राम सिंह को भारतीय किसान यूनियन भानु प्रदेश अध्यक्ष जयकेश यादव ने मुकेश कुमार को प्रमुख प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जिससे क्षेत्र के किसानों मे खुशी की लहर है।

## सार-संक्षेप


### एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने पद-भार किया ग्रहण

**औरैया।** नवागंतुक मुख्य महाप्रबंधक जयदेव परिदा ने बीते 28 फरवरी को एनटीपीसी बाढ़ से स्थानांतरित होकर 29 फरवरी को एनटीपीसी औरैया में परियोजना प्रमुख का कार्य-भार ग्रहण किया। जयदेव परिदा की प्रथम नियुक्ति एनटीपीसी लिमिटेड में बीते 6 सितंबर 1989 को कहल गांव परियोजना के मेकेनिकल विभाग में हुई थी। पदोन्नतियां प्राप्त करते हुए वह एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यालयों, कहलगांव, तालचेर थर्मल, सीपत तथा बाढ़ में कार्यरत रहे। 6,460 मेगावॉट स्थापित क्षमता की वृद्धि में बहुमूल्य योगदान देने के साथ-साथ आपने प्रत्यक्ष रूप से अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है। एनटीपीसी आगमन के दौरान जयदेव परिदा ने आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों के साथ संवाद स्थापित कर परियोजना में कम्पनी व्यापार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत चल रहे वित्तीय वर्ष, 2023-24 के एमओयू लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ-साथ परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी औरैया ने सभी विभागाध्यक्षों के कार्मिक क्षेत्रों में चल रहे गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उपस्थित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। एनटीपीसी परिवार द्वारा नवागंतुक परियोजना प्रमुख का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।


जयदेव परिदा।

### खराब मौसम के चलते 14 घंटे बाधित रही बिजली

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी असेनी फीडर से जुड़े नोगवा फीडर की मेन लाइन में आई खराबी के कारण शनिवार की रात्रि कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 14 घंटे ठप रही। इससे नगरवासियों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। लोगों ने बताया आए दिन खराबी बनी रहती है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। आपको बताते चलें कि दो दिन से खराब मौसम के कारण नोंगवा फीडर की सप्लाई 14 घंटे बाधित रही। इससे नोगवा, अमरपुर, रंजीतपुर, विजई पुरवा, मधवापुर, सुंदरपुर, हरतोली, महिपाल पुरवा, कनमऊ, कसहा, मुड़रिया, सहित 15 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जोकि रविवार दोपहर दो बजे के बाद बहाल हो सकी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता पानी और मोबाईल चार्ज करने के लिए परेशान रहे। इस संबन्ध में एसडीओ अनुराग पांडेय ने बताया बारिश के कारण फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही।



## दिबियापुर डिविजन में चार अवर अभियंताओं की हुई नई तैनाती

**दिबियापुर, औरैया।** विद्युत वितरण डिविजन दिव्यापुर के अंतर्गत चार नए अवर अभियंताओं को तैनाती के आदेश प्राप्त हो गए है।

मुख्य अभियंता राम प्रकाश के पत्रांक में कल 29 फरवरी को इसके आदेश जारी कर दिए गए ।जिसके अंतर्गत मोहित रस्तोगी, प्रभु दयाल ,अरुण कुमार ,कुलवंत सिंह को शीघ्र तैनाती के आदेश दिए गए हैं। इन सभी अभियंताओं को कल 3 मार्च को अपना पदभार संभालना होगा। जिसमे मोहित रस्तोगी को उप खंड बिधूना, प्रभु दयाल को उपखंड अछल्दा,अरुण कुमार को रूपपुर सहार तथा कुलवंत सिंह को बिधूना में तैनाती दी जाएगी। इस मामले की उक्त जानकारी अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह ने दी।


गिरी पड़ी सरसों की फसल। अमृत विचार

## बेमौसम बारिश से गिरी गेहूं की फसल

**कंचौसी, औरैया।** बेमौसमी बरसात ने किसानों को हिलाकर रख दिया। लगातार मौसम के खराब होने से किसानों की फसलों पर भारी नुकसान हुआ है। अमरपुर, रंजीतपुर, रोशनपुर, बिनपुरापुर कंचौसी के किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। बेमौसम बरसात ने किसानों की फसलों पर पहाड़ सा तोड़ दिया। किसानों ने बताया कि तेज हवाओं से वर्षा होने से खड़ी फसल पौधे टूटकर खेतों में गिर गए। कड़ी मेहनत कर खेतों को किसानों ने संजोया था, लेकिन, प्राकृतिक मार का कोई ठिकाना नहीं कब किसके ऊपर गाज गिर जाए। किसान प्रताप सिंह, छोटे शुक्ला, अबलाख, अरविन्द कुमार ने बताया कि लगातार तेज हवाएं,और बरसात होने से गेहूं की पूरी फसल जमीन पर गिर कर चौपट हो गई,किसानों को चिंता है कि अगर और अधिक वर्षा हुई तो हम लोग कही के नही रहेंगे। बड़ी मेहनत कर बीज खाद खेतों में डाला था। प्रकृति ने पानी फेर दिया, जिस हिसाब से उम्मीद रखी थी। वो सब बेकार सा नजर आ रहा है।

# 9 व 11 का परीक्षा परिणाम घोषित

सीबीएसई बोर्ड

संवाददाता, बिधूना, औरैया



सम्मानित होने के बाद एकत्रित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय में वार्षिक अभिभावक एवं अध्यापक बैठक सम्पन्न हुई। इससे पूर्व ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के प्रधानाचार्य सजिमोन जोसेफ के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्ज्वलित कर अभिभावक गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम व द्वितीय, तृतीय श्रेणी पाने वाले छात्र व छात्राओं के शील्ड, ट्रॉफी मेंडल एंव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और बच्चों के साथ आये हुए माता-पिता अविभावकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया।

इस गोष्ठी को सफल बनाने के लिए ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के कल्पना वर्मा उप प्रधानाचार्या, भानू प्रताप सिंह एकेडमिक इन्चार्ज , भाविका सिंह गीता यादव इतांशी सेगर, पूनम चतुर्वेदी , शिवनाथ सिंह, सागर सक्सेना, नीलम सिंह , मोहित सिंह , अंजुली सक्सेना, ज्योती सिंह, शैलेन्द्र सिंह , ज्योती पाठक, प्रीती शाक्य, सर्वेद्र , छवि, अंशू चौहान, अपर्णा शर्मा, विनय शुक्ला, मीरा तोमर, विशाल, आकाश गुप्ता, पारूल शाक्य, अनूप सक्सेना, कपिल भदौरिया, पूजा यादव, कौशलेन्द्र, सुप्रिया सेंगर , ज्योति शाक्य, आयुष सेंगर, शाहिल सक्सेना, हिमांशू, अभिषेक , अरूण झा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मनू यादव कक्षा 9 प्रथम, दिव्यांशी पाल कक्षा 9 द्वितीय, प्रिशी सेंगर कक्षा 9 तृतीय श्रेणी पर रहे।


कलश यात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

**अछल्दा, औरैया।** विकासखंड क्षेत्र के गांव खुमानपुर में भव्य कलश यात्रा के श्रीमद् भागवत कथा का उद्घाटन किया गया। कलश यात्रा ने गांव का भ्रमण कर महिलाएं भागवत कथा स्थल तक पहुंची। जहां कलश की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। क्षेत्र के ग्राम खुमानपुर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसके आयोजन को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने गांव के नलों व कुओं से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर गांव का भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा को रोककर दर्शन किए यह कथा सात दिनों तक चलेगी भागवत कथा के आयोजक गणेश यादव ने बताया कि कथावाचक स्वामी आचार्य अवदेश नारायण शास्त्री के ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा। इस दौरान परिक्षित मिथलेश देवी, मान सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, ब्लॉक प्रमुख शरद राना, नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण दुबे उर्फ रिंटू दुबे, अरविंद यादव, सुभाष यादव, रामवीर यादव आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**अछल्दा, औरैया।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड के परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने रविवार को महेवा मे बहेड़ा हर्बल पार्क व खितौरा मे बने जय गुरुदेव जन्मभूमि का भ्रमण किया। खंड शिक्षा अधिकारी पजगदीश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक यात्रा को सुबह नौ बजे रवाना किया। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रूचि पैदा करने के उद्देश्य से सरकारी स्तर पर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। तमाम उत्साही अध्यापक भी अपने स्तर से विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करते हुए कान्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। विद्यालयों के अध्यापकों व प्रधानाध्यापक की अगुवाई में बच्चों को प्राकृतिक तत्वों व वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से बहेड़ा हर्बल पार्क व जय गुरुदेव जन्मभूमि की सैर कराई गई। उनका कहना था कि ऐसी यात्रा से बच्चे किताबी तनाव से मुक्त होते हैं। इसके अलावा जिन तथ्यों को वह किताब में देखते है उन्हे प्रत्यक्ष रूप से देखने से उनकी रूचि भी जागृत होती है।

# बार महामंत्री की मांग पर पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया


आर्यनगर वार्ड का निरीक्षण करते नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन औरैया के महामंत्री की औरैया नगर के वार्ड आर्यनगर में जलभराव से निजात के लिए जल निकास नाली बनवाने व खराब सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग पर पालिकाध्यक्ष ने रविवार को बरसते पानी में मौके पर निरीक्षण कर जल्द समस्या के निराकरण का भरोसा दिया। जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री शैलेश कुमार चतुर्वेदी पप्पल द्वारा औरैया शहर के वार्ड नंबर आर्यनगर में जल भराव की समस्या के साथ खराब सड़क की बदहाली से निजात दिलाए जाने की मांग की गई जिस पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि कुलदीप राजपूत आदि ने रविवार को बरसते पानी के बीच वार्ड में समस्याओं का निरीक्षण किया और जल्द जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के साथ सभी समस्याओं के निराकरण का भी भरोसा दिया। पालिकाध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि खराब सड़क व जल भराव की समस्या का बहुत जल्द निस्तारण करा दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष के आश्वासन पर जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री शैलेश कुमार चतुर्वेदी ने उन्हें धन्यवाद दिया। इस मौके पर सभासद रिंकी राजपूत, अधिवक्ता शिवम शर्मा, अनुराग त्रिपाठी, सोनू चतुर्वेदी आदि प्रमुख लोग लोगों के साथ वार्ड के बाशिंदे मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव

भाजपा से तीसरी बार सांसदी का टिकट मिलने पर समर्थकों ने जताया हर्ष

# भोले सिंह ने केवलाधाम में की पूजा -अर्चना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सहायल क्षेत्र के श्री केवलानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नवीमोहन बेल्हूपुर में स्थिति केवलानंद धाम में तीसरी बार टिकट फाइनल होने पर अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने पूजन अर्चन किया।

पूजन अर्चन करने के बाद सांसद देवेंद्र सिंह भोले का विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार अग्निहोत्री , विद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास सिंह गौर,श्यामू सिंह राजावत ,रमेश सिंह भदोरिया, ग्राम प्रधान बेल्हूपुर संतोष राठौर एवं क्षेत्र के सभी सम्मानित पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारियो ने मालार्पण कर किया ।वही केवलाधाम में भोले भैया को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की सभी कार्यकर्ता ने प्रार्थना कर कामना की कि चुनाव बाद भोले भैया का एक मंत्री के रूप में स्वागत करने का अवसर प्राप्त हो ।

### सांसद भोले के कंचौसी पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत


समर्थकों के साथ मौजूद सांसद देवेंद्र सिंह भोले । अमृत विचार

**कंचौसी, औरैया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अकबरपुर कानपुर लोक सभा से सांसद देवेन्द्र सिह भोले को पुन : प्रत्याशी बनाये जाने के बाद रविवार को सांसद भोले जैसे ही कस्बे मे पहुंचे। भाजपा कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया। इससे पूर्व सांसद भोले ने अपने पिता स्व. दर्शन सिंह व माता स्व. कनक रानी की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेक कर प्रणाम किया। कुछ क्षण के लिये सांसद भावुक हो गये । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझे पुन: कानपुर नगर देहात की सेवा करने का जो अवसर दिया है। उसमे आप सभी का बहुत बडा योगदान है। आगामी लोकसभा चुनाव मे सबका साथ सबका विकास के साथ लग कर सहयोग करें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजू, संतोष तिवारी, ब्लाक प्रमुख आकाश सिंह रिषी, दीपक सिंह, नारद सिंह, हाकिम सिंह, राम जी मिश्रा, जय प्रकाश शुक्ला मौजूद रहे।

# कोतवाल व एलआईयू इंस्पेक्टर हुए निलंबित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शक्ति प्रदर्शन करने के मामले में एसपी ने की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोगों द्वारा एक शक्ति प्रदर्शन करते हुए वाहन रैली निकाली गई थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने एलआईयू इंस्पेक्टर एवं कोतवाली प्रभारी को निलंबित कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान मे लेते हुए बताया कि ओम प्रकाश ओझा जिला महासचिव सपा के द्वारा 2 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक की कार्यकर्ता बैठक के संबंध में एक अनुमति प्राप्त की गई थी। जिसके संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से एक रील जो कि वायरल हुई। उसका संज्ञान लिया गया। इसके संबंध में जानकारी हुई कि कुछ लोगों के द्वारा 15-20 गाड़ियों से हाईवे और भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस कार्यकर्ता बैठक से पूर्व एक रैलीनुमा निकाली गई। इन सबके संबंध में समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। क्योंकि यह प्रकरण कल का है और इसका संज्ञान कोतवाली थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा और इंस्पेक्टर एलआईयू निर्दोष दीक्षित को था। परंतु उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की सूचना भी नहीं दी। इसी के चलते एसपी ने कोतवाली प्रभारी व एलआईयू इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।



स्मार्ट फोन वितरित करते प्रबंधक। अमृत विचार

### स्मार्ट फोन पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएं

**औरैया।** सहार विकास खंड की ग्राम पंचायत असेनी से सटे गांव बर्रू फफूंद स्थित गायत्री महाविद्यालय में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी ने डायरेक्टर अनुज कुमार चतुर्वेदी के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से छात्र- छात्राओ के लिए चलाई जा रही स्मार्ट फोन एवं टैबलेट वितरण योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी है। जिससे यूवाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छात्र- छात्राओं को लैपटॉप और मोबाइल वितरण किए गए हैं। इसका सही उपयोग करें। प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया। इसके पूर्व छात्रों ने मां सरस्वती वंदना कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विनय यादव, वी.के सिंह, अमित, आलोक, आशीष, रविन्द्र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गाय खरीद के लिए संपर्क करेंगे अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** 18 मंडलीय जिलों में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना से लाभान्वित किया जाएगा। चयन की प्रकिया पूरी होने पर अब पशु पालकों को दो गाय की इकाई लगाने के लिए दो-दो लाख रुपये मिलेंगे। दुग्ध विकास के मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने उप दुग्धशाला विकास अधिकारी को लाभार्थियों से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

### सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ आज करेंगे मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सूखे की निगरानी, आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि व धनहानि को कम करने के लिए विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसके लिए 4 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।



प्रधानमंत्री के आजमगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों व निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

## आजमगढ़ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजमगढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आजमगढ़ पहुंचकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर बाद आजमगढ़ पहुंचे। इस दौरान सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मंदुरी एयरपोर्ट पर होने वाले प्रधानमंत्री के संभावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बैठक कर उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम में जिले में 10 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण को लेकर तैयारी पहले से ही करा ली जाय। साथ ही प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाकर युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# फसल नुकसान पर छह हजार से ज्यादा किसानों का दावा

## कृषि निदेशालय से 10 दिन में सर्वे कर मांगी रिपोर्ट, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोल फ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए।

दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं और 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी।

### नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

### इन नंबरों पर करें दावा

- 14447
- 1800-8896-868

"बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है, किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

**-उमा शंकर सिंह,** उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय

# बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

## डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा निवेश, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए



रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

**बागपत में भी बनासकांठा के प्लांट से हजारों रोजगार होंगे सृजित :** दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

### गोंडा, बरेली व शाहजहांपुर में आएंगी नौकरियों की बहार

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपये की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपये से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो 1 हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपये, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपये, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपये और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

### ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

| कंपनी | निवेश |
|---|---|
| इंडिया डेयरी मेरठ | 200 करोड़ |
| गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर | 172 करोड़ |
| आनंदा डेयरी हापुड़, | 150 करोड़ |
| आरएम डेयरी अलीगढ़, | 150 करोड़ |
| मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज | 150 करोड़ |
| माया मिल्क फूड इटावा, | 150 करोड़ |
| टेस्टी डेयरी कानपुर देहात | 110 करोड़ |

# कांग्रेस को गठबंधन में मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव
- श्रावस्ती से सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से नसीमुद्दीन को लड़ाने की चर्चा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

**रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना :** अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

### इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

# यादव समाज की अपनी पहचान, इनका कोई ठेकेदार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रविवार को राजधानी पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यादव समाज का कोई ठेकेदार नहीं हैं, समाज की अपनी पहचान है। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, दर्द होता है तो होता रहे यादव समाज जब भी उप्र. में बुलाएगा वह आते रहेंगे।

यादव समाज की ओर से रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ आयोजित किया गया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यादव समाज के एक गरीब परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। जबकि उनके विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज के पांच सौ वोट भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राजनीतिक दल के लिए यह सबक है, अब यादव समाज किसी परिवार के परिवारवाद को स्वीकार नहीं करेगा।

मप्र. के मुख्यमंत्री ने समाज में युवाओं को शिक्षा पर खास ध्यान की आवश्यकता जताई, कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी शिक्षा का महत्व समझा था। मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कई संघर्ष किए और परीक्षाएं दी। लेकिन ना तो वह कभी झुके न ही किसी परीक्षा में फेल हुए। उन्होंने कहा कि उसी तरह सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जो नारा देती है उसे पूरा करती है। अयोध्या में पांच सौ वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है।

महाकुंभ के आयोजक एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार मनीष यादव ने कहा कि सैफई परिवार ने वोट बैंक के लिए यादव समाज का शोषण किया। मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद के अलावा किसी अन्य जिले के यादव समाज का उत्थान नहीं किया। उन्होंने कहा अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट बैंक बचाने के लिए कभी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में कोई बात नहीं की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित यादव समाज के नेता मौजूद रहे।



लखनऊ में बिजनौर रोड स्थित गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ रैली के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

- मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा प्रमुख का नाम लिए बिना किया कटाक्ष

### भाजपा मुख्यालय में डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में रविवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, सदस्य राज्यसभा संगीता यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, बसंत त्यागी, शंकर लोधी ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रवाद के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है, जिसमे परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, जिसके परिवार में किसी ने राजनीति नहीं की और मुझें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया है। किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी पद पर पहुंचना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने स्वयं को उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आजमगढ़ से मध्य प्रदेश गए थे। इससे पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेगें।

## गौरव चौहान को मिलेगा पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर आठ मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें प्रख्यात साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। आयोजन सीतापुर रोड स्थित खदरा के शिव नगर पार्क में होगा।

संस्था के संस्थापक पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि औरैया के अजय अंजाम को पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ. रमेश रस्तोगी सम्मान दिया जायेगा। कवि सम्मेलन में कमल आग्नेय (दिल्ली), साक्षी तिवारी (प्रतापगढ़), नवल सुधांशु (लखीमपुर) और सर्वेश अस्थाना (लखनऊ) काव्यपाठ करेंगे। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को मुख्य अतिथि और विधायक पंकज सिंह व नीरज बोरा को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।


## वर्ग पहेली-361

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



### वर्ग पहेली - 360 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## सुडोकू -78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |

### सुडोकू - 77 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**वृष** — आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

**मिथुन** — आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

**कर्क** — आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह** — आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

**वृश्चिक** — आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

**धनु** — आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

**मकर** — आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

**कुंभ** — आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**मीन** — आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आखरी गुलाम — सुबह : 09.44
- अलीबाबा मरजीना — रात : 07.11

StarGold SELECT
- चरित्रहीन — सुबह : 11.00
- द गाजी अटैक — रात : 09.00

SONY PIX
- जुमांजी — सुबह : 09.46
- घोस्टबस्टर्स — रात : 08.50

ZEE CINEMA
- कॉर्पोरेट — सुबह : 10.30
- मौसम — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- जानी दुश्मन — सुबह : 10.58
- एसीपी शिवा — रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

## एक नजर

### बारिश से फसल हुई चौपट

**महेवा, इटावा।** क्षेत्र में हुई अनवरत बारिश व तेज हवाओं के चलते किसानों के खेतों में फसल चौपट हो गई। रविवार को भी बारिश रुक रुक कर होती रही। किसानों की खेतों में खड़ी गेहूं, चना, आलू, सरसों की फसल को सबसे बड़ा नुकसान हुआ। यतेंद्र दोहरे, हरिश्चंद्र पाल, रामाधार पाल, राजीव ने बताया कि बारिश से फसलों को नुकसान है।

### मां की गैरइरादतन हत्या में बेटा गिरफ्तार

**भरथना, इटावा।** नगर के मोहल्ला गांधी नगर में संदिग्ध हालात में बेवा की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर गैरइरादतन हत्या में दर्ज किया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में रेलवे गेट के पास से आरोपी मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाले हर्ष उर्फ कानू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अपनी मां ऊषा देवी (52) पत्नी स्वर्गीय कृष्ण कुमार के साथ एक मार्च को झगड़ा करने के दौरान चोट लगने से मौत होने का आरोप लगाते हुए मृतका के भतीजे जितेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# कार सवारों ने महिला से की टप्पेबाजी

## टप्पेबाजों ने गांव छोड़ने की बात कह कार में बैठाया, जेवरों से भरा बैग ले उड़े कार सवार

संवाददाता, बिधूना, औरैया



रोती-बिलखती पीड़ित महिला।

**अमृत विचार।** कानपुर से लौटकर वापस अपने गांव जा रही महिला के साथ कार सवार दो युवकों ने महिला से गांव छोड़ने की बात कहकर टप्पेबाजी की। टप्पेबाजों ने महिला को गांव छोड़ने की बात कहकर बिधूना के किशनी बस स्टैंड से कार में बैठाया। जिसके बाद बहाना बना रठगांव में महिला को कार से नीचे उतार उसका बैग लेकर फरार हो गये। महिला के अनुसार बैग में सोने चांदी जेवरात समेत 20 हजार रुपये के अलावा कपड़े भी रखे थे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भटौली निवासी प्रेमवती पत्नी ब्रह्मपाल सिंह किसी काम से कानपुर गयीं थी। जहां से वह रविवार को दिन में करीब 2:30 बजे बिधूना पहुंची थी। बिधूना पहुंचने के बाद वह अपने गांव जाने के लिए किशनी रोड़ बस अड्डा पहुंची थी कि तभी कार सवार दो युवक आये जिन्होंने महिला से बातचीत की और कार से गांव भटौली छोड़ने की बात कहते हुए उन्हें कार में बैठा लिया। महिला के साथ एक बैग भी था जिसे युवकों ने कार में रख लिया। पीड़ित महिला प्रेमकांती ने बताया कि बिधूना से करीब दो किलोमीटर आगे रठगांव पहुंचने पर युवकों ने उसे यह कहते हुए कार से उतार दिया कि स्कूल में कुछ सामान देना है। अभी लौटकर आ रहे हैं तब उसे उसके गांव छोड़ देंगे। बताया कि बैग कार में ही रखा रहा। महिला ने बताया कि उसके बाद युवक कार सहित गायब हो गये और वह वापस ही नहीं आये। जिसके बाद महिला ने राहगीरों व आसपास मौजूद रठगांव के लोग इस बारे में बताया और मोबाइल फोन मांग कर परिजनों को जानकारी दी। जिन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। महिला ने बताया कि बैग में उसकी सोने की जंजीर, दो अंगूठी, दो मोबाइल, करीब 20 हजार रुपये के अलावा कपड़े आदि रखे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से घटना की जानकारी ली। जिसके बाद पुलिस महिला को कोतवाली ले गयी। महिला के बड़े पुत्र विपिन ने बताया कि उनकी माता कानपुर से लौट रहीं थीं। बिधूना बस अड्डा से दो युवकों ने उन्हें गांव छोड़ने की बात कह कार में बैठा लिया था। जिसके बाद रठगांव के उन्हें उतार कर बैग लेकर भाग गये। महिला के दामाद सनोज ने बताया कि वह रठगांव से निकल रहे थे भीड़ देखी तो रूक गया, देखा तो उनकी सास खड़ी थीं, जिनसे टप्पेबाजी हुई।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### पुलिया से टकरा कर पलटी पिकअप, बचा चालक

अछल्दा। थानाक्षेत्र के बझेरा गांव के पास से आलू से भरी एक पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 79 टी 3837 बझेरा गांव निकलकर बम्बा की बनी पुलिया से अनियंत्रित होकर जा टकराई ओर खेत में पलट गई। पिकअप चालक ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई। चालक आसिफ ने बताया कि रुरुगंज से आलू लादकर औरैया जा रहा था तभी गांव के एक मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में पिकअप पलट गई।

## सार-संक्षेप



वाटर कूलर का लोकार्पण करते शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

### शिवपाल सिंह यादव ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**जसवंतनगर, इटावा।** नवीन गल्ला मंडी परिसर में क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के पिता स्वर्गीय जवाहरलाल गुप्ता की स्मृति में वाटर कूलर का उद्घाटन कर व्यापारियों और किसानों को समर्पित किया। इस मौके पर डीसीबी के चेयरमैन आदित्य यादव, आलोक दीक्षित समेत तमाम नेता मौजूद रहे।

### नौ को होने वाली लोक अदालत के संदर्भ में हुई बैठक

**संवाददाता, इटावा।** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नौ मार्च को होनी वाली लोग अदालत को लेकर जिला जज की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में पांच छह व सात मार्च को लघु लोक अदालतें लगाकर अधिक से अधिक वादों को निपटाने पर चर्चा हुई। लघु अदालतों में ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण की अपील की गई।
विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत प्रीट्रायल बैठक का आयोजन कर उन्हे दीवानी फौजदारी के सुलह समझौते से निस्तारित हो सकने वाले एवं पारिवारिक, आपराधिक वाद के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु नोटिस तामील आदि में सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर नोडल अधिकारी कुमार प्रशांत के अलावा सिविल जज प्रिया सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** पेंट व्यापारी की दुकान में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा।

थाना बकेवर क्षेत्र में कस्बा महेवा में रहने वाले हरी चौबे अपनी दुकान व मकान का निर्माण कार्य होने से कुछ महीनों से पास में ही मनीष दीक्षित की दुकान किराये पर लिए थे। रविवार सुबह पांच बजे बिजली शार्ट सर्किट से अचानक दुकान में आग लग गयी जिससे दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत का पेंट जलकर राख हो गया। सूचना पर चौकी प्रभारी महेवा मोहनवीर सिंह चौधरी फोर्स सहित आए ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझ नहीं रही थी, सूचना पर फायर ब्रिगेड की दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार करके तहसील कार्यालय व बिजली विभाग को प्रेषित की। लोगों ने व्यापारी को नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा देने की मांग की है।

### करंट लगने से किशोर घायल, भर्ती

**बकेवर, इटावा।** लखना मार्ग स्थित चन्द्रपुरा रजवाह के पास नवनिर्मित मकान के तलघर से पानी निकालते समय एक संविदा बिजली कर्मी के 15 वर्षीय बालक को करंट लग गया। उसकी चीख पुकार सुनकर राहगीर व आसपड़ोस के लोगों ने बिजली कटवाकर उसे बाहर निकाला। जिसका बकेवर के निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। कस्बा बकेवर के गांधीनगर निवासी संविदा विजली कर्मी देवेन्द्र नारायण उर्फ बंटी का 15 वर्षीय पुत्र कपिश अपने दोस्त के साथ लखना रोड स्थित चन्द्रपुरा रजवाह के किनारे बने मकान के तलघर में बारिश से भरे पानी को निकाल रहा था कि तभी अचानक उसके करंट लग गया। उसकी चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने पहले बिजली घर से बिजली कटवाई उसके बाद उसे बाहर निकालकर बकेवर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां हालत में सुधार बताया जा रहा है।



### सात घंटे बाधित रहेगी बिजली सप्लाई

इटावा। 4 मार्च को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न 3 व 5 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित मोहल्ला वसुंधरा कॉलोनी, मुन्नी का अड्डा शिवा कॉलोनी और शांति कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी जेई विनयशील ने दी है।

### करंट से गोवंश की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** मोहल्ला कैस्त में सड़क के किनारे खुली जगह में लगे बिजली ट्रांसफार्मर के तारों की चपेट में आने से एक गोवंश की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने बताया कि कैस्त में खाली पड़े गंदे तालाब की जगह में नगर से लाया गया कूड़ा करकट डाल दिया जाता है। इसी ट्रांसफार्मर के पास से सरकारी कोटेदार ट्रकों में लोडिंग करते है। जिससे वहां आसपास गल्ला फैल जाने के कारण छुट्टा जानवरों का भी जमावड़ा रहता है। सड़क के किनारे पर लगे बिजली ट्रान्सफार्मर के बिजली तार जमीन पर फैले हुए होने के कारण गोवंश उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

## 33 नेत्र रोगियों को आपरेशन के लिए किया चिह्नित

**भरथना, इटावा।** जिला अंधता निवारण समिति इटावा के सौजन्य से स्व. रामस्वरूप चौरसिया की स्मृति में लायन्स क्लब भरथना के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

पागल बाबा मन्दिर के सामने स्थित श्री राज राजेश्वरी मैरिज होम में आयोजित शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, एमजेएफ लॉयन राममनोहर पोरवाल और सुधा पांडेय ने किया। नेत्र परीक्षक डॉ. केसी अग्निहोत्री की देखरेख में 86 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें 33 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गये। जिन्हें डा जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय सर्वोदय नगर कानपुर के लिए रवाना किया गया।

### विकास योजनाओं पर काम हुआ तेज

**बकेवर, इटावा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की संभावना देखते हुए सांसद, विधायक निधि से सौर ऊर्जा की लाइटों का काम तेजी से चल रहा है। बकेवर लखना सहित देहात क्षेत्र में जबरदस्त लाइटें लगाई जा रही हैं। आचार संहिता लागू हो गयी तो फिर नया काम शुरु नहीं होगा। यही कारण है कि इन दिनों प्रमुख विभागों में अवशेष पड़ी धनराशि को खर्च करने की कवायद चल रही है।

# गोवंश के शव को बिना पोस्टमार्टम के गड्ढे में डाला

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- अधिशाषी अधिकारी ने लापरवाह नगर पंचायत कर्मीयों पर की कड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** कस्बे की नगर पंचायत की गौशाला में बीमार चल रहे दो गौवंश की शनिवार रात मृत्यु हो गई। गौशाला का चार्ज देख रहे कर्मी ने ईओ और पशु चिकित्सा अधिकारी को बिना बताए उन्हे आनन फानन ट्रैक्टर ट्राली में लादकर एक गड्ढे में डलवा दिया। हिंदू युवा मोर्चा संघ प्रदेश अध्यक्ष ने आक्रोश जाहिर करते हुए घटना का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद पशु चिकित्सक ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम करके गोवंश को दफन कराया घटना को लेकर बाहर गए अधिशाषी अधिकारी भी दोपहर को मौके पर पहुंचकर कड़ी कार्यवाही करते हुए दो कर्मचारियों को नोटिस देकर उनके निलंबन की कार्यवाही की है।



मौके पर मौजूद पशु चिकत्सक, लेखपाल और हिंदू युवा मोर्चा के कार्यकर्ता।

नगर पंचायत की गोशाला मे दो गोवंश कई दिनों से बीमार थे पशु चिकित्सक द्वारा उनका इलाज भी किया जा रहा था। शनिवार रात दोनों गोवंश की मृत्यु हो गई सुबह गौ सेवक का कार्य संभाले कर्मीयों ने अधिशाषी अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी से गौवंश की मृत्यु को छिपाते हुए आनन फानन दो कर्मियों के साथ मिलकर उन्हें ट्रेक्टर ट्राली पर रखवा कर तिराहा मुरादगंज पर एक गड्ढे में डलवा दिया। जानकारी पर हिंदू युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा भी पहुंच गए और नगर पंचायत कर्मियों की लापरवाही पर आक्रोश जाहिर करते हुए उच्च अधिकारियों को बताया उन्होंने इसका वीडियो भी बनाकर शोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जानकारी होते ही राजस्व लेखपाल अंकित कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुरुद्ध कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोवंश का पोस्टमार्टम कराकर उन्हे गड्ढे में दफनाया। नगर पंचायत कर्मियों की लापरवाही पर अधिशाषी अधिकारी डा.विनय शुक्ला ने बताया की गोवंशो की देखरेख में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी दो गोवंश की बीमारी से मृत्यु हुई है। पशु चिकित्सा अधिकारी भाग्यनगर डॉ. ब्रजभूषण सिंह ने बताया की गोवंश कई दिनों से बीमार थे वो उनका इलाज भी कर रहे थे जिनकी मृत्यु की गो सेवकों ने उन्हे सूचना नही दी उन पर कड़ी कार्यवाही के लिए अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजेंगे।

## शिक्षक काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आव्हान पर बिना संसाधन के जबरन डिजिटलाइजेशन का जनपद के लगभग सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पांच मार्च तक हाथ में काली पट्टी बांधकर अपने अपने विद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने कहा बिना संसाधनों के उपलब्ध कराये शिक्षक जबरन कोई भी टेबलेट पर कार्य नही करेंगें। प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक ने कहा लंबे समय से 18 सूत्रीय समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे पांच मार्च तक सभी शिक्षक हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। मंजू यादव ने कहा समाधान न होने पर 11 मार्च को बीएसए कार्यालय में घरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# संपर्क मार्ग न बनने से मतदान का बहिष्कार

संवाददाता बकेवर, इटावा

- नगला फतेह के ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**अमृत विचार।** महेवा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवादा खुर्दकला के मजरा ग्राम नगला फतेह में लवेदी नवादा मार्ग से संपर्क मार्ग न बनने से जलभराव के कारण ग्रामीणों को पानी में घुसकर आना जाना पड़ता है। इस बार सभी ग्रामवासी 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

सरकार द्वारा सभी गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी इटावा जनपद के ब्लॉक महेवा थाना लवेदी के निकट गांव नगला फतेह को आज भी मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। गांव से मुख्य मार्ग की दूरी लगभग 250 मीटर है। ग्रामीणों ने बताया की कई बार शासन, प्रशासन से मांग करने के बावजूद भी हमारी परेशानी को अनदेखा किया गया। इसलिए इस बार सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर रास्ता न बन पाने के विरोध में लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का एलान किया है। इसके साथ ही अनिश्चिकालीन भूख हड़ताल करने को भी कहा है। मांग करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य जे डी दोहरे, संजू दोहरे, प्रेमचंद, शिवराम, बारेलाल, शिवनाथ,विनोद रहे।

# सियासत : भाजपा के बाद अब सपा बसपा में प्रत्याशी चयन पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ऐन वक्त पर मास्टर स्ट्रोक भी खेल सकती है सपा

**अमृत विचार।** भाजपा से सांसद डा रामशंकर कठेरिया को फिर से लोकसभा चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिलने के बाद अब सपा, बसपा में भी प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन तेज हो गया है।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गृह जनपद की संसदीय सीट सपा और भाजपा के लिए प्रतिष्ठापूर्वक संघर्ष की साक्षी बनेगी। अभी तक सपा का प्रत्याशी पहले घोषित हुआ करता था भाजपा का बाद में। इस बार भाजपा इस मामले में आगे हो गई है। सपा में अभी कई नामों की चर्चा चल रही है। अब साइकिल सवार पर सबकी निगाहें टिकी हैं। वहीं बसपा भी खामोशी से अपनी रणनीति बनाने में जुटी है।

डा रामशंकर कठेरिया ने वर्ष 2019 का चुनाव इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट से लड़ा। वे प्रतिष्ठापूर्वक मुकाबले में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी कमलेश कठेरिया को पराजित कर लोकसभा में पहुंचे। इस बार उनके सामने टिकट को लेकर कोई खास चुनौती नहीं थी। पार्टी हाईकमान ने इटावा की सीट पर कोई रिस्क लेने के बजाया डा कठेरिया पर ही विश्वास जताना मुफीद समझा। पहली सूची में ही उनका नाम फाइनल कर दिया गया। अब बारी सपा की है। सपा में इस बार पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, कमलेश कठेरिया, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम, शंभूदयाल दोहरे, जितेंद्र दोहरे के नाम चर्चाओं में हैं। इसके अलावा एक और चर्चा तेजी से चल रही है कि सपा ऐन वक्त पर भाजपा से ही किसी को तोड़कर चुनाव मैदान में उतारकर सबको चौंका सकती है। सपा के इस मास्टर स्ट्रोक को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं चल रहीं हैं। इटावा की सीट सपा के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस सीट को फिर से अपना परचम फहराने में सपा कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

वहीं बसपा खेमे में अभी बड़ी शांति है। बसपा ऐन वक्त पर किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। वैसे आने वाला चुनाव राजनैतिक जोड़तोड़ के हिसाब से काफी दिलचस्प होने वाला है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1783 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 01/03/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री खूबचन्द्र पुत्र मोहनलाल | श्री दशरथ उर्फ दशरथ प्रसाद पुत्र मिखुवा उर्फ रामसेवक | दीवानपुरा –1 | 13 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर



## इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई–नीलामी

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : 10/379 रमेणी (तरौंस) हमीरपुर, उत्तर प्रदेश– 210301

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक) अंचल कार्यालय : 10/379 रमेणी (तरौंस) हमीरपुर, उत्तर प्रदेश– 210301 शाखा द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्बंधित ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 20.03.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. सं. | ऋणी/शाखा का नाम | सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम | बैंक की दावा राशि | सम्पत्ति का विवरण | रिजर्व प्राइस धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी : मेसर्स श्री साई कंस्ट्रक्शन,** कार्यालय का पता – हरि सिंह थोक, मटौंध, बांदा–210001, पार्टनर और गारंटर: 1. श्री विजय बुधोलिया पुत्र जयशंकर प्रसाद, आवास का पता: 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र.–210427 2. आशीष त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी, आवास का पता: अचरन थोक, मटौंध, बांदा–210001 गारंटर: श्री विनोद कुमार बुधौलिया पुत्र जयशंकर बुधौलिया, आवास का पता: 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र.–210427 शाखा: सिविल लाइंस, बांदा | श्री विजय बुधोलिया पुत्र जयशंकर प्रसाद, आवास का पता: 502 सिंह भवानी मंदिर के पास, समद नगर, बड़ी हाट, महोबा, उ.प्र. –210427 | बकाया धनराशि रू. 56,64,226.00 तिथि 02.05.2023 को तथा ब्याज एवं लागत शुल्क तथा खर्चे वसूली की तिथि से 03.05.2023 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन सम्पत्ति जो मकान सं. 976, वार्ड सं. 06 बजरंग नगर, महोबा पर स्थित है। श्री विजय बुधोलिया के नाम है। क्षेत्रफल 62.75 वर्ग मी. चौहद्दी पूर्व : 15 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिम: श्री धमेन्द्र शुक्ला का मकान, उत्तर: विक्रेता का मकान, दक्षिण : चतुर सिंह का मकान सम्पत्ति आईडी सं. : IDIB30204648265 | रू. 24.72 लाख<br>रू. 2.48 लाख<br>बैंक को ज्ञात भार का विवरण —— |

ई.एम.डी. राशि के साथ प्रोसेस कम्लायंस फार्म जमा करने की अंतिम तारीख व समय – 19.03.2024 सुबह 11 बजे तक एवं नीलामी की तारीख व समय – 20.03.2024, प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक आसीमित विस्तार के साथ, बोली वृद्धि राशि रू. 10000/–

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए सम्पर्क करें:– रजनीश कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. सं. 9097274267 ई–मेल zohamirpur@indianbank.co.in

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए कृपया विजिट करें
1. www.indianbank.co.in
2. https://www.ibapi.in
3. https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi

बोलीकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन बोली मे भाग लेने के लिए हमारे ई–आक्सन सर्विस प्रोवाइडर MSTC लि. की बेवसाइट www.mstcecommerce.com पर विजिट करें। तकनीकी सहायता के लिए कृपया MSTC हेल्पडेस्क नं. 033–22901004 पर कॉल करे और अन्य हेल्प लाइन नं. सर्विस प्रोवाइडर के हेल्पडेस्क मे उपलब्ध है। MSTC लि. के साथ रजिस्ट्रेशन स्थित देखने के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर विजिट करें और EMD की स्थित देखने के लिए ibapifin@mstcecommerce.com. पर विजिट करें। सम्पत्ति के विवरण, फोटोग्राफ और विक्रय के नियम व शर्तें के लिए कृपया visit: https://ibapi.in पर विजिट करें और पोर्टल से सम्बध्ति स्पष्टीकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 18001025026 एवं 011–41106131 पर सम्पर्क करें।

कारपोरेट ऑफिस: अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई – 600014

दिनांक : 04.03.2024 स्थान : हमीरपुर प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक



## कार्यालय ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड–गोहांड (हमीरपुर)

पत्रांक–/ विज्ञप्ति /2023–24 दिनांक 29–02–2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग– ग्रामीण अभियंत्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ 15वां वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमखुरी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किए जाते है। जो दिनांक 09/03/24 को अपराह्न 03: 00 बजे तक ग्राम पंचायत जमखुरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 29/02/2024 से 09/03/2024 कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/कुटेशन को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | निविदा का मूल्य+ टीटी | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | किशोरी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.81 लाख रु0 | 225+41 रु0 | 3 माह |
| 02 | मनरेगा | चेतराम के खलिहान से अर्जुन के खलिहान तक रोक दीवार निर्माण कार्य | 7.329 लाख रु0 | 500+90 रु0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
6. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एस0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जाएगी।
7. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**प्रधान** ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)
**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)



## कार्यालय ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड–गोहांड (हमीरपुर)

पत्रांक–/ विज्ञप्ति /2023–24 दिनांक 29–02–2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग– ग्रामीण अभियंत्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ 15वां वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमखुरी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किए जाते है। जो दिनांक 09/03/24 को अपराह्न 03: 00 बजे तक ग्राम पंचायत जमखुरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 29/02/2024 से 09/03/2024 कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/कुटेशन को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | निविदा का मूल्य+ टीटी | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | कमला के बाड़े से मतीन के बाड़े तक रोक दीवार निर्माण | 5.538 लाख रु0 | 500+90 रु0 | 3 माह |
| 02 | मनरेगा | रूपसिंह के खेत के पास पुलिया निर्माण | 1.81 लाख रु0 | 225+41 रु0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
6. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एस0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जाएगी।
7. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**प्रधान** ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)
**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

महात्मा गांधी की पोशाक में विरोध-प्रदर्शन...



महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना मंच में हिस्सा लेता हुआ। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।


# मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग



'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

### नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटीः राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

### एक नजर

#### मणिपुर हिंसाः सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

#### वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

## दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

## मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

## सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी

मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय



नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

## विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों,



नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

#### एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

**नई दिल्ली।** पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

## चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

### प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

### हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमताः वैष्णव



वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने



को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

### एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

## सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

## भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश



में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

## बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि ही, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

# किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता





*मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।*

### भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।




# बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।




जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

### 15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

## एक नजर

### पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ः एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

### गाजाः मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

### मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

**मंबई।** शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

# हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर

## पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामाबाद, एजेंसी


पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाईब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे।

प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज ने अपने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया।

शहबाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं।

नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी।

पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था। बता दें कि पाकिस्तानी संसद में रविवार को पीएम के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। शहबाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर 100 वोटों से अधिक की बढ़त हासिल की।



**शहबाज का सियासी सफर**

| | | |
|---|---|---|
| 1988 | 1990 | विधायक |
| 1990 | 1993 | सांसद |
| 1993 | 1996 | विस में विपक्ष के नेता |
| 1997 | 1999 | पंजाब सीएम |
| 2008 | 2013 | पंजाब सीएम |
| 2013 | 2018 | पंजाब सीएम |
| 2018 | 2022 | संसद में विपक्ष के नेता |
| 2022 | 2023 | प्रधानमंत्री |

*3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए*

### चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया।



# मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉकस चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक समर्थन दिया है।


राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोंट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।



अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

## जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच



मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी और राधिका



ईशा अंबानी

**जामनगर :** अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी के इवेंट में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि में बीमार हूं। अनंत बोले, जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। • एजेंसी

### नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख बोले-जय श्रीराम

समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा लगाया। तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंचे।



पत्नी अंजली के साथ सचिन तेंदुलकर

# चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतरः अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

### चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

# यूएईः बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।



# ओडिशाः डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जेर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

**हिदायत** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

# नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में हैं।



डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।

### खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।



### कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।



सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।